# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




श्रीनगर में खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन



खामेनेई (मृतक)



अराफी (ज्यूरिस्ट मेंबर)

## ईरान में कयामत

## दुनिया भर में तेल संकट गहराने का डर

### 24 घंटे के भीतर ईरान की सारी टॉप लीडरशिप के 40 प्रमुख लोगों का सफाया

# 30 'बमों' से इजराइल ने उड़ाए खामनेई के चीथड़े

- सुप्रीम लीडर खामेनेई की बेटी-दामाद, बहू-पोती की मौत
- ईरान के लीडरशिप काउंसिल का ज्यूरिस्ट मेंबर बने अराफी
- ट्रंप ने कहा- दुनिया के सबसे क्रूर तानाशाह का अंत
- ट्रंप ने कहा- तुरंत सरेंडर करो। इजराइल के रक्षा मंत्री ने कहा- सरेंडर करने तक स्टैंड इन पोजीशन में होते रहेंगे नॉन स्टॉप हमले

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

24 घंटे से पूरा अरब जल रहा है। अमेरिका इजराइल ने मिलकर करीब 1200 बमों व करीब 2 हजार मिसाइलों से तेहरान को मिट्टी-मिट्टी व धुआं-धुआं कर दिया है।




वहीं, ईरान ने भी 8 अरब देशों के साथ इजराइल व अमेरिका के सैन्य अड्डों पर मिसाइलें बरसाई हैं। इन हमलों में इजराइल व अमेरिका का दावा है कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई व उसके 40 प्रमुख लोगों का खात्मा कर दिया गया है। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी ▸▸ शेष पेज 4 पर, ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे।

## खामेनेई की मौत पर भारत और पाक में प्रदर्शन



पाकिस्तान के कराची में प्रदर्शन करते लोग

श्रीनगर के लाल चौक पर शनिवार को कश्मीरी शिया मुसलमानों ने जमकर प्रदर्शन किया। लाल चौक पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि यह हमला पूरी मानवता और संप्रभुता पर प्रहार है। पाकिस्तान में हिंसक प्रदर्शन हुए। पाक के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के स्कर्दू शहर में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। यहां संयुक्त राष्ट्र से जुड़े एक कार्यालय में आग लगा दी।

कराची में स्थित अमेरिकी कॉन्सुलेट में 100 से ज्यादा शिया समुदाय के लोग घुस गए। यहां तोड़फोड़ की और आगजनी की। गोलीबारी से 14 प्रदर्शनकारियों की मौत भी हो गई। आज भी प्रदर्शन का आह्वान किया गया है।

### भोपाल की करोंद मस्जिद में भी श्रद्धांजलि सभा



**भोपाल।** राजधानी की करोंद स्थित शिया मस्जिद में रविवार को जोहर की नमाज के बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए इमाम बाकर हुसैन ने कहा- पूरी दुनिया उस शख्सियत को जानती है, जिसने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और मजलूमों का साथ दिया। खामेनेई ने अपने जीवन में अत्याचार का विरोध किया और इस्लामी इंकलाब के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया।













### एयरपोर्ट्स पर हाहाकार जंग के बीच भारत में 444 उड़ानें रद



ईरान पर हुए हमले की वजह से शनिवार को 410 उड़ानें रद्द की गईं थी और कहा गया है कि रविवार को भारत 444 इंटरनेशनल उड़ानें रद्द हैं। एमिरेट्स, कतर एयरवेज समेत कई एयरलाइनों ने उड़ानें कैंसिल कीं और 1,800 से ज्यादा फ्लाइट रद्द हुईं। अरब क्षेत्र में करीब 3400 उड़ानें रद्द हैं। यात्री एयरपोर्ट पर मायूस नजर आए।

## लेकिन, बड़ा सवाल ये

- क्या खामेनेई जिंदा है? क्योंकि, कह तो नेतन्याहू व ट्रंप भी रहे हैं, ईरान की आर्मी भी कह रही है पर खामनेई के फोटो कहां हैं?
- कहीं, खामेनेई ने ट्रंप से कोई गुप्त समझौता तो नहीं किया कि वह कहीं पहाड़ों के नीचे चला जाए और उसे मरा घोषित कर दिया जाए?
- खामेनेई ने लीडरशिप से हटना मान लिया हो और तख्ता पलट को मंजूरी दे दी हो ताकि वह सालों बाद सुरक्षित प्रकट हो सके?
- क्योंकि, ईरान से खामेनेई और टॉप लीडरशिप के मारे जाने का बयान चौंकाता है, आमतौर पर ऐसा होता नहीं है कि प्रभावित देश तत्काल पुष्टि कर दे?
- ईरान में कभी भी पैदल सेना नहीं उतारी जा सकती है। क्योंकि, वह पहाड़ी इलाका है। वहां आकाशीय हमले ही संभव है। इसलिए, अमेरिका ने सबसे पहले अफगानिस्तान से पाक पर हमला करवाया। एयरस्पेस क्लीयर हुआ तो हमला कर दिया।

## इन थ्योरी से समझिए युद्ध के पीछे की हकीकत?

### क्या यह सिर्फ परमाणु हथियारों को नष्ट करने व तख्ता पलट के लिए युद्ध है?

- नहीं, यह परमाणु हथियारों को नष्ट करने व तख्ता पलट के लिए युद्ध नहीं है। यह सिर्फ दुनिया को दिखाने के लिए है।
- इसके पीछे दुनिया के देशों में हथियारों की बिक्री, पैसा बटोरने, अपने प्रभुत्व को स्थापित करने व अपनी सीमाओं की विस्तारवादी नीति प्रमुख है।
- ट्रंप ने नारा ही दिया था- ग्रेट अमेरिका, मेक अगेन। अमेरिका इसी नारे को आगे बढ़ा रहा है। साथ ही ट्रंप अपने दामाद की कंपनी में दुनिया के देशों की मनी पार्क करा रहे हैं।
- इजराइल भी अरब देशों को मिलाकर एक ग्रेटर इजराइल बनाने की कल्पना कर रहा है। इसलिए, इस बार उसने सऊदी अरब को साथ मिलाया। सऊदी अरब ईरान को अपने लिए बड़ी धमकी समझता ▸▸ शेष पेज 4 पर

## इतने सटीक टारगेटेड हमले कैसे संभव हुए?

### एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड एआई ने की मदद

इस युद्ध में टेक्नोलॉजी व इंटेलीजेंस का इस्तेमाल हुआ। ट्रंप ने एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड एआई की मदद मांगी। उसने इंकार कर दिया। ट्रंप ने उसे ब्लैक लिस्ट कर दिया। शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एंथ्रोपिक की तकनीक का इस्तेमाल पूरी तरह बंद करने वाले बयान के कुछ घंटे बाद ही रक्षा विभाग ने हमले की तैयारी के लिए क्लाउड का इस्तेमाल किया। बाद में क्लाउड एआई ने ही हमले के रूट व पैटर्न सटीक तरीके से उपलब्ध कराए। ईरान पर हमले के दौरान खुफिया जानकारी के आकलन, सटीक ठिकानों की पहचान और युद्ध के संभावित परिदृश्यों को समझने के लिए क्लाउड ▸▸ शेष पेज 4 पर







समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026

## लोक संस्कृति का सम्मान विकास का अभिनव अभियान

# कृषि कैबिनेट





अध्यक्षता
## डॉ. मोहन यादव
### मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**2 मार्च, 2026 । पूर्वाह्न 11:30 बजे । नागलवाड़ी, बड़वानी**

*वर्ष 2026 को हम किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। हमारा ध्येय कृषि को औद्योगिक गतिविधियों से जोड़कर किसानों की आय में स्थायी वृद्धि करना और कृषि को पारंपरिक उत्पादन से आगे ले जाकर अन्नदाता की समृद्धि सुनिश्चित करना है।*

*- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री*

## अन्नदाता के साथ, प्रदेश का विकास

**उड़द प्रोत्साहन योजना 2026**
उड़द किसानों को मिलेगा एमएसपी के अतिरिक्त ₹600 प्रति क्विंटल बोनस का सीधा लाभ।
लगभग 3 लाख हेक्टेयर संभावित बोनी क्षेत्र से बढ़ेगा उत्पादन एवं किसानों की आय।

**भावांतर योजना- सरसों 2026**
सरसों उत्पादन में वृद्धि को देखते हुए 15.71 लाख मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान।
फसल की सही कीमत सुनिश्चित करने हेतु भावांतर योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन**
आगामी 5 वर्षों तक निरंतरता के साथ धान, गेहूं, दलहन, मोटा अनाज एवं नगदी फसलों का विस्तार।
₹3285.49 करोड़ की स्वीकृति से खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय वृद्धि।

**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना**
पर ड्रॉप मोर क्रॉप परियोजना की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक निरंतरता स्वीकृत करते हुए ₹ 2393.97 करोड़ के प्रावधान से सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा, जल संरक्षण एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि।

**प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना**
कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु 2031 तक निरंतरता के लिए ₹2008.68 करोड़ की स्वीकृति से कृषि अधोसंरचना और नवाचार को बल।

**राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन**
प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु आगामी 5 वर्षों के लिए ₹ 1101 करोड़ के निवेश से टिकाऊ खेती और लागत में कमी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।

**राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन**
मिशन को गति देने 5 वर्ष की निरंतरता के लिए ₹1793.87 करोड़ की स्वीकृति से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में खाद्य तेल उत्पादन में वृद्धि को मिलेगा बल।

**चना, मसूर एवं तुअर का उपार्जन**
दलहन किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित करने की पहल, प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित।

# होली पर्व की हार्दिक मंगलकामनाएं

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

D-11215/25
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026

भोपाल
सोमवार, 2 मार्च 2026
पूर्णिमा-14
वर्ष : 12, अंक : 331
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यूून. 17

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

11 दुबई हवाई अड्डे पर सिंधू व कोच...



विचार पेज
06 ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चिंताएं

haribhoomi.com

## 3 मार्च को चंद्रग्रहण और 4 मार्च को रंग उत्सव और चल समारोह

# भ्रम में मत रहिए...आज रात 12:50 बजे से 2:02 बजे तक 'होलिका दहन' कीजिए

चंद्रग्रहण सुबह 9.14 मिनट से शुरू होकर शाम 7 बजकर 2 मिनट तक रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस साल होली की तारीख को लेकर लोगों में थोड़ी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ लोग जहां 2 मार्च सोमवार को तो कुछ लोग 3 मार्च को होलिका दहन करने की बात कह रहे हैं।

राजधानी के पंडितों के अनुसार 2 मार्च को ही होलिका दहन करना सही रहेगा। पंडित विवेक शर्मा ने के अनुसार इस साल होलिका पूजन और दहन सोमवार की रात को किया जाएगा। वहीं, रंगभरी होली 4 मार्च बुधवार को मनाई जाएगी। दरअसल 2 मार्च सोमवार को पूर्णिमा तिथि पंचांग





के अनुसार सुबह 6 बजकर 16 मिनट पर सूर्योदय होगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण भी लगेगा, जो सुबह 9.14 मिनट से शुरू होकर शाम 7 बजकर 2 मिनट तक रहेगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा। ग्रहण का सूतक काल सुबह 6 बजकर 20 मिनट से शुरू हो जाएगा। इसी कारण 3 मार्च को रंग खेलने की परंपरा नहीं होगी और 4 मार्च को रंगभरी होली मनाई जाएगी। 2 मार्च की शाम 5:18 बजे से 3 मार्च की सुबह 4:56 बजे तक भद्रा रहेगा। शास्त्रों के अनुसार भद्रा काल में होलिका दहन वर्जित माना गया है। हालांकि यदि पूरी रात भद्रा हो तो उसके पुच्छ भाग में दहन करना शुभ माना जाता है। इस वर्ष भद्रा का पुच्छ भाग रात 12:50 बजे से 2:02 बजे तक रहेगा। यही 1 घंटा 12 मिनट का समय होलिका दहन के लिए सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। ग्रहण और पूर्णिमा तिथि के समापन को देखते हुए 2 मार्च की मध्यरात्रि का यह समय अधिक शुभ माना ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दृष्य गणित के अनुसार
### प्रदोष वेला में शाम 6.36 से 9 बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त

पं विष्णु राजोरिया अध्यक्ष परशुराम कल्याण बोर्ड ने बताया कि होलिका दहन मुहूर्त 3 मार्च, फाल्गुन शुक्ल पुर्णिमा के प्रातः काल 5 से 6.33 सूर्योदय तक उत्तम है। धुलेड़ी पर्व 4 मार्च चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को होगा। रंगपंचमी 8 मार्च को मनाई जाएगी। वहीं, दूसरी ओर दृष्य गणित के अनुसार दो मार्च को शाम प्रदोष वेला में 6.36 से 9 बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त है।

### मप्र में 3 और 4 मार्च को रहेगा होली का अवकाश

राज्य सरकार ने होली के अवकाश को लेकर रविवार को संशोधित आदेश जारी किया है। इससे पहले 29 दिसंबर 2025 के आदेश में 3 मार्च को होली का अवकाश घोषित किया गया था। इस दिन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित हुआ था। किंतु प्रदेश भर में 4 मार्च को होली मनाई जा रही है, इसलिए 4 मार्च को भी होली का अवकाश घोषित किया है। इस तरह से मप्र में अब तीन मार्च के साथ ही साथ चार मार्च को होली का अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से जारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप


### हत्या की आरोपी मांओं की इंदौर में जलेगी होली

**इंदौर।** मेंस राइट्स के लिए काम करने वाली संस्था पौरुष इस बार अलग तरीके से होली का दहन करेगी। 2 मार्च की शाम 4 बजे महालक्ष्मी नगर मेला ग्राउंड के सामने 'पुत्र-हंता होलिका' का दहन किया जाएगा। इस बार इसमें महिला आरोपियों के चेहरे का दहन होगा। ये देश की वे 11 आरोपी महिलाएं हैं, जिन पर अपने बच्चों की हत्या का आरोप है।



### 28 दिन में यूपीआई ट्रांजैक्शन का टूटा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** यूपीआई का इस्तेमाल भी खूब बढ़ता रहा है। फरवरी के 28 दिनों में ही लोगों ने इतने ट्रांजैक्शन किए कि रिकॉर्ड तोड़ डाला। ट्रांजेक्शन की संख्या फरवरी में सालाना आधार पर 27% बढ़कर 20.39 अरब हो गई है। इस दौरान यूपीआई ट्रांजैक्शन की वैल्यू सालाना आधार पर 22% बढ़कर 26.84 लाख करोड़ हो गई है।





### फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 8 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन फरवरी 2026 में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत से बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि बीते वर्ष समान अवधि में 1.69 लाख करोड़ रुपए था। इससे पहले जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.71 लाख करोड़ रहा है। वित्त वर्ष 26 की शुरुआत से लेकर अब तक कलेक्शन 20,27,033 करोड़ रुपए रहा है।





## अमेरिका और ईरान की जंग

### दुबई एयरपोर्ट्स बंद, मध्यप्रदेश के 700 से ज्यादा लोग यूएई में फंसे, प्रधानमंत्री मोदी- अमित शाह से लगाई गुहार

# इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला बोले- गिर रहे बम, हमें बचा लीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/इंदौर

ईरान पर इजराइल और अमेरिका की स्ट्राइक के बीच दुबई की मशहूर और दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला हुआ। हमले के बाद दुबई के सभी एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। यहां से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दी गई हैं।

जंग का असर मध्य प्रदेश के यात्रियों पर भी पड़ा है। दुबई के शारजाह से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-256 रद्द हो गई है। कल की फ्लाइट आईएक्स 255 और आईएक्स 256 भी कैंसिल कर दी गई हैं। इससे मध्य प्रदेश के 700 से ज्यादा यात्री दुबई और शारजाह एयरपोर्ट पर फंस गए हैं। शारजाह से इंदौर के लिए फ्लाइट यूएई टाइम के हिसाब से दोपहर 12:20 बजे निकलने वाली थी, लेकिन आखिरी मिनट में कैंसल कर दी गई। कई पैसेंजर्स पहले ही दुबई पहुंच चुके थे। शारजाह से इंदौर के लिए कनेक्टिंग ▶▶ शेष पेज 4 पर

वैकल्पिक उड़ानों की संख्या सीमित होने के कारण यात्रियों को तत्काल राहत नहीं मिल पा रही

फंसे लोगों में बिजनेसमैन और बिल्डर भी शामिल



दुबई में एक ऐसा समूह जो होटल खरीदने गया था

▶▶ एयर इंडिया की फ्लाइट आज भी कैंसिल

▶▶ फंसे यात्रियों में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित प्रदेश के कई जिलों के लोग शामिल

### बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे भी

इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर गृह मंत्री अमित शाह से मदद की गुहार लगाई है। दुबई से आए वीडियो में शुक्ला की घबराहट साफ दिख रही है। उन्होंने बताया कि यहां हालात बहुत खराब हैं। हमारे सामने बम



संजय शुक्ला



गिर रहे हैं, दुबई एयरपोर्ट को भी निशाना बनाया गया है। पूरा ट्रैफिक ठप है और हम बुरी तरह फंस गए हैं। फंसे यात्रियों में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित प्रदेश के कई जिलों के लोग शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे भी हैं। कई यात्री छुट्टियां मनाने या पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होने गए थे, लेकिन अब वापसी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। एक यात्री ने बताया कि वे आठ घंटे से अधिक समय से शारजाह एयरपोर्ट पर बैठे हैं, लेकिन एयरलाइन की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। होटल बुकिंग की अवधि खत्म हो चुकी है। खाने-पीने की भी दिक्कत हो रही है। बच्चों को संभालना मुश्किल हो गया है।

### महाकाल मंदिर के पुजारी भी फंसे

उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर के पुजारी विकास शर्मा भी उन्हीं में फंसे लोगों में शामिल हैं, जो एक ज्योतिष सम्मेलन में शामिल होने दुबई गए थे। वह बुर्ज खलीफा क्षेत्र में ठहरे थे। फ्लाइट रद्द होने के बाद वह दुबई में ही रुक गए हैं। परिवार ने शासन-प्रशासन से उनकी जल्द सुरक्षित वापसी की मांग की है।



विकास शर्मा

### टिकट का पूरा रिफंड या री-बुकिंग का विकल्प

एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुताबिक इजराइल-ईरान जंग के चलते यूएई सहित मध्य पूर्व के कई देशों ने अपने एयरस्पेस में प्रतिबंध लगाए ▶▶ शेष पेज 4 पर



घड़ियाल को नदी में छोड़ते सीएम डॉ. यादव

### सीएम बोले- वन्य-जीव संरक्षण और संवर्धन हमारी प्राथमिकता

# मुख्यमंत्री ने कूनो नदी में छोड़े 53 घड़ियाल और 25 कछुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्योपुर जिले में एक दिन पहले ही बोत्सवाना से लाए गए 9 चीते (6 मादा और 3 नर चीते) कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली में होने की वजह से यहां मौजूद नहीं हो पाए थे। रविवार को वे दिल्ली से सीधे कूनो नेशनल पार्क पहुंचे। उन्होंने कूनो नदी में विलुप्तप्राय 53 घड़ियाल और 25 कछुए रिलीज किए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं चीतों को छोड़े जाने के इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बनना चाहते थे, किंतु विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रतिबद्धताओं के मद्देनजर नई दिल्ली में होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मध्यप्रदेश आने ▶▶ शेष पेज 4 पर

*विलुप्त होते जीवों के संरक्षण के संकल्प के साथ मप्र सरकार कार्य कर रही*

### छोड़े गए 53 घड़ियाल में से 28 नर एवं 25 मादा शामिल

गेवेलियस गेंगेटिक्स नाम के छोड़े गए 53 घड़यिाल में से 28 नर एवं 25 मादा शामिल हैं। इसी प्रकार 25 कछुए थ्री स्ट्रिप्ड रूफ टर्टल प्रजाति के हैं, जिनका वैज्ञानिक नाम वाटागुरु डोगोका है। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, पूर्व वन मंत्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

### महू में मेजर की कार का तांडव

## 5 गाड़ियों को रौंदा, कई घायल आक्रोशित भीड़ ने पीट डाला

पुलिस की हिरासत में मेजर पहचान पत्रों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

महू में रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सेना के एक मेजर ने अपनी तेज रफ्तार कार से एक के बाद एक पांच वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना इंदौर-महू मार्ग पर स्थित किशनगंज रेलवे ब्रिज के नीचे सुबह लगभग 8 बजे घटित हुई। कार की गति इतनी अधिक थी कि टक्कर लगने के बाद कुछ मोटरसाइकिलें सड़क पर काफी दूर तक घिसटती चली गईं। इस भीषण भिड़ंत में कुल चार लोग घायल हुए ▶▶ शेष पेज 4 पर



मेजर की पिटाई का वीडियो

### परिजनों व लोगों ने जमकर धुनाई की

## पटवारी ने 'नाबालिग' छात्रा का बनाया वीडियो, पास्को में केस

आरोपी ने दो से तीन वीडियो रिकॉर्ड किए


हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

पटवारी द्वारा अपने ही घर में किराए से रहकर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा का नहाते समय मोबाइल से वीडियो बनाने का आरोप लगा है। घटना का खुलासा होते ही परिजनों ओर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साई भीड़ शनिवार रात आरोपी के घर पहुंची और उसकी जमकर पिटाई कर दी। शनिवार सुबह 11वीं कक्षा की एक छात्रा परीक्षा देने से पहले नहाने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पटवारी ने बाथरूम के ▶▶ शेष पेज 4 पर



परिजन हंगामा करते हुए

## टी20 विश्व कप: भारत सेमीफाइनल में पहुंचा





### संजू के 'बल्ले' से भारत की बल्ले-बल्ले

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच गया। संजू सैमसन (नाबाद 97 रन) की पारी के दम पर भारत सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई। इससे पहले साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड टॉप 4 में पहुंच गई थी। अब सेमीफाइनल में भारत का सामना इंग्लैंड के साथ होगा और दोनों टीमों के बीच ये मैच 5 मार्च को खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह रोमांचक मुकाबला मुंबई स्थित वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने छठी बार टी20 वर्ल्ड कप के ▶▶ शेष पेज 4 पर, ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच विस्फोट

किसी भी शव की पहचान नहीं

## नागपुर में विस्फोटक कारखाने में भयानक धमाका, 17 की मौत

एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर जिले के कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में जोरदार धमाका हुआ। जिसमें अब तक 18 लोगों की मौत हो गई। 18 से ज्यादा गंभीर बताए जा रहे हैं। एसबीएल एनर्जी लिमिटेड देश की प्रमुख औद्योगिक और खनन विस्फोटक निर्माता कंपनी है। जहां यह हादसा हुआ है। एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधियों के हवाले से बतायाकि घटना कंपनी की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच हुई। हर्ष पोद्दार, एसपी, नागपुर ग्रामीण ने बताया कि इस घटना में शव बुरी तरह जल चुके थे और उनकी पहचान करना असंभव था। मृतकों की पहचान के लिए परिवार के सदस्यों के नमूने डीएनए परीक्षण के लिए लिए जा रहे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्फोट के कारणों की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

परिवार के सदस्यों के नमूने डीएनए परीक्षण के लिए जमा किए जा रहे



### ब्रज में होली का उल्लास छाया...हुरियारों पर बरसीं प्रेम पगी छड़ियां

इस अनूठी होली में शामिल होने के लिए देश-विदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

## ठाकुर जी ने जहां पहली बार बजाई बंसी, वहीं ग्वालिनों ने ग्वालों संग खेली 'छड़ीमार' होली

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा के महावन में भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली गोकुल में छड़ी मार होली खेली गई। इसमें गोकुल की ग्वालिनों ने कान्हा स्वरूप हुरियारों पर प्रेम से पगी छड़ियां बरसाईं। गोकुल की गलियों में होली की धूम मच गई। हर तरफ गुलाल उड़ने लगा। सतरंगी अंबर के बीच चारों तरफ रसियाओं की आवाज गूंजने लगी। होरी के रसिया और टेसू के फूलों से बने रंग में सराबोर होकर श्रद्धालु आंनद लेते रहे। सुबह दस बजे नंद भवन नंदकिला से ठाकुरजी का डोला निकाला गया। डोला नंद भवन से बीच ▶▶ शेष पेज 4 पर



### रास्ते में जगह-जगह यात्रा का स्वागत

रास्ते में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। फूल, रंग और अबीर बरसाए गए। चौराहों पर बड़े-बड़े स्टेज तैयार किए गए। उन पर महिलाएं सज-धजकर डांस करते दिखीं। गलियों में होली के गीत और 'जय राधे, जय कृष्णा' के भजन गूंजते रहे। इससे पहले, नंदगांव ▶▶ शेष पेज 4 पर

### श्रीकृष्ण और बलराम ने यहां बाल लीलाएं की थीं

गोकुल में छड़ीमार होली का प्रचलन सदियों पुराना है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहां बाल लीलाएं की थीं। लोगों को मारने के लिए जो छड़ी तैयार की जाती है, उस पर गोटेदार कपड़ा लपेटा जाता है। इससे भगवान श्रीकृष्ण-बलराम को चोट नहीं लगती है।

# मुख्यमंत्री की कृषक कल्याण वर्ष में अनूठी पहल, बड़वानी जिले के जनजातीय बहुल ग्राम नागलवाड़ी में आज होगी कृषि कैबिनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष में किसानों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। हमारा यह संकल्प है कि प्रदेश के अन्नदाताओं को आत्म-निर्भर बनाते हुए उनकी आय को दोगुना किया जाए। इसी क्रम में सोमवार 2 मार्च को जनजातीय बहुल जिले बड़वानी के नागलवाड़ी में किसान कल्याण वर्ष की पहली कृषि कैबिनेट होने जा रही है। इस दिन नागलवाड़ी से ही सरकार किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेगी।

राज्य सरकार का मंत्रि-मंडल पूरा दिन नागलवाड़ी में रहेगा, जहां कृषि कैबिनेट सहित प्रबुद्धजन एवं किसानों के साथ संवाद होगा और कृषि एवं जनजातीय कल्याण पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। लगभग 6 हजार की जनसंख्या वाला ग्राम नागलवाड़ी जनजातीय बहुल ग्राम है। यहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में होने वाली कृषि कैबिनेट न केवल बड़वानी जिले अपितु पूरे निमाड़ क्षेत्र के विकास के लिए निर्णायक साबित होगी। नागलवाड़ी स्थित 800 वर्ष पुराना प्राचीन भिलट देव मंदिर जनजातीय आस्था में विशेष महत्व रखता है। कृषि कैबिनेट के बाद पूरा मंत्रि-मंडल इस मंदिर में दर्शन भी करेगा।

**सीएम सहित पूरा कैबिनेट होगी शामिल, कृषि कैबिनेट के बाद किसानों और प्रबुद्धजन से करेंगे संवाद**

### कार्यों एवं योजनाओं को साझा किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कृषि कैबिनेट के बाद किसानों और प्रबुद्धजन से संवाद भी करेंगे। संवाद के दौरान एक ओर प्रदेश एवं किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं को साझा किया जाएगा, वहीं क्षेत्र विकास के लिए किसानों एवं प्रबुद्धजन के विचारों और उनकी अपेक्षाओं को जाना जाएगा।

**सोमवार को नागलवाड़ी में लिए जाएंगे अन्नदाताओं के हित में महत्वपूर्ण निर्णय**

कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय विकास और कृषि आधारित विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट के सदस्य जनजातीय समाज के जुलवानिया में आयोजित भगोरिया हाट की परम्परा में भी शामिल होंगे। कैबिनेट के अलावा होने वाले सभी कार्यक्रमों में जनजातीय परम्परा की स्पष्ट झलक दिखाई देगी।

## मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# विवादित जमीन का पजेशन नहीं दे सकेंगे राजस्व अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



जबलपुर हाईकोर्ट ने विवादित जमीन का कब्जा दिलाने वाले तहसीलदार के आदेश को लागू करने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है। जिसमें कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि जमीन के मालिकाना हक के मामलों में सिविल कोर्ट का अधिकार क्षेत्र राजस्व अधिकारियों से ऊपर है।

ऐसे में इन मामलों में राजस्व अफसर जमीन का पजेशन नहीं दे सकते। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी संपत्ति के मालिकाना हक से जुड़ा मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है, तो राजस्व अधिकारी उस जमीन से संबंधित किसी भी आदेश को प्रभावी या लागू नहीं कर सकते। यह टिप्पणी जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने महेंद्र सिंह और अन्य द्वारा दायर की गई एक रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान की। यदि किसी पक्ष ने टाइटल को चुनौती दी है, तो राजस्व विभाग के बेदखली या कब्जा दिलाने जैसे आदेश होल्ड पर रहेंगे। भूमि के मालिकाना हक के मामलों में सिविल कोर्ट का अधिकार क्षेत्र राजस्व अधिकारियों से ऊपर है।

## राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा का गठन

**भोपाल।** 21 कर्मचारी संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्व सम्मति से निगम मंडल के कमचारी एवं शासकीय विभागों में कार्यरत सरकारी कर्मचारी, अधिकारियों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया। इस संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से शासकीय कमचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय को राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य परिवहन निगम के कमचारी नेता श्याम सुन्दर शर्मा, भोपाल को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। डॉ मायाराम अटल व अशोक, विजय मिश्रा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा दीपक पाठक को पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की लड़ाई के लिए राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा की प्रदेश इकाई का गठन करते हुए अनिल वाजपेई को प्रदेश अध्यक्ष एवं सुरसरि पटेल को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। राजेश माथुर, वीएल दोहरे, उदय मालवीय, अरुण वर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभात तथा रमेश को प्रदेश संयुक्त सचिव, अभिलाष जैन को प्रदेश कोषाध्यक्ष तथा सवाई लाल परिहार को प्रदेश प्रवक्ता प्रतिनिधित्व के लिए नियुक्ति दी गई है।

## कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सीएम डॉ. यादव ने स्पष्ट शब्दों में दिए दिशा-निर्देश

# नवरात्रि-होली पर पुलिस का रहेगा सख्त पहरा कानून व्यवस्था से समझौता कतई बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवरात्रि, परीक्षाओं और होली जैसे प्रमुख पर्वों के मद्देनज़र प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि लॉ एंड ऑर्डर के मामलों में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने पुलिस बल को निर्देश दिए हैं कि सभी प्रकार की चुनौतियों के बीच मैदान में डटकर ड्यूटी करें और शांति व्यवस्था हर हाल में बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में नवरात्रि और परीक्षाएं एक साथ चल रही हैं, ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रदेश पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। मुख्यमंत्री ने 45 मिनट तक अधिकारियों से चर्चा की। भोपाल में मुख्यमंत्री का कोई तय कार्यक्रम प्रस्तावित नहीं था। लेकिन त्योहारों को देखते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव अधिकारियों के बीच समीक्षा करने पहुंचे एवं अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ हाल के वर्षों में मिली बड़ी सफलता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश पुलिस ने एक बड़े नक्सली मूवमेंट को खत्म कर देशभर में मध्य प्रदेश का मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि पुलिस की प्रतिबद्धता और रणनीतिक क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस सफलता पर पूरे प्रदेश को गर्व है।

**खास बातें**

- सभी प्रकार की चुनौतियों के बीच मैदान में डटकर ड्यूटी करें, शांति व्यवस्था बनी रहे
- वर्तमान समय में परीक्षाएं भी चल रही हैं, ऐसे में जिम्मेदारी और बढ़ जाती है



समीक्षा बैठक लेते सीएम।

### जहां-जहां जुलूस निकलेंगे, वहां-वहां पर्याप्त पुलिस

मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जो अपेक्षाएं की गई हैं, उन्हें पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। होली के दौरान निकलने वाले पारंपरिक गैर और जुलूसों को लेकर भी प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। जहां-जहां जुलूस निकलेंगे, वहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहार खुशी और सौहार्द के साथ मनाएं, लेकिन कानून का पालन अनिवार्य है।

### मध्य प्रदेश शांति का टापू है और रहेगा, प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहा है

अवकाश को लेकर भी सरकार ने निर्णय लिया है। तीन दिन के घोषित अवकाश के साथ चौथे दिन का अवकाश भी घोषित किया गया है, ताकि लोग परिवार के साथ त्योहार मना सकें। दुबई में फंसे कुछ भारतीय नागरिकों को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है और राज्य सरकार भी समन्वय बनाए हुए है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि मध्य प्रदेश शांति का टापू है और रहेगा। प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहा है, ताकि नवरात्रि और होली का पर्व शांति, सुरक्षा और भाईचारे के साथ संपन्न हो।

# बढ़ते वन्यजीव हमलेः 5 साल में 35% इजाफा, एक साल में 71 मौतें, राहत देने वन विभाग ने किया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में मानव-वन्यजीव संघर्ष लगातार गंभीर होता जा रहा है। पिछले पांच वर्षों में जंगली जानवरों के हमलों की घटनाओं में करीब 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में अब तक 71 लोगों की मौत हो चुकी है।

वन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2019-20 में जंगली जानवरों के हमलों में 9,760 पालतू पशु शिकार बने थे, जिन पर 8.83 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया। यह संख्या वर्ष 2022-23 में बढ़कर 13,685 तक पहुंच गई। वर्ष 2024-25 में 15,259 पालतू पशु जंगली जानवरों के हमलों का शिकार हुए हैं, जिनके लिए 15.88 करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा वितरित किया गया है। मानव जीवन पर भी खतरा बढ़ा है। वर्ष 2020-21 में 90 लोगों की मौत हुई थी, जिस पर 3.27 करोड़ रुपये मुआवजा दिया गया। इसके बाद 2023-24 में 76 मौतें दर्ज की गईं और 5.88 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

### जानवरों की वजह से ग्रामीणों में दहशत

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मानव-वन्यजीव संघर्ष के पीछे सबसे बड़ा कारण जंगलों का सिकुड़ना और वन्यजीवों का आबादी वाले इलाकों की ओर बढ़ना है। जंगली जानवर भोजन और पानी की तलाश में गांवों की ओर आ रहे हैं। कई मामलों में तेंदुआ, भालू और जंगली सुअर जैसे जानवरों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### पीड़ितों को मुआवजा राशि देने की जरूरत

विशेषज्ञों का मानना है कि जंगलों के आसपास तेजी से हो रहे निर्माण कार्य, अतिक्रमण और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी इस समस्या को बढ़ा रहा है। वन विभाग का कहना है कि राष्ट्रीय उद्यानों और टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में फेंसिंग, जागरूकता अभियान और त्वरित राहत प्रक्रिया को मजबूत किया जा रहा है।

## मप्र की नई स्पेसटेक पॉलिसी 2026 का गजट नोटीफिकेशन जारी

**राज्य अब स्पेस, डेटा और एआई को साथ जोड़कर देख रहा है**

# स्पेसटेक पॉलिसी आने के बाद अब एआई पॉलिसी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की नई स्पेसटेक पॉलिसी 2026 का गजट नोटीफिकेशन जारी हो गया है। यह पॉलिसी ऐसे समय आई है, जब भारत में स्पेस और जियोस्पेशल सेक्टर नीति, निवेश और व्यावहारिक उपयोग तीनों स्तरों पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।


मनोज मीक

जनवरी में भोपाल में इस नीति का औपचारिक शुभारंभ रीजनल एआई समिट के साथ होना बताता है कि राज्य अब स्पेस, डेटा और एआई को साथ जोड़कर देख रहा है। क्रेडाई भोपाल प्रेसिडेंट मनोज मीक ने कहा कि नीति में एचपीसी और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर समर्थन का उल्लेख है। आज स्पेस सेक्टर पूरी तरह डेटा-हैवी हो चुका है।

### अन्य राज्य तेजी से आगे बढ़ चुके हैं

*भोपाल के संदर्भ में यह नीति और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अभी बड़े तालाब और उसके कैचमेंट की निगरानी, कलियासोत और पूरे जल-तंत्र का मानचित्रण, मेट्रोपॉलिटन रीजन, मास्टर प्लान, अतिक्रमण और अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई जैसे मुद्दे एक साथ सामने हैं। ऐसे में राजधानी को स्पेस-डेटा आधारित निर्णय केंद्र बनाया जा सकता है, जहां सैटेलाइट इमेजरी, एआई विश्लेषण और फील्ड प्रशासन एक प्लेटफॉर्म पर साथ काम करें। अन्य राज्य पहले ही तेजी से आगे बढ़ चुके हैं।*

### एआई पॉलिसी अभी नहीं आई सामने

*एआई पॉलिसी औपचारिक रूप से सामने नहीं आई है, लेकिन सरकार ने एआई इकोसिस्टम, गवर्नेंस उपयोग की स्पष्ट दिशा दिखाई है। इसलिए स्पेसटेक पॉलिसी को एक अलग दस्तावेज नहीं, बल्कि मप्र की उभरती टेक-गवर्नेंस रणनीति के पहले ठोस स्तंभ के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। समय पर स्पेस-डेटा, का मॉडल खड़ा हो गया, तो भोपाल नॉलेज एंड एआई सिटी को स्पेस एप्लिकेशन से जोड़ते हुए इसका स्वाभाविक संचालन-केंद्र बन सकता है।*

# लंबे समय बाद भोपाल भाजपा जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से भाजपा भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती ने जिला कार्यकारणी की घोषणा की है। रविवार देर रात भाजपा की शहर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की लिस्ट जारी हुई।

भोपाल भाजपा जिला कार्यकारिणी में आठ उपाध्यक्ष राम बंसल, भाषित दीक्षित, राजकुमार विश्वकर्मा, भीकम सिंह बघेल, अमन यादव, अभय पंडित, विनय ददनानी, गुंजन चौकसे बनाए गए हैं। दो महामंत्री प्रदीप शेखावत, मुकेश राय बनाए गए हैं। 7 जिला मंत्री राकेश कुकरेजा, जितेन्द्र अहिरवार, सरिता पिपलोदे, उत्कर्ष नायक, योगेश वासवानी, धर्मेन्द्र




परिहार, संतोष हिरवे नियुक्त किए गए हैं। कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र द्विवेदी, सह कोषाध्यक्ष आशा पारोचे, कार्यालय मंत्री, डॉ. योगेन्द्र मुखरैया, सह कार्यालय मंत्री भूपेन्द्र माली, कार्यालय प्रभारी मुकुल लोखंडे, मन की बात प्रभारी सुमित पांडे, आईटी प्रभारी विश्वविजय सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी विभा गरुड को बनाया गया है।

**ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इंदौर में की समीक्षा**

# आरडीएसएस के कार्यों का समय पर मिले उपभोक्ताओं को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए विद्युत कंपनी की टीम गंभीरता से कार्य करे। आरडीएसएस के नए कार्यों का समय पर उपभोक्ताओं को लाभ मिले, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि में बढ़ोत्तरी हो।


प्रद्युम्न सिंह तोमर

उपभोक्ता सुविधाओं से संबंधित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री तोमर ने यह बातें रविवार को पोलोग्राउंड इंदौर स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए नए कार्य हो रहे हैं। यह कार्य गुणवत्ता से हो, समय से पूर्ण किए जाए। ताकि परियोजना का उद्देश्य समय पर पूरा हो।

### कठोर कार्रवाई की जाए

*तोमर ने कहा कि आरडीएसएस के तहत जो ऐजेंसियों लापरवाही कर रही है, उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही अच्छा कार्य करने वाले एजेंसी को नियमानुसार अतिरिक्त कार्य दिया जा सकता है। सिंह ने केपेसिटर बैंक की स्थापना के बाद उनका गुणवत्ता परीक्षण एवं उनसे हो रहे फायदे की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएबीएल, एलटीएमटी लेब का सतत पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए। कंपनी के प्रबंध निदेश अनूप कुमार सिंह ने कहा कि आरडीएसएस के तहत 97 में से 87 ग्रिड का कार्य पूर्ण कर बिजली आपूर्ति शुरू की गई हैं। वहीं सात हजार सात सौ ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके है। एलटी केबल कार्य, अंडर ग्राउंड केबल, ग्रिड रिनोवेशन व अन्य कार्य सतत पूर्ण होते जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, मुख्य अभियंता एसएस करवाड़िया, सुषमा वैश्य, आरसी जैन, एससी वर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।*

## संस्कारवान व्यक्तित्व की धनी माता का मथुरा, वृंदावन से था लगाव

# हितानन्द शर्मा की माता को मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अर्पित किए श्रद्धासुमन, कहा-उनका जाना अपूरणीय क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानन्द शर्मा के अशोकनगर जिले के ग्राम मढ़ी, महिदपुर स्थित निवास पहुंचकर उनकी माता जनक दुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनक दुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना कर श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि जनक दुलारी शर्मा धार्मिक प्रवृत्ति, सादगीपूर्ण जीवन एवं संस्कारवान व्यक्तित्व के लिए जानी जाती थीं।

उन्होंने समाज एवं परिजनों को सामाजिक मूल्यों, राष्ट्रीय भावना और सेवा संस्कारों से प्रेरित किया था, जिन्हें सभी अम्मा राधे-राधे कहकर पुकारते थे। उनका मथुरा, वृंदावन से काफी लगाव रहा और हमेशा आना-जाना लगा रहता था। उनका निधन हम सबके लिए अपूर्णीय क्षति है, जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी, सुरेन्द्र शर्मा, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी एवं बृजेन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे।






श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएम एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण।

### अद्वितीय प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उच्च आदर्शों की धनी थीं

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने जनक दुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि जनक दुलारी शर्मा अद्वितीय प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उच्च आदर्शों की धनी थीं। उनका जीवन सादगी, सेवा और संस्कारों की अमूल्य धरोहर रहा। उन्होंने अपने बच्चों को बचपन से ही 'राष्ट्र प्रथम' की भावना, देशसेवा का संकल्प और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का पाठ पढ़ाया। उनका निधन न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## बड़वानी को मिला नया पुलिस कप्तानः शुक्ला संभालेंगे कमान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश गृह विभाग ने आदेश जारी कर 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी पदम विलोचन शुक्ला को बड़वानी जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। वे हाल ही में सेवानिवृत्त हुए जगदीश डाबर की जगह पदभार संभालेंगे। शुक्ला इससे पहले इंदौर में पुलिस अधीक्षक (रेल) के पद पर पदस्थ थे।

कानूनव्यवस्था और प्रशासनिक अनुभव के चलते उन्हें अब आदिवासी बहुल बड़वानी जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। झाबुआ जिले में भी वे पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं, जहां उन्होंने कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के मोर्चे पर सक्रिय भूमिका निभाई थी। गृह विभाग के आदेश के बाद जल्द ही वे बड़वानी में पदभार ग्रहण करेंगे। जिले में पुलिस व्यवस्था को और मजबूत बनाने, अपराध नियंत्रण और जनसंवाद बढ़ाने को लेकर उनसे अपेक्षाएं जताई जा रही हैं।

## बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन की 48वीं वार्षिक साधारण सभा में डिजिटल धोखाधड़ी की चुनौतियों पर हुई चर्चा


वार्षिक साधारण सभा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन की मप्र एवं छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 48वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया।

इस दोनों प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या कार्यरत अधिकारियों ने भाग लिया। इकाई के अध्यक्ष कॉमरेड अमित गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित सभा में अधिकारियों के कल्याण, सेवा शर्तों तथा बैंकिंग क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा की गई। महासचिव कॉमरेड कुलदीप स्वर्णकार ने अपने रणनीतिक प्रतिवेदन में बैंकिंग क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना में हो रहे बदलावों तथा बढ़ती डिजिटल धोखाधड़ी की चुनौतियों का उल्लेख किया। बीओआई ऑफिसर्स फेडरेशन के अध्यक्ष कॉमरेड नीलेश पवार ने कहा कि प्रबंधन के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध और निरंतर अनुवर्ती प्रयासों के परिणामस्वरूप कई लंबित समस्याओं का समाधान संभव हो पाया है। फील्ड जनरल मैनेजर कॉमरेड संजय श्रीवास्तव ने एसोसिएशन को पूर्ण सहयोग देने की बात कहीं।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 मार्च 2026

रमज़ान मुबारक
इफ्तार सोमवार: 6:29 बजे
सहरी मंगलवार: 5: 02 बजे



ट्रैवल कंपनियों की मनमानी यात्रियों पर पड़ रही भारी

# हड़ताल खत्म होते ही होली पर बसों की बुकिंग फुल, किराया 3 गुना तक बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बस संचालकों द्वारा हड़ताल खत्म करने की घोषणा से एक तरफ जहां होली पर घर जाने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन बसों की बुकिंग फुल होते ही किराए में दो से तीन गुना तक बढ़ोतरी कर दी है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

जानकारी के अनुसार होली के त्योहार के चलते एक तरफ जहां ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 200 के पार पहुंच रही है। तो वहीं बसों की बुकिंग फुल भी हो गई है। ऐसे में ट्रैवल कंपनियों ने होली के चलते भोपाल से अन्य शहरों के लिए जाने वाली बसों का किराया बढ़ा दिया है।

यह किराया आम दिनों की तुलना में 2 से 6 मार्च के बीच दो से तीन गुना अधिक है। यानी 1400 से 1800 रुपए का टिकट होली के नजदीक बढ़कर 2099 रुपए से 2309 रुपए तक हो गया है। जिसमें भोपाल से पुणे, मुम्बई, जयपुर और अहमदाबाद की और जाने वाली बसें शामिल हैं।

1400 से 1800 रुपए का टिकट होली पर बढ़कर 2099 से 2309 रुपए तक हो गया

भोपाल से पुणे, मुम्बई, जयपुर और अहमदाबाद की और जाने वाली बसों में किराया बढ़ाया


फाइल फोटो

### संचालक बोले- सीट उपलब्धता के लिए बढ़ाया किराया

ट्रैवल कंपनियों के ऑनर्स की मानें तो होली पर लोगों की जाने की संख्या बढ़ जाती है। इसलिए हमें कई बार बसों की संख्या बढ़ानी पढ़ती है। वहीं अक्सर देखा गया है कि अगर हम किसी मार्ग पर होली से एक या दो दिन पहले बसें बढ़ाकर भेजते हैं तो वहां से कई बार बसें खाली भी आती हैं, क्योंकि भोपाल से जाने वाला यात्री अधिकतर होली के 3-5 दिन बाद ही आता है। इसलिए हमें यहां से जाने वाले पैसेंजर्स की सुविधा को देखते हुए बसें बढ़ानी पड़तीं हैं। ताकि सीटों की एवेबेलिटी बनी रहे।

### भोपाल से पुणे (लग्जरी, स्लीपर कैटेगिरी)

- पहले का किराया 1600 से 2,200 रुपए तक।
- 2 से 6 मार्च तक अधिकतम 2100-5000 तक।

### पुणे से भोपाल

- पहले का किराया 1600 से 2000 रुपए तक।
- 2 से 6 मार्च तक अधितम 3000 रुपए तक

### भोपाल से जयपुर

- पहले का किराया 1400 से 1,520 रुपए तक।
- 2 से 6 मार्च तक अधिकतम 2,800-3,010 तक।

### जयपुर से भोपाल

- पहले का किराया 1,250 से 1,550 रुपए तक।
- 2 से 6 मार्च तक अधिकतम किराया 3500-4,800 रुपए तक

### भोपाल से अहमदाबाद

- पहले का किराया 1000 से 1850 रुपए तक।
- 2 से 6 मार्च तक अधिकतम किराया 3000-4,000 तक।

**मुम्बई पुणे का टिकट सबसे महंगा 2100 से 5000 रुपए तक**

भोपाल से होली के समय मुम्बई व पुणे जाने का टिकट सबसे महंगा है। साधारण दिनों में यह टिकट 1400-1800 तक होता है मगर 2 व 6 मार्च यानी होली के चलते यही टिकट बढ़कर 2100 से 5000 तक का है। भोपाल से जाने वाली किसी भी पैसेंजर्स के लिए यह अभी तक का सबसे अधिकतक किराया है। वहीं पिछले साल इन दोनों ही शहरों में जाने के लिए होली पर सबसे अधिकतक किराया 4000 रुपए लिया गया था।

## किसी ने ट्रेन को चुना, किसी ने ज्यादा दिए पैसे

### किराया अधिक लगा, तो ट्रेन का टिकट बुक कराया

मैं आम तौर पर बस में सफर करना पसंद करता हूं। हमेशा देखा है कि किराया फिक्स रहता है। मेरे एक दोस्त को होली पर भोपाल से मुम्बई जाना था, उसको रेट बहुत अधिक लगा तो उसने ट्रेन का टिकट बुक कराया।

कुलदीप मिश्रा, यात्री

### महंगा था टिकट पर लेना पड़ा

मैंने अपने कजिन के लिए भोपाल से जयपुर जाने के 2 मार्च का बस का टिकट लेने आया था। 3,800 रुपए का टिकट देख पहले तो कई बार सोचा करें या नहीं, मगर फिर बाद में मैंने उसे फाइनली बुक किया। यह बहुत महंगा है।

रोहित कुमार, यात्री

### शिकायत आरटीओ कार्यालय में कर सकते हैं

त्योहारी सीजन सहित अन्य समय बसों में अगर तय किराए से संचालक अधिक किराया वसूलते हैं तो इसकी शिकायत आरटीओ कार्यालय में कर सकते हैं। अगर शिकायत सहीं पाई जाएगी तो बस का परमिट व फिटनेस कैंसिल किया जाएगा। अभी मेरी जानकारी में ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है।

जितेन्द्र शर्मा, आरटीओ भोपाल

---

राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) की परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप, अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

# अभ्यर्थियों को मिली कॉपी में दूसरे विद्यार्थियों के नाम-रोल नंबर लिखे होने के लगे आरोप

*कई प्रश्नपत्रों में 50 में से आधे से अधिक प्रश्नों पर पहले से टिक लगे थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एमपी पीएससी की राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 का आयोजन रविवार को किया गया। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों ने गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। 1 मार्च को दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित हुई इस परीक्षा के कमला नेहरू कोटरा सुल्तानाबाद स्थित परीक्षा केंद्र में गलत पेपर बांटने का आरोप है। कमला नेहरू हायर सेंकेंडरी सीबीएसई स्कूल परीक्षा केंद्र में यह गड़बड़ी हुई। 11.55 बजे एमपीपीएससी की प्रश्न पत्र पुस्तिका वितरित की गई, जिसमें गलत पेपर बांट दिया गया।

जब इसकी जानकारी लगी तो करीब आधे घंटे बाद अभ्यर्थियों से यह पेपर वापस ले लिया गया। तब तक अभ्यर्थी प्रश्नपत्र के कई सवालों को हल कर चुके थे। गलत पेपर वापस लेने के बाद अभ्यर्थियों को दूसरा पेपर बांटा गया। इसे लेकर काफी गहमागहमी की स्थिति बनी रही। परीक्षार्थियों का आरोप है कि 300 के करीब परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए इस केंद्र पर कई अभ्यर्थियों को ऐसे प्रश्नपत्र दिए गए, जिनमें से कई सवाल पहले से हल प्रतीत हो रहे थे। कई कॉपियों में टिक मार्क लगे थे और रफ -वर्क भी किया गया था। यहां तक कि दूसरे विद्यार्थियों के नाम व रोल नंबर पहले से लिखे थे। विरोध जताने पर परीक्षा करीब डेढ़ घंटे देरी से शुरू हो सकी। अभ्यर्थियों के अनुसार परीक्षा शुरू होने से पहले ही जब प्रश्नपत्र खुले हुए मिले तो संदेह होने लगा। कई प्रश्नपत्रों में 50 में से आधे से अधिक प्रश्नों पर पहले से टिक लगे थे। कुछ कॉपियों में उत्तर लिखने के प्रयास और रफ वर्कभी दिखाई दिया।

कमला नेहरू कोटरा सुल्तानाबाद स्थित परीक्षा केंद्र में गलत पेपर बांटने का आरोप

जानकारी लगी तो करीब आधे घंटे बाद अभ्यर्थियों से पेपर वापस ले लिया गया

**अभ्यर्थी कोमल को प्रश्नपत्र मिला, उस पर चूड़ामणि नाम और अलग रोल नंबर दर्ज था**


शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में परीक्षा केंद्र से पेपर देकर आते अभ्यर्थी।

कई अभ्यार्थियों का आरोप था कि कई प्रश्नपत्रों पर दूसरे परीक्षार्थियों के नाम और रोल नंबर पहले से लिखे थे। एक अभ्यर्थी कोमल को जो प्रश्नपत्र मिला, उस पर चूड़ामणि नाम और अलग रोल नंबर दर्ज था। वहीं, परीक्षा में भाग ले रही एक छात्रा का नाम और रोल नंबर भी अलग था।

### 12 जिलों में हुई परीक्षा

सेट के लिए प्रदेश के 12 जिलों में सेंटर बनाए गए थे। इनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, शहडोल, रतलाम, सतना, सागर, रीवा, नर्मदापुरम और खरगोन शामिल हैं। परीक्षा में 1,46,405 अभ्यार्थी शामिल हुए। भोपाल में 52 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां 20,429 अभ्यार्थी शामिल हुए। यह परीक्षा 31 विषयों के लिए आयोजित की गई है।

### कई अभ्यर्थियों को 45 मिनट बाद प्रश्नपत्र मिले

नियमानुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा से 45 मिनट पहले केंद्र पहुंचना था। परीक्षा दोपहर 12 बजे शुरू होनी थी, लेकिन गलत पेपर वितरण और हंगामे के कारण करीब आधे से एक घंटे की देरी की बात कही गई है। कई छात्रों को 45 मिनट बाद प्रश्नपत्र मिले। इस दौरान केंद्र के बाहर छात्रों ने विरोध भी जताया।

### अभ्यर्थियों ने लगाए पेपर लीक के आरोप, पुष्टि नहीं

कुछ अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि अनुपस्थित विद्यार्थियों की शीट पहले से खुली हुई थीं। पहले से हल प्रश्नपत्र मिलने के बाद छात्रों ने पेपर लीक की आशंका जताई। हालांकि आधिकारिक रूप से इस संबंध में कोई पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन छात्रों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

---

द केयर ऑफ एनिमल एंड सोसाइटी का मिला सहयोग

# एंटी रैबीज वैक्सीनेशन ड्राइव शुरू 900 स्ट्रीट डॉग का वैक्सीनेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी को रैबीज मुक्त बनाने और लोगों को सुरक्षित रखने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए नगर निगम व द केयर ऑफ एनिमल एंड सोसाइटी के सहयोग से एंटी रैबीज वैक्सीनेशन ड्राइव की शुरुआत की है। इस अभियान में अब तक करीब 900 स्ट्रीट डॉग का वेक्सीनेशन किया जा चुका है। पहली मुहिम में 262 और दूसरे चरण में 592 से ज्यादा स्ट्रीट डॉग को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई गई।

अभियान के तहत काली माता मंदिर मेन रोड, अभिनव पैलेस, पूर्वशा नगर, ईडन गार्डन, कस्तूरी फॉर्च्यून, निखिल होम्स, शुभालय होम्स, शालीमार, सागर रॉयल विलास, आशिमा मॉल, केन्द्रीय विद्यालय-3, ज्योति नगर, अग्रवाल कॉलोनी, आदर्श नगर, बागसेवनिया थाना क्षेत्र, बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी, सुरेन्द्र पैलेस, विद्या नगर, श्री राम कॉलोनी एवं कोरल वुड सहित आसपास की कॉलोनियों में चिन्हित कर स्ट्रीट डॉग को टीका लगाया गया।


आवारा कुत्तों को वैक्सीन लगाता अमला।

### शहर में रैबीज संक्रमण की रोकथाम उद्देश्य

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि एंटी रैबीज टीकाकरण अभियान का उद्देश्य शहर में रैबीज संक्रमण की रोकथाम, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और आवारा श्वानों के प्रति मानवीय व्यवहार को बढ़ावा देना है। भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि शहर को सुरक्षित और स्वस्थ बनाया जा सके। निगम द्वारा संचालित अरवलिया एबीसी सेंटर और पशु चिकित्सालय के सहयोग से वेक्सीनेशन का काम डॉ. प्रियंक जैन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें स्थानीय पशु प्रेमियों शिवांगी ठाकुर, कामना मिश्रा, संचित, मनोज, अर्चना गुप्ता, रजनी तोमर, प्राची, प्रतिमा, अमिता, नीशू तथा उनकी टीम ने भूमिका निभाई।

---

होली से पहले शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# दुकानों से लिए मावा, पनीर, घी, मिल्क केक के सैंपल, जांच के लिए लैब भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली के त्यौहार को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर लोगों को शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी और पुलिस बल की संयुक्त टीम खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने बाजारों में पहुंची।

टीम ने खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए व जांच के लिए लैब भेजे। जांच की रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम-2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी।


दुकान से मिठाई के सैंपल लेते अधकारी।

### पुराने शहर में इन क्षेत्रों से लिए जांच के लिए सैंपल

रविवार को एडीएम सुमित कुमार पांडे के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम मंगलवारा क्षेत्र के आनंद मावा भंडार, राजश्री मावा, महेंद्र मावा, महाकाल मावा भंडार, भोपाल डेरी, न्यू कृष्णा डेरी नादरा बस स्टैंड से पनीर, दही, मावा, घी और छप्पन भोग मिठाई के कारखाने से मावा, पनीर, तेल, रिफाइंड सोयाबीन तेल, रिफाइंड सोयाबीन तेल लूज, कलश ट्रेडर्स, छोहारा लूज से नमूने लिए।

### अब तक 246 सैंपल जांच के लिए भेजे

एक माह में खाद्य प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शहर के अलग-अलग जगह पर कार्रवाई कर मावा, पनीर, दही, घी, सोयाबीन तेल, ड्राय फ्रूट्स, नमकीन, मिठाई पनीर, तेल, मैदा, बेसन आदि खाद्य पदार्थ के 246 नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट मिलने होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

---

# पांच दिन अभी गर्मी, रात का पारा रहेगा सामान्य

नया पश्चिमी विक्षोभ 4 मार्च को हिमालय क्षेत्र में होगा सक्रिय, इससे कुछ बदलाव की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में अगले पांच दिन मौसम साफ रहेगा। धूप का असर बढ़ने से गर्मी और हल्की उमस लोगों को परेशान करेगी, लेकिन रात का पारा सामान्य के करीब रहने से राहत रहेगी। नया सिस्टम हिमालय क्षेत्र में 4 मार्च को सक्रिय होगा, जिससे हवाएं बदलने से अगले सप्ताह मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है। अभी दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़त होगी, जिससे गर्मी का असर बढ़ेगा।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में कोई सिस्टम नहीं होने से मौसम साफ रहेगा। चार से पांच दिन गर्मी बढ़ी रहेगी। इसके बाद हवाएं बदलने से तापमान में कुछ कमी हो सकती है।


न्यू मार्केट में रविवार दोपहर तीन बजे धूप से बचने छाता लेकर जाती महिला।

### अभी मराठवाड़ा तक ट्रफ सक्रिय

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी तमिलनाडु से मराठवाड़ा तक एक ट्रफ है। जो साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में विदर्भ, तमिलनाडु, कर्नाटक से होते हुए गुजर रही है। एक ऊपरी हवा का चक्रवात उत्तर-पूर्वी अरब सागर और उससे सटे गुजरात तट के पास सक्रिय है। एक जेट स्ट्रीम करीब 12.6 किमी ऊंचाई पर लगभग 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर है। अब नया पश्चिमी विक्षोभ 4 मार्च को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करेगा, जिससे हवाएं बदल सकती हैं। इससे मौसम में कुछ बदलाव की उम्मीद है।

### भोपाल में दिन का पारा 31.2 डिग्री रहा

रविवार को भोपाल में दिन का पारा 1.2 डिग्री गिरकर 31.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से दशमलव चार डिग्री ज्यादा रहा। रात का पारा आधा डिग्री गिरकर 15.1 डिग्री रहा, जो सामान्य से दशमलव दो डिग्री अधिक है। सोमवार को तापमान में कुछ बढ़त हो सकती है। रविवार को प्रदेश भर में गर्मी के पारे में औसतन आधा डिग्री की घट-बढ़ रही। दिन का औसत तापमान 32 डिग्री रहा, जो सामान्य के करीब है। रात का औसत पारा 16 डिग्री सेल्सियस रहा।

---

अब तक निगम शिविरों के माध्यम से 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की कर चुका है वसूली

# संपत्ति कर बकायादारों के घर-घर दस्तक, आठ बकायादारों की संपत्ति पर जड़े ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने राजस्व वसूली को लेकर रविवार को सभी 85 वार्डों सहित 169 क्षेत्रों में राजस्व वसूली शिविर लगाए। गली-मोहल्लों में लगाए इन शिविरों में कहीं लोग पहुंचे तो कहीं निगम कर्मियों ने बकायादारों के घर-घर दस्तक दी। निगम अब तक इन शिविरों के माध्यम से 15 करोड़ रुपए से ज्यादा की वसूली कर चुका है।

सबसे अधिक वसूली विशेष शिविर में हुई, जिसमें 10 करोड़ रुपए राजस्व मिला, जबकि शनिवार और रविवार को लगने वाले शिविरों में वसूली का आंकड़ा दो करोड़ रुपए के आसपास रहा। निगम को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 700 करोड़ रुपए वसूली करना है। अब तक 450 करोड़ से ज्यादा की वसूली हो चुकी है। इसमें संपत्ति कर, जल उपभोक्ता प्रभार, लीज रेंट, किराया सहित अन्य करों एवं शुल्कों का भुगतान शामिल है।



वार्ड नौ में लगाया गया विशेष शिविर।

### कुछ वार्डों में वसूली 80 फीसदी तक हो चुकी

पुराने शहर के जहांगीराबाद, जिंसी चौराहा, मोमिनपुरा, बैंक कॉलोनी, बुधवारा, इतवारा, मंगलवारा, छावनी, शाहजहांनाबाद, पुतली घर, काजीकैंप, टीला जमालपुरा, पीजीबीटी कॉलेज रोड, करोंद, इब्राहिमपुरा, बरखेड़ी, बाग उमराव दूल्हा, अशोका गार्डन, ऐशबाग जैसी घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जगह लगे शिविरों में लोग स्वयं भी पहुंचे और निगम कर्मचारियों ने घर-घर दस्तक दी। पुराने शहर के कुछ वार्डों में वसूली 80 फीसदी तक हो चुकी है। सरकारी भवनों पर संपत्ति कर का शुल्क 30 से 40 करोड़ रुपए बकाया है।

**करदाताओं ने जमा की 73 लाख 29 हजार से अधिक राशि**

नगर निगम के 21 जोन और 85 वार्डों में अब तक बड़े 200 से ज्यादा संपत्तिकर के बकायादारों की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। वार्ड नंबर-27 के नवग्रह मंदिर, वार्ड-28 के अम्बेडकर नगर और सुदामा नगर, वार्ड-36 के शंकराचार्य नगर, वार्ड-37 के सेमरा सहित वार्ड-42, 45, 49, 50, 44, 59, 66 की लेबर कॉलोनी व वार्ड-32 में डोर-टू-डोर वसूली की गई। 21 जोनों के 85 वार्डों में वार्ड कार्यालयों सहित कुल 162 स्थानों पर आयोजित विशेष राजस्व वसूली शिविरों में 1053 करदाताओं ने 73 लाख 29 हजार 791 रुपए निगम कोष में जमा कराई।

### जोन-7 के वार्ड-34 में बकायादारों पर की कार्रवाई

नगर निगम के अमले ने रविवार को शहर के जोन-7 के तहत वार्ड-34 में संपत्तिकर के आठ बकायादारों के संपत्ति पर ताले जड़ दिए। उक्त संपत्तिधारकों को बकाया राशि जमा करने के लिए पूर्व में नोटिस भी दिए गए थे, लेकिन राशि जमा नहीं करवाई थी। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश वरदान हॉस्पिटल बिल्डिंग सीताराम पांडे पर बकाया राशि 15 लाख 60 हजार 731 रुपए, जहांगीराबाद के रमेशचन्द्र बकाया राशि 1 लाख 18 हजार 376 रुपए, जहांगीराबाद के अब्दुल हई पर बकाया राशि 1 लाख 76 हजार 950 रुपए, जहांगीराबाद के बशीर उद्दीन पर बकाया राशि 2 लाख 16 हजार 262 रुपए, जहांगीराबाद के नबी अहमद पर बकाया राशि 80 हजार 591 रुपए, अहिरपुरा के एजाज बेगम पर बकाया राशि 1 लाख 87 हजार 369 रुपए, सिलावटपुरा के टीएन नथानियन पर बकाया राशि 1 लाख 15 हजार 121 रुपए व अहिरपुरा जहांगीराबाद के एहजाज सुल्तान पर बकाया राशि 2 लाख 63 हजार 150 रुपए का भुगतान न करने पर उक्त बकायादार की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गई।

# होली बाजार में बदली तस्वीर 'मेक इन इंडिया' का रंग चढ़ा, चीन का हिस्सा घटा

## हर्बल गुलाल और देसी पिचकारी की बढ़ी मांग, भोपाल संभाग में 200 करोड़ के कारोबार का अनुमान

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी के बाजार सतरंगी रौनक से सराबोर हो गए हैं। आज़ाद मार्केट, इतवारा, मारवाड़ी रोड, लोहा बाजार, भेल, 10 नंबर मार्केट, बैरागढ़, करोंद और बैरसिया सहित शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारी तेज है, लेकिन इस बार होली के बाजार की तस्वीर बदली नजर आ रही है। उम्मीद है कि भोपाल संभाग में होली का बाजार 200 करोड़ रु. के पार होगा। जहां एक दशक पहले तक फैंसी पिचकारी, स्प्रे और सजावटी सामान में चीन निर्मित उत्पादों का दबदबा रहता था, वहीं अब स्वदेशी उत्पादों ने मजबूत पकड़ बना ली है। व्यापारियों के अनुसार आयात नियंत्रण, स्थानीय उत्पादन में वृद्धि, एमएसएमई और स्टार्टअप इकाइयों की भागीदारी तथा हर्बल उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण विदेशी माल का हिस्सा लगातार घट रहा है।


होली सामग्री से सजी दुकान

### आत्मनिर्भर भारत का असर, ग्राहक खुद पूछ रहे चीन का तो नहीं ?

भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के पदाधिकारियों के अनुसार उपभोक्ताओं की सोच में बड़ा बदलाव आया है। पहले ग्राहक अनजाने में चीन निर्मित सामान खरीद लेते थे, लेकिन अब जागरूकता बढ़ी है। ग्राहक स्वयं दुकानदार से पूछते हैं कि यह सामान चीन का तो नहीं है। सुरक्षित, हर्बल और भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की सोच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' संदेश का प्रभाव है, जिससे स्थानीय उद्योग और छोटे व्यापारी सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। उनके अनुसार एमएसएमई और स्टार्टअप इकाइयों की बढ़ती भागीदारी ने भी चीन पर निर्भरता कम करने में अहम भूमिका निभाई है।

### भोपाल में हर्बल रंगों की बढ़ी मांग

भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के विवेक साहू के अनुसार राजधानी में इस बार हर्बल गुलाल, ऑर्गेनिक रंग और देसी पिचकारी की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। साधारण पिचकारी और रंग लगभग पूरी तरह भारतीय हैं, जबकि बैटरी व म्यूजिकल थीम वाली पिचकारी में आंशिक निर्भरता बनी हुई है। थोक पिचकारी एवं रंग व्यवसायी सौरभ साहू और पंकज जैन के अनुसार ग्राहक अब केमिकल रंगों से दूरी बना रहे हैं। लोग बच्चों की त्वचा और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए हर्बल रंग, फूलों से बने गुलाल और देसी पिचकारी खरीद रहे हैं। सुरक्षित उत्पादों की बिक्री में 30-40 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की जा रही है। बाजारों में रंग-गुलाल 15 से 120 रुपए प्रति 100 ग्राम तक उपलब्ध है। पिचकारी 20 से 1200 रुपए तक की रेंज में मिल रही है। पानी वाले गुब्बारे 25 से 80 रुपए प्रति पैक, जबकि स्प्रे और फोम सामग्री 80 से 450 रुपए तक बिक रही है। बड़े आइटम जैसे मिनी पूल 900 से 2500 रुपए तक उपलब्ध हैं। व्यापारियों के अनुसार केमिकल रंगों की बिक्री घट रही है और सुरक्षित, त्वचा-अनुकूल रंगों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

### मेक इन इंडिया की होली

कुल मिलाकर इस बार की होली केवल रंगों की नहीं, बल्कि स्वदेशी उत्पादों की बढ़ती भागीदारी की भी होली बनती नजर आ रही है। बाजार में 'मेक इन इंडिया' का रंग पहले से कहीं अधिक गहरा दिखाई दे रहा है, जिससे स्थानीय उद्योग और छोटे व्यापारियों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई है।



**किस सामान में कितना विदेशी और कितना स्वदेशी**

| सामान | स्वदेशी | विदेशी |
|---|---|---|
| पिचकारी (कार्टून/टैंक मॉडल) : | 60–70 % | 30–40 % |
| मास्क व कैरेक्टर आइटम : | 60–70 % | 30–40 % |
| कलर स्प्रे व फोम स्प्रे : | 50–60 % | 40–50 % |
| पानी के गुब्बारे पैक : | 70–80 % | 20–30 % |
| गुलाल व हर्बल रंग : | 90–100 % | 05–10 % |

## खबर संक्षेप

### टोइंग का भोपाल में लांच हुआ किफायती फूड 'एप'

**भोपाल।** टोइंग, किफायती फूड डिलीवरी ऐप ने भोपाल में अपने लांच की घोषणा की। इस लांच के साथ टोइंग अब दिल्ली एनसीआर के शहरों, गुरुग्राम, फरीदाबाद और नोएडा के ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा। पिछले 6 महीनों में टोइंग ने भारत के 11 शहरों में विस्तार किया है। टोइंग पुणे, आगरा, वडोदरा, गुवाहाटी, नासिक और नागपुर में भी लाइव है। टोइंग अपने ऐप पर खाने और पेय पदार्थों की सबसे कम आइटम कीमतों का वादा करता है और रेस्टोरेंट के टेबल मेन्यू की कीमतों से मैच या उससे कम कीमत देने की गारंटी देता है।

### सात्विक ग्रीन को मिला 87.10 करोड़ का ऑर्डर

**गुरुग्राम।** सात्विक ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने घोषणा की कि कंपनी को एक प्रतिष्ठित इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर / ईपीसी प्लेयर से सोलर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल की आपूर्ति के लिए कुल 87.10 करोड़ रुपए का ऑर्डर प्राप्त हुआ है और उसे स्वीकार कर लिया गया है। यह ऑर्डर मार्च 2026 तक निष्पादित किया जाएगा। कंपनी के सीईओ,प्रशांत माथुर ने कहाकि यह नया ऑर्डर हमारे ग्राहकों के साथ मजबूती की पुष्टी करता है।

### सैमसंग ने लांच की गैलेक्सी एस26 सीरीज

**गुरूग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने गैलेक्सी एस26 सीरीज लांच की है, जिसमें कमाल की परफॉर्मेंस, इंडस्ट्री का अग्रणी कैमरा सिस्टम और गैलेक्सी एआई अनुभव हैं जो लोगों के रोज़मर्रा के फोन टास्क को आसान बनाएंगे। गैलेक्सी एस26, एस26 प्लस और एस26 अल्ट्रा सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई फोन हैं और यह बैकग्राउंड में बड़ी ही आसानी से जटिल टास्क संभालते हैं, जिससे यूज़र्स सिर्फ़ परिणामों पर फोकस कर सकते हैं।

### एयरटेल आईपीटीवी पर 350 से अधिक चैनल

**नई दिल्ली।** एयरटेल आईपीटीवी के साथ होली का मनोरंजन अनुभव 350 प्लस से अधिक टीवी चैनलों और नेटफ्लिक्सप्राइम वीडियो जैसे 29प्लस ओटीटी ऐप्स के साथ और बेहतर हो जाएगा। 699 रुपए से शुरू होने वाले प्लांस में हाई-स्पीड इंटरनेट के साथ बेहतरीन पिक्चर क्वालिटी मिलता हैं जो इस त्यौहार को और मजेदार बना देंगे।

### एशियन पेंट्स ने की एक आकर्षक झलक पेश

**नई दिल्ली ।** एशियन पेंट्स का वेयर द हार्ट इज सीजन 9 प्रसिद्ध हस्तियों के निजी घरों की एक आकर्षक झलक पेश किया है, जो यादों और व्यक्तिगत शैली से बने हैं। यह सीजन अर्चना पूरन सिंह, कीर्ति सुरेश, सोनाक्षी सिन्हा, गौतम गंभीर और अमन गुप्ता के घरों के माध्यम से डिजाइनरंग और सुकून का संगम दिखाता है। एशियन पेंट्स के नए रॉयल प्ले वॉल2फ्लोर टेक्सचर्ड फ्लोरिंग से घर को एक प्राकृतिक एहसास मिलता है।

### इंटरियो बाय गोदरेज का नया कलेक्शन लांच

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के अग्रणी फर्नीचर ब्रांड इंटरियो बाय गोदरेज ने होम प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए सॉफ्ट फर्निशिंग्स का नया कलेक्शन लांच किया है। यह कलेक्शन उपभोक्ताओं कोघर की सजावट को आसानी से नया रूप देने में मदद करेगा। इस इंटरियो की पहचान आधुनिक भारतीय घरों के लिए डिजाइन किए गए ब्रांड के रूप में और मजबूत होगी।

### 299 रु. से कम में होली एसेंशियल्स अमेजन पर

**नई दिल्ली।** इस होली, अमेजन बाजार गुणवत्ता और किफायती को साथ लाकर हर भारतीय के लिए होली को बेहद कम कीमतों पर मनाना आसान बनारहा है। ग्राहक होली के जरूरी सामान और त्योहारी आवश्यकताओं की विस्तृत श्रृंखला बहुत ही किफायती कीमतों पर खरीद सकते हैं। ग्राहक 299 रुपए से कम में होली एसेंशियल्स प्राप्त कर सकते हैं, सभी ऑर्डर पर अतिरिक्त कैशबैक और फ्री डिलीवरी का आनंद ले सकते हैं।

# ट्राई की ताजा रिपोर्ट: मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो सबसे आगे

मोबाइल और ब्रॉडबैंड के 4 करोड़ से ज्यादा ग्राहक

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

टेलीकॉम रेगुलेटर अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने ताजा रिपोर्ट जारी कर दी है। सितंबर 2023 की रिपोर्ट में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो शानदार प्रदर्शन के साथ नंबर वन पर है। ट्राई के आंकड़ो के मुताबिक मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में सभी टेलीकॉम कंपनियों के 7.76 करोड़ मोबाइल ग्राहक है। वहीं, वायरलाइन इंटरनेट उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 14.97 लाख है। इन आंकड़ों में जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या सबसे ज्यादा 4 करोड़ से अधिक हो गई है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी टेलीकॉम ऑपरेटर की ग्राहक संख्या इस मुकाम तक पहुंची है। वहीं,जियो फाइबर वायरलाइन इंटरनेट उपयोग करने वाले ग्राहक लगभग 6.7 लाख है। ट्राई की रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2023 तक जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा मोबाइल ग्राहकों को जोड़ा है। जियो का मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में मार्केट शेयर 52 फिसदी से ज्यादा हो चुका है। सितंबर 2023 में मोबाइल ग्राहकों के साथ ही जियो ने फाइबर ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या में भी इजाफा किया है।



### दोनों प्रदेश के 86 जिले और 645 कस्बों में जियो ट्रू 5जी सेवा

मध्यप्रदेश -छत्तीसगढ़ में सभी वायरलाइन इंटरनेट प्रदाता कंपनियों के 14.97 लाख ग्राहक है। इनमें से करीब 6.7 लाख उपभोक्ता जियो फाइबर की ब्रॉडबैंड सेवा का उपयोग कर रहे है। मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ में जियो फाइबर ब्रॉडबैंड की बाजार हिस्सेदारी 45.1 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो की 5जी सेवा तेजी से लांच हो रही है। दोनों प्रदेश के 86 जिलें और 645 कस्बों में जियो ट्रू 5जी सेवा दे रहा है। जियो के दोनों प्रदेश में 10 हजार से अधिक मोबाइल टावर है, जो कि दूसरे टेलीकॉम ऑपरेटर्स से तीन गुना से भी ज्यादा है।

### एजीआर और रेवेन्यू शेयर में जियो अव्वल, जियो का एजीआर 321 अरब रु. रहा

टेलीकॉम सेक्टर परआईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और सीएलएसए की ताजा रिपोर्ट में रिलायंस जियो की बढ़त साफ तौर पर उभरकर सामने आई है। तीसरी तिमाही में इंडस्ट्री के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) और रेवेन्यू शेयर दोनों मोर्चों पर जियो ने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के मुताबिक,तीसरी तिमाही में तीनो प्राइवेट प्लेयर्स यानी जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया को मिलाकर, एजीआर 2.9 फीसदी तिमाही दर तिमाही और 8.9 फीसदी सालाना बढक़र 720 अरब रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान रिलायंस जियो काएजीआर 321 अरब रुपए रहा, जो 3.9 फीसदी तिमाही दर तिमाही और 11.2 फीसदी साल-दर-साल की वृद्धि दर्शाता है। इसके साथ जियो कीएजीआर बाजार हिस्सेदारी 43 फीसदी पर पहुंच गई है। इसके मुकाबले भारती एयरटेल का एजीआर 299 अरब रुपये और बाजार हिस्सेदारी 39.9 फीसदी रही, जबकि वोडाफोन आइडिया 99 अरब रुपए एजीआर और 13 फीसदी के आसपास हिस्सेदारी पर सिमटी रही। रिपोर्ट के अनुसार, जियो ने तिमाही आधार पर 41 बेसिस प्वाइंट और सालाना आधार पर 114 बेसिस प्वाइंट बाजार हिस्सेदारी बढ़ाई। सर्किल स्तर पर जियो को, 16 सर्किलों में एजीआर मार्केट शेयर में बढ़त मिली, खासकर गुजरात, यूपी ईस्ट, यूपी वेस्ट, कर्नाटक, नॉर्थ ईस्ट और हिमाचल जैसे क्षेत्रों में उसकी पकड़ मजबूत हुई। मेट्रो मार्केट में भी दिल्ली, मुंबई और कोलकत्ता में जियो की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय इजाफा दर्ज किया गया।

# कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने की भोपाल में इंडस्ट्री लीडरशिप कॉन्क्लेव की मेजबानी

वाणिज्य डेस्क ⏭ भोपाल

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने भोपाल में पीएम-सेतु (प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईआईटीज) पर एक उच्च-स्तरीय इंडस्ट्री लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया। यह दो दिवसीय रणनीतिक परामर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के इकोसिस्टम में उद्योग-नेतृत्वित शासन व्यवस्था को समाहित करने और भारत के ट्रेनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और डिमांड-ड्रिवन बनाने के उद्देश्य से सुधारों को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। इस कॉन्क्लेव की अध्यक्षता कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की सचिव, देवश्री मुखर्जी ने वर्चुअल माध्यम से की। इसमें प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के महानिदेशक, मध्य प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (कौशल विकास), तथा मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की सचिव,देवश्री मुखर्जी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि पीएम-सेतु केवल क्रमिक अपग्रेडेशन से आगे बढक़र एक स्ट्रक्चरल रिफॉर्म का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह योजना इन्डस्ट्री को शासन व्यवस्था के केंद्र में स्थापित करती है, जिससे पार्टनर्स को अपनाए गए आईटीआई क्लस्टरों में प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार करने, प्रबंधन करने और क्रियान्वयन में नेतृत्व की भूमिका निभाने का अधिकार मिलता है। उन्होंने कहा कि यह रिफॉर्म स्किलिंग के नतीजों को रियल-टाइम इंडस्ट्रियल डिमांड के साथ जोडऩे का प्रयास है। कॉन्क्लेव में 20 से ज़्यादा प्रमुख उद्योग संगठनों ने हिस्सा लिया, जिनमें आर्सेलर मित्तल, बीएचईएल, क्रेडाई, आईटीसी लिमिटेड, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, मदरसन ग्रुप, टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट और अल्ट्राटेक सीमेंट इत्यादि शामिल थे।




पीएम सेतु को मिली गति


### आईसीएआई भोपाल शाखा में नई प्रबंधन समिति का गठन



**भोपाल।** आईसीएआई भोपाल शाखा में आयोजित बैठक में वर्ष 2026–27 के लिए नई प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इसमें सीए आदित्य श्रीवास्तव को चेयरमैन, सीए प्रदीप मुत्रेजा वाइस चेयरमैन, सीए अभिषेक जैन को सचिव, सीए पियूष चतर को सीकासा चेयरमैन,सीए नंदन नारूला को कोषाध्यक्ष तथासीए अर्पित राय एवं सीए सुचिता को सदस्य के रूप में दायित्व सौंपा गया है। यह समिति वर्ष 2026–27 के लिए कार्यरत रहेगी।

### सलोनी सरसों तेल, सोया बड़ी और स्टेफिट तेल के ब्रांड एंबेसडर बने रणबीर कपूर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज ने अपने प्रमुख ब्रांड सलोनी (सरसों तेल और सोया बड़ी) और स्टेफिट (रिफाइंड तेल) के लिए रणबीर कपूर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह साझेदारी कंपनी के ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर बनाने की और भारत भर के बाजार में अपनी पैठ को तेजी से बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

भारतभर की गृहिणियों की पसंद 'सलोनी' सरसों तेल ने उनकी ही पसंद के हीरो रणबीर कपूर को अपना ब्रांड एंबेसडर चुना है, ताकि सलोनी हर रसोई की शान बन सके। महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज ने सालाना आय में 25 फीसदी की महत्वाकांक्षी बढ़ोतरी के साथ, लगातार डबल डिजिट (दोहरे अंकों) के विकास का लक्ष्य रखा है। इस विकास को नए नए क्षेत्रों में विस्तार करके, ग्रामीण बाजारों में अंदर तक पहुंच बनाकर और मजबूत ट्रेड मार्केटिंग एवं चैनल एक्टिवेशन के द्वारा हासिल किया जाएगा।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी ने एमपीसीएसटी के सहयोग से मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**भोपाल।** लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के इंजीनियरिंग केमिस्ट्री डिपार्टमेंट द्वारा नेशनल साइंस डे के उपलक्ष्य में एमपीसीएसटी के सहयोग से दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। वूमेन इन साइंस कैटलाइजिंग विकसित भारत थीम पर सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स डा. सविता दीक्षित, प्रोफेसर, केमिस्ट्री मैनिट, डॉ. नीना अरोरा और डा संगीता यादव , श्री सत्य साई कॉलेज फॉर वूमेन ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने शोध और भारतीय महिलाओं के राष्ट्र के विकास में योगदान पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत डॉ. अशोक रॉय, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन, डॉ. अमितबोध उपाध्याय ने किया कार्यक्रम की संयोजक डॉ. वर्षा परमार और सहसंयोजक डा. आलोक चंद्रायण ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



### कॅरियर कॉलेज में विज्ञान कार्निवल का आयोजन



**भोपाल।** केमिस्ट्री विभाग, करियर कॉलेज (स्वायत्त), भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद , भोपाल के प्रायोजन से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय विज्ञान कार्निवाल का आयोजन किया गया। इस वर्ष समारोह की थीम विज्ञान में महिलाएं- विकसित भारत की उत्प्रेरक रखी गई, जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देना तथा राष्ट्र-निर्माण में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करना था। समारोह में डॉ. अमित दुबे, विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र, मैनिट भोपाल और डॉ. विजय अग्रवाल ने अपने प्रेरणादायक विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ।

### पीएंडजी शिक्षा कर रही 1 करोड़ बच्चों को सकारात्मक रुप से प्रभावित

**भोपाल।** पीएंडजी शिक्षा ने मध्य प्रदेश में 1989 में मंडीदीप में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा स्थापित करके अपना व्यावसायिक संचालन शुरू किया, जिससे महत्वपूर्ण निवेश हुआ और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए। आज यह संयंत्र पीएंडजी इंडिया की गुणवत्ता और नवाचार के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का आधार बन गया है, और प्रॉक्टर एंड गैंबल का के विश्व स्तर पर सबसे बड़ा डायपर विनिर्माण संयंत्र है। वर्ष 2005 से, पीएंडजी शिक्षा ने देश भर के हजारों विद्यालयों और समुदायों का सहयोग किया है, और लक्षित शैक्षणिक हस्तक्षेपों के माध्यम से वंचित क्षेत्रों के 1 करोड़ से अधिक बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके अंतर्गत, बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार लाने के लिए, पी एंड जी शिक्षा रोकथाम और सुधारात्मक उपायों पर ध्यान केंद्रित करती है। पीएंडजी शिक्षा ने भारत भर में 1 करोड़ बच्चों तक पहुंचने और उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की उपलब्धि की घोषणा की, जिसका उद्देश्य सीखने के अंतर को मिटाना है। यह उपलब्धि देश भर में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को सशक्त बनाने के लिए दो दशकों से अधिक समय से जारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



### भाभा विवि में दो दिवसीय बेकरी कार्यशाला का आयोजन



**भोपाल।** भाभा विश्व विद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग द्वारा दो दिवसीय बेकरी कार्यशाला का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला की विशेषता यह थी कि इसमें निर्मित सभी खाद्य सामग्री बिना अण्डे के तैयार पूर्णतः शाकाहारी सामग्री का प्रयोग कर निर्मित किए गए। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को बेकरी निर्माण की मूलभूत तकनीकों से लेकर आधुनिक प्रस्तुतीकरण तक का प्रशिक्षण दिया गया। दो दिनों में वेनिला स्पॉन्ज केक, चॉकलेट ट्रफल केक, पाइनएप्पल केक, रेड वेलवेट केक, फ्रूट केक, ब्लैक फॉरेस्ट केक, बटर कुकीज़, चॉकलेट चिप कुकीज़, डोनट्स, कपकेक, मफिन्स, ब्राउनी तथा क्रोइसां जैसे विभिन्न बेकरी आइटमों का निर्माण सिखाया गया। कार्यशाला में होटल मैनेजमेंट विभाग के अधिष्ठाता प्रो. आशीष भट्ट ने कहा कि आज के समय में बेकरी एवं कन्फेक्शनरी उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

### वीआईटी भोपाल ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 पर प्रश्न, खोज और नवाचार का दिया संदेश

**भोपाल।** वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एडवांस्ड साइंसेज एंड लैंग्वेजेज द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक प्रेरक शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन वर्ष 1928 में नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. सी. वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में किया गया। कार्यक्रम को मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी), भोपाल का सहयोग प्राप्त हुआ तथा इसका समन्वयन डॉ. अभिनव कुमार और डॉ. सौरभ मिश्रा ने विश्वविद्यालय प्रबंधन के समर्थन से किया। इस मौके पर भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) भोपाल के डॉ. वरदराजन श्रीनिवासन ने प्रकाश से जीवन तकः प्रश्न पूछने की शक्ति विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. सिद्धार्थ मैती ने बायोइंजीनियरिंग और बायोमेडिकल विज्ञान पर अपने विचार रखते हुए जैविक प्रणालियों की समझ में गणितीय संरचनाओं की भूमिका को रेखांकित किया। वहीं डॉ. रुद्र कल्याण नायक ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर व्याख्यान देते हुए अनुसंधान, उद्योग और दैनिक जीवन में एआई की बढ़ती भूमिका और उभरते रुझानों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सी.एम. राइज स्कूल, आष्टा और गवर्नमेंट हाई स्कूल, कोठारी के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ प्रश्नोत्तरी तथा मॉडल प्रस्तुति प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। समापन सत्र में डॉ. वरदराजन श्रीनिवासन और डॉ. गीतांजलि गिरि द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



### आईआईएम संबलपुर ने की एएमबीए-बीजीए मान्यता प्रक्रिया की शुरुआत

**संबलपुर।** प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में शामिल आईआईएम संबलपुर ने एसोसिएशन ऑफ एमबीए (एएमबीए) और बिजऩेस ग्रेजुएट्स एसोसिएशन (बीजीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंड्रयू मेन विल्सन तथा एएमबीए इंडिया की स्ट्रैटेजिक एंगेजमेंट मैनेजर शिखा तौंक का स्वागत किया। यह दौरा संस्थान के लिए वैश्विक मान्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दौरे के दौरान एंड्रयू मेन विल्सन ने आईआईएम संबलपुर के निदेशक प्रो. महादेव जायसवाल, डीन, बीजीए समिति के सदस्यों और विभिन्न कार्यक्रमों के अध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा की। निदेशक प्रो. महादेव जायसवाल ने कहाकि आईआईएम संबलपुर का उद्देश्य विश्वस्तरीय तकनीक को केवल एमबीए कक्षा तक सीमित न रखकर उसे उन छात्रों तक पहुंचाना है जो उद्यम स्थापित करना चाहते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वैश्विक सहयोग और उच्च शैक्षणिक मानकों के माध्यम से हम अपनी शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। एएमबीए-बीजीए के सीईओ एंड्रयू मेन विल्सन ने कहाकि मैं 180 से अधिक देशों का दौरा कर चुका हूं और 200 से ज्यादा बिजऩेस स्कूलों के साथ कार्य कर चुका हूं। मेरा मानना है कि भारत कई देशों से बेहतर स्थिति में है। आईआईएम संबलपुर जैसे संस्थान आत्मविश्वासी और सक्षम नेतृत्व तैयार कर रहे हैं, जो वैश्विक रोजगार बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल कर रहे हैं।

### पीओएसपी एजेंटों को सशक्त बनाने भोपाल में एक्सपीरिएंस सेंटर खोला

**भोपाल।** पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स के ब्रांड, पीबीपार्टनर्स ने भोपाल में नया एक्सपीरियंस सेंटर शुरू किया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने विस्तार के सफर में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल करते हुए मध्य भारत में अपनी स्थिति मजबूत की है। भोपाल का एक्सपीरियंस सेंटर पार्टनर्स की सहभागिता बढ़ाएगा और एक समर्पित फिजिकल हब के माध्यम से सुगम एवं व्यक्तिगत इंश्योरेंस सपोर्ट प्रदान करेगा। उद्घाटन के अवसर पर ध्रुव सरीन, को-फाउंडर, पीबीपार्टनर्स मौजूद थे। उन्होंने सेंटर का औपचारिक उद्घाटन किया और क्षेत्रीय उपलब्धता एवं पार्टनर सपोर्ट बढ़ाने के पीबीपार्टनर्स के लक्ष्य के बारे में बताया। इस मौके पर सीनियर लीडरशिप एवं क्षेत्रीय टीमें भी मौजूद थीं ।



### महिंद्रा ने नए बोल्ड लुक और बेहतर मास्ट डिजाइन के साथ पेश की नई रोटावेटर सीरीज

**भोपाल ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मध्य प्रदेश में अपनी नई महिंद्रा रोटावेटर सीरीज लांच करने की घोषणा की। चौड़े मास्ट डिजाइन के साथ नए बोल्ड लुक वाली यह नई महिंद्रा रोटावेटर सीरीज भारी-भरकम काम के लिहाज से बेहतरीन प्रदर्शन सुनिश्चित करती है और दिखने में भी मजबूत है। नई रोटावेटर सीरीज़ भारी-भरकम रोटावेटर श्रेणी-महावेटर और महावेटर एचडी में 4 से 9 फुट तक रेंज में उपलब्ध होगी। डॉ. अनुषा कोथंदरमन, उपाध्यक्ष और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय परिचालन और व्यवसाय प्रमुख-फार्म मशीनरी-महिंद्रा फार्म इक्विपमेंट बिजनेस ने कहाकि खेती की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मशीनीकरण बेहद जरूरी है और रोटावेटर खेतों को तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं।



### मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट ईवेंट शुरू, मिलेंगे छः मिलियन से अधिक स्टाइल

**नई दिल्ली।** मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट लेकर आया है। यह ईवेंट शुरू हो गई है। मिंत्रा इनसाईडर कस्टमर्स को इस एडिशन में फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल श्रेणियों में 20,000 से अधिक इंटरनेशनल और मेड-इन-इंडिया ब्रांड्स के 6 मिलियन से अधिक स्टाईल उपलब्ध है। इस एडिशन में मेंस और वीमेंस एथनिक वियर, ब्यूटी और पर्सनल केयर एवं वॉच और वियरेबल्स की श्रेणियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वीमेंस और मेंस वेस्टर्न वियर, मेंस एपरेल, स्पोर्ट्स वियर, और स्प्रिंग-समर एसेंशियल्स में भी अच्छी मांग है।

## चिंतन

# बम से नहीं, वार्ता से सुलझाएं विवाद

संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए व्यापक सैन्य हमलों ने क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक ढांचे को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु एवं घायल होने की सूचना ने मानवीय संकट को और गहरा कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में ईरान द्वारा भी हमले किए जाने से स्थिति और विस्फोटक हो गई है। यह संघर्ष यदि इसी दिशा में आगे बढ़ता रहा, तो इसका प्रभाव केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी चपेट में आ सकती है। सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे जाएंगे, आर्थिक संकट भी बढ़ेगा। इतिहास इस बात का साक्षी है कि बम और मिसाइलें क्षणिक बढ़त तो दिला सकती हैं, लेकिन वे स्थायी शांति की नींव नहीं रख सकतीं। इस संघर्ष ने न केवल हजारों परिवारों को शोक में डुबोया है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता को भी बढ़ाया है। स्कूलों, रिहायशी इलाकों और नागरिक प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्धों में सबसे बड़ी कीमत आम नागरिक ही चुकाते हैं। ऐसे समय में वार्ता, संयम, संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता हैं जो व्यापक विनाश को रोक सकते हैं। मध्य पूर्व का भू-राजनीतिक महत्व पूरी दुनिया जानती है। ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। यदि तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गहरा असर पड़ेगा। तेल की कीमतों में उछाल से विश्व अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा, महंगाई बढ़ेगी और विकासशील देशों की आर्थिक स्थिति और कठिन हो जाएगी। स्पष्ट है कि यह केवल दो या तीन देशों का मामला नहीं है, बल्कि पूरी वैश्विक व्यवस्था की स्थिरता का प्रश्न है। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। भारत का यह रुख संतुलित और जिम्मेदार कूटनीति का परिचायक है। इसी प्रकार चीन और रूस ने भी सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। यह सकारात्मक संकेत है कि वैश्विक शक्तियां कम से कम औपचारिक रूप से ही सही, शांति की वकालत कर रही हैं। वास्तव में, यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का है। क्या सैन्य हमले किसी परमाणु या सुरक्षा विवाद का स्थायी हल दे सकते हैं? क्या क्षेत्रीय प्रभुत्व की राजनीति निर्दोष नागरिकों के जीवन से अधिक मूल्यवान है? इन प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट है। विश्व व्यवस्था नियम-आधारित होनी चाहिए, जहां सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो। यदि कूटनीतिक प्रयासों को मजबूत किया जाए, तो विवादों का समाधान संभव है। अतीत में भी कई जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद वार्ता की मेज पर सुलझे हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों की भूमिका भी इस समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय सुरक्षा और प्रतिबंधों जैसे मुद्दों पर व्यापक और पारदर्शी वार्ता ही आगे का रास्ता दिखा सकती है। सैन्य टकराव से केवल अविश्वास बढ़ता है, जबकि संवाद से पुल बनते हैं। विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश देना होगा कि 21वीं सदी में संघर्षों का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि वार्ता है। इसलिए यही उचित होगा कि सभी पक्ष तुरंत सैन्य कार्रवाइयों पर विराम लगाएं, तनाव कम करें और बातचीत की प्रक्रिया को पुनः आरंभ करें। बम से नहीं, बल्कि वार्ता से ही स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।



तनाव
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चिंताएं

**ईरानी और इजराइल-अमेरिका युद्ध लंबा खिंचने की आशंका से भारत की भी कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी जैसी चिंताएं बढ़ सकती हैं। लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा।**

इजराइल-अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान के द्वारा इजरायल व अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमलों से निर्मित युद्ध ने दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। खास तौर से इस युद्ध में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद जहां ईरानी सेना ने इजराइल-अमेरिका से इसका पूरा बदला लेने और इजराइल- अमेरिका के द्वारा ईरान को पूरी तरह से कमजोर किए जाने के वक्तव्यों से इस युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे भारत की भी चिंताएं बढ़ सकती हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी की आशंकाओं से संबंधित हैं।

उल्लेखनीय है कि ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। ईरान ने 33 किलोमीटर चौड़ा यह जल मार्ग रोक दिया है। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। चूंकि भौगोलिक रूप से ईरान भारत का पड़ोसी क्षेत्र है और कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब आधा कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। वजह यह है कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ा सकती है। स्थिति यह है कि युद्ध के तनाव के बीच 28 फरवरी को कच्चे तेल की कीमत 73 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई, जो सात माह का रिकॉर्ड मूल्य स्तर है। युद्ध के लंबा खिंचने पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है। ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश युद्धग्रस्त है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर भी हो सकता है।

इस युद्ध से वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी बड़ा असर पड़ने की आशंका है। इस युद्ध से भारत के शेयर बाजार में बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेचने और बड़ी संख्या में निवेश निकालने की स्थिति दिखाई दे सकती है । सेंसेक्स और निफ्टी के लिए मार्च 2026 बड़ी गिरावट का महीना होगा। इस युद्ध के कारण निवेशक तेजी से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी



रुख करते हुए दिखाई देंगे। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत और तेजी से बढ़ेगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध के लंबा खिंचने पर पश्चिम एशिया में रहने वाले करीब 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी भारत के लिए चिंता का कारण बन सकती है। इस युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ सकता है और भारतीय रुपया कमजोर भी हो सकता है।

लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ था और इस वर्ष 2026 में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में इस समय लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। इसी तरह इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था।

एक खास बात यह है कि भारत में महंगाई नियंत्रित है भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर जनवरी 2026 में 1.81 प्रतिशत पर रही है। इसी तरह उपभोक्ता महंगाई दर 2.75 प्रतिशत रही है। भारत में महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्धारित लक्ष्य से भी कम है। निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। यदि युद्ध से जरूरी दवाइयों की आपूर्ति में कोई कमी आती है, तो सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले 35 प्रमुख कच्चे माल (एपीआई) का उत्पादन देश में ही तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे सकेगी। इससे दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। इस युद्ध के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। इस समय भारत के पास 74 दिनों की रणनीतिक कच्चा तेल भंडार उपलब्ध है। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। इससे कुछ ही देशों से तेल खरीदने संबंधी जोखिम कम हो गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने, महंगाई नियंत्रण व जरूरी दवाइयों की किफायती दाम पर आपूर्ति के लिए जो प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, वे युद्ध की चुनौती के बीच भारत के आम आदमी को राहत देते हुए दिखाई दे सकेंगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के दुर्भाग्यपूर्ण रूप से विस्तारित होने पर युद्ध से निर्मित आर्थिक चुनौतियों की आशंका के मद्देनजर ऐसी बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिससे देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकेगा।

( लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कूटनीति
महेन्द्र तिवारी



# खामेनेई के बाद ईरान की रणनीति व भारत पर असर

अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु और उसके बाद मोजतबा खामेनेई का सत्ता के केंद्र में आना ईरान के इतिहास का वह मोड़ है, जहां से वापसी का रास्ता केवल संघर्ष और रणनीतिक आक्रामकता से होकर गुजरता है। ईरान की आगामी रणनीति अब केवल अस्तित्व बचाने की नहीं, बल्कि अपने खोये हुए गौरव और नेतृत्व के अपमान का बदला लेने की है। अहमद वाहिदी जैसे कट्टरपंथी सैन्य रणनीतिकार के हाथों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कमान होने का सीधा अर्थ है कि ईरान अब 'रणनीतिक धैर्य' की नीति को त्यागकर 'प्रत्यक्ष प्रतिशोध' के युग में प्रवेश कर चुका है। मोजतबा खामेनेई के लिए चुनौती दोहरी है: उन्हें न केवल अपने पिता की विरासत को सुरक्षित रखना है, बल्कि देश के भीतर पनप रहे असंतोष और बाहर से हो रहे सैन्य प्रहारों के बीच एक संतुलन बनाना है। ईरान की अगली चालों में सबसे महत्वपूर्ण उसका परमाणु कार्यक्रम होगा। अंतरराष्ट्रीय दबाव व हमलों के बावजूद, ईरान अब परमाणु हथियार की क्षमता को 'अंतिम सुरक्षा कवच' के रूप में देख रहा है। 2025-26 के इस कालखंड में ईरान का 90% तक यूरेनियम संवर्धन करना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक ब्लैकमेलिंग का हथियार है, जो पश्चिम को सीधे टकराव से रोकने के लिए इस्तेमाल होगा। क्षेत्रीय स्तर पर, ईरान अपने 'एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस' यानी हिजबुल्लाह, हूती व हमास को नई ऊर्जा और आधुनिक हथियारों से लैस करेगा ताकि इजरायल-अमेरिकी ठिकानों पर दबाव बना रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी ईरान का वह ब्रह्मास्त्र है, जिसे वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाने में इस्तेमाल कर सकता है।


इस भीषण उथल-पुथल के बीच भारत की स्थिति अत्यंत नाजुक और चुनौतीपूर्ण हो गई है। भारत के लिए ईरान केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया तक पहुंचने का प्रवेश द्वार है। ईरान में इस तरह का नेतृत्व परिवर्तन और युद्ध की स्थिति भारत की 'स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी' यानी रणनीतिक स्वायत्तता की कड़ी परीक्षा है। भारत ने हमेशा से एक संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाई है, जहां उसने एक तरफ इजरायल के साथ गहरे रक्षा संबंध बना रखे हैं, वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ चाबहार पोर्ट जैसे रणनीतिक निवेशों के जरिए अपनी कनेक्टिविटी को सुरक्षित किया है। खामेनेई के बाद यदि ईरान पूरी तरह से चीन और रूस के पाले में चला जाता है, जैसा कि वर्तमान संकेतों से लग रहा है, तो भारत के लिए अपनी स्वायत्तता बनाए रखना कठिन होगा। अमेरिका और इजरायल के साथ भारत की बढ़ती निकटता के बीच ईरान का नया कट्टरपंथी नेतृत्व नई दिल्ली को संदेह की दृष्टि से देख सकता है। यदि ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगते हैं या वह पूर्ण युद्ध में उलझता है, तो चाबहार बंदरगाह और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' जैसे प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में जा सकते हैं, जो भारत के लिए मध्य एशिया और यूरोप तक पहुंचने का सबसे छोटा और सस्ता रास्ता हैं। भारत की विदेश नीति के लिए यह वह समय है जब उसे 'गुटनिरपेक्षता 2.0' के सिद्धांतों पर चलते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि वह किसी एक पक्ष का मोहरा न बने।

सामाजिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखें तो ईरान और पश्चिम के बीच बढ़ता तनाव भारत के भीतर के जनसांख्यिकीय संतुलन और प्रवासी सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और वहां से आने वाला प्रेषण भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि युद्ध फैला, तो उनकी सुरक्षित वापसी बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती होगी।

अंततः, खामेनेई के बाद का ईरान एक ऐसा ज्वालामुखी है जिसके फटने का असर वाशिंगटन से लेकर नई दिल्ली तक महसूस किया जाएगा। मोजतबा खामेनेई और अहमद वाहिदी की जोड़ी ईरान को एक सैन्यीकृत धार्मिक शासन की ओर ले जा रही है, जो कूटनीति से अधिक शक्ति प्रदर्शन में विश्वास रखता है। भारत को ऐसे समयय में अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' को ढाल बना अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, भले ही इसके लिए उसे कठिन कूटनीतिक फैसले लेने पड़ें। उसे चाहिए कि वह ईरान के नए नेतृत्व के साथ अनौपचारिक माध्यमों से संवाद बनाए रखे और साथ ही अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और मजबूत करे। ईरान का यह संकट वैश्विक व्यवस्था के पुनर्निर्धारण का संकेत है, और भारत को इस बदलती व्यवस्था में एक दर्शक के बजाय निर्णायक भूमिका निभानी होगी, ताकि उसकी ऊर्जा सुरक्षा और संप्रभुता पर आंच न आए। ईरान की अगली चालें केवल उसके भविष्य को ही नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं को भी नई दिशा देंगी।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कुंभकर्ण एवं रावण के पिछले जन्म का रहस्य



संकलित
दर्शन

सनक, सनंदन, सनातन तथा सनतकुमार भगवान विष्णु से मिलने वैकुंठ लोक गए। वहां उनके द्वारपाल जय-विजय ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और उनका अपमान किया। इससे क्रुद्ध होकर चारों मुनि कुमारों ने जय-विजय को पृथ्वी लोक पर असुर के रूप में जन्म लेने का शाप दे दिया। ऋषि कुमारों द्वारा शाप मिलने पर दोनों द्वारपालों को अपनी गलती का अहसास हुआ। वे दोनों उनके चरणों पर गिरकर पश्चाताप करने लगे और अपने अपराध के लिए क्षमा मांगने लगे। उसी समय वहां देवी लक्ष्मी सहित विष्णु पधारे। चारों मुनि कुमारों ने उन्हें प्रणाम किया। जय-विजय ने भगवान विष्णु को सास वृत्तांत सुनाया और प्रार्थना करते हुए कहा,'प्रभु हम पर दया करें। हमें शाप मुक्त करें।'भगवान विष्णु ने कहा, 'यह मेरे वश में नहीं है। ये चारों मुनि कुमार ही तुम्हें इस शाप से मुक्त कर सकते हैं।' मुनि कुमारों को दोनों द्वारपालों पर दया आ गई। उन्होंने जय-विजय से पूछा, 'आप सौ योनियों में जन्म लेकर भगवान विष्णु के भक्त बनकर जीने के बाद शाप मुक्त होना चाहेंगे या फिर तीन योनियों में भगवान के शत्रु बनकर जीने के बाद मुक्त होना चाहेंगे। दोनों ने कहा, 'सौ जन्म भगवान से दूर रहने की बजाय हम तीन जन्मों का ही चयन करेंगे।'जय और विजय ने असुरों के रूप में पहली योनि में हिरण्याक्ष तथा हिरण्यकशिपु, दूसरी योनि में कुंभकर्ण एवं रावण और तीसरी योनि में शिशुपाल तथा दंतवक्र के रूप में जन्म लिया। भगवान विष्णु ने नरसिंह, राम तथा कृष्ण का अवतार धारण कर उनका संहार कर शाप से मुक्ति दिलाई।

# आपकी इच्छाशक्ति में सफलता का बीज



संकलित
प्रेरणा

दुर्बल इच्छाशक्ति एक सीमित इच्छाशक्ति है। जैसे ही कठिनाइयां और असफलताएं उसे नष्ट कर देती हैं, अनंत शक्ति के स्रोत से उसका संबंध टूट जाता है। अच्छे उद्देश्य के लिए इच्छाशक्ति के पीछे ईश्वर की इच्छाशक्ति होती है, जो कभी विफल नहीं हो सकती। यहां तक कि ईश्वर की इच्छाशक्ति को रोकने की शक्ति मृत्यु में भी नहीं है। जिस प्रार्थना के पीछे अनवरत इच्छाशक्ति हो, उस प्रार्थना का उत्तर प्रभु अवश्य देंगे। अधिकांश लोग जब कुछ ऐसा पाने की कोशिश कर रहे होते हैं, जिसका उनके लिए बहुत महत्व है, तो वे अत्यधिक अशांत या तनावग्रस्त हो जाते हैं। अधीर और अशांत कार्य ईश्वर की शक्ति को आकर्षित नहीं करते, परंतु इच्छाशक्ति का निरंतर शांत, शक्तिपूर्ण प्रयोग सृष्टि की शक्तियों को झकझोर देता है और अनंत से उत्तर प्राप्त करता है। आप जो कुछ भी करना चाहते हैं, उसकी सफलता का बीज आपकी इच्छाशक्ति में है। कठिनाइयों से बुरी तरह आहत हुई इच्छाशक्ति थोड़े समय के लिए पंगु हो जाती है, परंतु जो कृतसंकल्प मनुष्य यह कहता है, 'मेरा शरीर भले ही टूट जाए, परंतु इच्छाशक्ति रूपी मेरा सिर झुक नहीं सकता।' वह इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करता है। इच्छाशक्ति ही आपको दिव्य बनाती है। जब आप उस इच्छाशक्ति का प्रयोग करना बंद कर देते हैं, तो आप नश्वर मानव बन जाते हैं। बहुत-से लोग कहते हैं कि हमें अपनी इच्छाशक्ति का प्रयोग परिस्थितियों को बदलने के लिए नहीं करना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है। *– रमेश कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### अहम भूमिका निभाएगा तमिलनाडु



तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### ममता को हटाना चाह रही जनता



तृणमूल पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी में बदलाव कर इसे 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाना चाहती है। राज्य का हर सही सोच रखने वाला नागरिक अब अपनी सुरक्षा और अस्तित्व के लिए ममता बनर्जी की इस सरकार को हटाना चाहता है। **-धर्मेंद्र प्रधान**, केंद्रीय मंत्री

### पिंक कार्ड से फ्री यात्रा



पिंक कार्ड से दिल्ली की महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही इसका उपयोग मेट्रो, क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सशुल्क यात्रा के लिए भी किया जा सकेगा। **-रेखा गुप्ता**, सीएम, दिल्ली

### पीएम को देश से मतलब नहीं



भाजपा ने एक साल के शासन में राष्ट्रीय राजधानी को बर्बाद कर दिया। यहां की सड़कें टूटी हुई हैं, पानी भी दूषित है और वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री का देश से कोई मतलब नहीं है। **-अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, दिल्ली

## करंट अफेयर

# ईरान में आसान नहीं होगा सत्ता परिवर्तन



ईरान में गूंजे धमाकों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ सैन्य दबाव है या ईरान में सत्ता परिवर्तन की शुरुआत। इन हमलों के पैमाने से आपको क्या संकेत मिलता है? मुझे लगता है कि इन बड़े हमलों और क्षेत्र में कई हफ्तों से तैनात जहाजों तथा कुछ सैनिकों के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका प्रशासन ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहा है। मेरा अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक और हमले हो सकते हैं। शुरुआत में वे उस पारंपरिक रणनीति को अपनाएंगे, जिसमें सेना के कमांड और नियंत्रण प्रणाली यानी सैन्य नियंत्रण के मुख्य केंद्रों को निशाना बनाया जाता है। मीडिया में आ रही खबरों से हमें पहले ही पता लग गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आवास पर हमला किया गया है। इसमें उनकी मौत हो गई है। यहां अमेरिका की रणनीतिक अंतिम योजना क्या है? सत्ता परिवर्तन करना आसान नहीं होगा। आज ट्रंप ने ईरानी जनता से सरकार को गिराने की अपील की है लेकिन यह बहुत कठिन काम है। बिना हथियारों के लोग उस शासन को मुश्किल गिरा पाएंगे जो बहुत कड़े नियंत्रण में है और जिसके पास भारी हथियार हैं।

## ऑफ बीट

# विकसित भारत 2047 युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालयों व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

औबेदुल्लागंज में होली पर्व को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़, जमकर हो रही खरीदारी

# रंग-बिरंगे गुब्बारे, रंग-गुलाल और विभिन्न प्रकार की पिचकारियों से पटा बाजार, हर्बल गुलाल की विशेष मांग, मिठाइयों की हो रही जमकर खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में होली पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। रंग-गुलाल, अबीर और आकर्षक पिचकारियों से बाजार सज गए हैं। मुख्य बाजार की दुकानदारों पर बच्चों के लिए कार्टून थीम वाली पिचकारियां, टैंक पिचकारी, रंग-बिरंगे गुब्बारे और हर्बल गुलाल की विशेष मांग है।

युवाओं में भी अलग-अलग प्रकार के रंग और नए डिजाइन की पिचकारियों को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। महिलाएं घरों के लिए अबीर-गुलाल के साथ-साथ होली पर बनने वाले पकवानों की खरीदारी में जुटी हैं। बाजार में मिठाई और नमकीन की दुकानों पर भी रौनक बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि इस बार बिक्री अच्छी रहने की उम्मीद है। नगर में चारों ओर फाग गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है, जो होली पर्व के माहौल को पूरी तरह से उत्सवमय बना दिया है। प्रशासन भी शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क नजर आ रहा है।


औबेदुल्लागंज में सजी पिचकारियों की दुकान में खरीदारी करते लोग।

## होलिका दहन और धुलेंडी को लेकर लोगों में असमंजस बरकरार

**मंडीदीप।** मंडीदीप में रंगों का पर्व होली को लेकर बाजार सज चुके हैं। नगर के मुख्य बाजार मंगल मार्केट, शनिवार मार्केट समेत सतलापुर का बाजार रंग बिरंगी पिचकारियों से दुकानें सजी हुई हैं। वहीं नगर में समाज के लोगों में एक असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि होलिका दहन और धुलेंड़ी कब है। मंडीदीप समेत आस-पास के गांवों में होली पर्व धूमधाम से मनाया जाता है।

पंडित राजेंद्र शर्मा ने बताया कि इस बार होली दहन पर भद्रा का साया और चंद्र ग्रहण का सूदक है। उन्होंने बताया कि दो फरवारी की शाम 5.30 बजे से रात 11.40 बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त है और तीन फरवारी को चंद्र ग्रहण होने के कारण रंग लेखना वर्जित माना गया है। इसलिए इस बार 4 फरवारी को धुलेंडी यानी रंग खेला जाएगा। नगर में 50 से अधिक जगहों पर होलिका का दहन किया जाएगा, जिसमें 50 साल पुरानी मंडीदीप की होली मोहल्ला वार्ड तीन में होलिका दहन किया जाएगा।


मंडीदीप में सजी रंग और पिचकारियों की दुकान।

### हनुमान जी के गदे की पिचकारी की मांग

मंडीदीप के बाजारों में विभिन्न प्रकार की पिचकरी आई हैं, जिसमें बच्चे सबसे ज्यादा हनुमान जी के गदे वाली पिचकारी की मांग कर रहे है। वहीं प्राकृतिक गुलाल और रंगों की भी लोग ज्यादा डिमांड कर रहे है।

### हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की नजर

होली पर्व पर हुड़दंग करने वाले और गुंडा, बदमाशों पर पुलिस का शख्त पहरा रहेगा और विवादित जगहों पर पुलिस के अतिरिक्त जवान तेनात रहेंगे। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी।

---

## खबर संक्षेप



### कृषि उपज मंडी के दशरथ राजपूत सेवानिवृत्त

**औबेदुल्लागंज।** कृषि उपज मंडी के दशरथ राजपूत के सेवानिवृत होने पर भारसाधक अधिकारी तहसीलदार निलेश सरवटे, कृषि उपज मंडी के सचिव कैलाश चंद्र बामालिया सहित कृषि उपज मंडी के समस्त कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर दशरथ सिंह राजपूत ने कहा कि सरकारी नौकरी में काम कर रहे लोगों को पूर्ण इमानदारी और सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। तहसीलदार निलेश सरवटे ने कहा कि दशरथ सिंह राजपूत ने अपने सेवा कार्य में मेहनत और लगनशील रहकर कार्य किया है।

### सेरिया नप अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार



**औबेदुल्लागंज।** पार्षद सुनील सेरिया नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं। उनका अध्यक्ष पद के लिए लड़ना पक्का माना जा रहा है। सुनील सेरिया वर्तमान में सेरिया आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरेटीबल सोसाइटी एवं दलित पिछड़ा वर्ग के प्रमुख नेता माने जाते हैं। सुनील सेरिया ने सभी नेताओं को पीछे छोड़कर अपना नाम बढ़ाया है। दलित पिछड़ा वर्ग के सूरज सागर ने बताया कि सुनील सेरिया नगर परिषद के अध्यक्ष चुनाव के प्रबल दावेदार हैं और दलित पिछड़ा वर्ग में अच्छी छवि हैं।

### मंदिर के पास बनी वाइन शॉप हटाने किया प्रदर्शन



**भोपाल।** राजधानी के भोपाल के शाहजहांनाबाद क्षेत्र में स्थित पुरानी पुलिस लाइन और रामनगर हनुमान मंदिर के समीप संचालित वाइन शॉप को हटाने की मांग को लेकर रविवार को स्थानीय लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, महिलाएं और युवा मौके पर एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि धार्मिक स्थल और घनी आबादी वाले आवासीय इलाके के बीच शराब की दुकान का संचालन क्षेत्र की सामाजिक और सांस्कृतिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उनका आरोप है कि दुकान के आसपास देर शाम तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आए दिन विवाद और हंगामे की स्थिति बनती है। स्थानीय महिलाओं ने बताया कि मंदिर आने-जाने और रोजमर्रा के कार्यों के दौरान उन्हें असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। निवासियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले भी इस संबंध में कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

---

तेजस अस्पताल के पास शनिवार देर रात हुआ दर्दनाक हादसा

# हिट एंड रन... तेज रफ्तार बोलेरो ने मारी बाइक को टक्कर, एक की मौत

### हादसे के बाद चालक मौके से फरार, पुलिस ने बोलेरो वाहन को जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी भोपाल में दर्दनाक सड़क हादसे में सेज कॉलेज में कार्यरत युवक की मौत हो गई। कटारा थाना क्षेत्र अंतर्गत घटना तेजस अस्पताल के पास शनिवार देर रात हुई। जब ड्यूटी से लौट रहे युवक को तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने बोलेरो वाहन को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गौरीशंकर परिषद में रहने वाले नीतीश राजपूत सेज कॉलेज में कार्यरत थे। शुक्रवार देर रात वह अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह तेजस अस्पताल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नीतीश बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई और इलाज शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद युवक ने दम तोड़ दिया।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में हिट एंड रन की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी चालक की पहचान की जा सके। पुलिस ने मुआयना करने के बाद दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया है।

### अरेरा हिल्स के 12 गुंडे-बदमाशों को भेजा जेल

**भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र के भीम नगर व रोशनपुरा झुग्गीबस्ती इलाकों में आए दिन होने वाले लड़ाई-झगड़ों व अन्य आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने शनिवार को एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। इससे पहले शुक्रवार को भी अरेरा हिल्स पुलिस ने चार लोगों को शांति व्यवस्था भंग करने के लिए गिरफ्तार कर जेल भेजा था। होली, रमजान व ईद जैसे त्योहारों की सुरक्षा के मद्देनजर जिन बदमाशों को जेल भेजा गया है उनके नाम सोहेब खान (19) निवासी भीम नगर, सोहेल खान (23) निवासी सब्जी मंडी काम्प्लेक्स भीम नगर, अजय तिवारी (26) निवासी स्कूल के पीछे भीम नगर, निखिल लोवंशी (25) निवासी भीम नगर, धर्मेन्द्र गिरी (27) निवासी भीम नगर, मजहर अली उर्फ मज्जू (33) निवासी भीम नगर, बृजेश अहिरवार (32) निवासी चारनल के पास भीम नगर, आलामीन (18) निवासी सांपवाली गली रोशनपुरा, बल्लू डोंगरे (40) निवासी भीम नगर, अजय चौहान (37) निवासी भीम नगर, शोएब खान (19) निवासी भीम नगर, विनोद कटारे (42) निवासी मारकंडे मंदिर के सामने तलैया बताए गए हैं।

## आरिफ नगर में तलवार से युवकों पर जानलेवा हमला

**भोपाल।** शहर के गौतम नगर थाना इलाके के न्यू आरिफ नगर में शनिवार देर रात खूनी संघर्ष की घटना सामने आई है। शिकायत के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल ले गई।

इस मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। शिकायत के बाद आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर सभी की तलाश जारी है। वारदात के बाद आरोपी फरार हैं। गौतम नगर थाना पुलिस के अनुसार आदिल और उसके साथी पर तलवार से हमला किया गया है। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि विवाद पुरानी रंजिश को लेकर हुआ हो सकता है। शिकायत के बाद पुलिस ने हमला करने के आरोप में जावेद, अदनान, राशिद और अन्य का नाम सामने आ रहा है। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

---

लोकायुक्त पुलिस ने की भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई

# 57 करोड़ की काली कमाई बेनकाब, 66 मामलों में सजा, 229 अधिकारी-कर्मचारी रिश्वत लेते पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश लोकायुक्त पुलिस ने वर्ष 2025 में बड़ा खुलासा किया है। साल भर की कार्रवाई में 57 करोड़ रुपए से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति उजागर की गई, जबकि 66 मामलों में दोषियों को अदालत से सजा भी दिलाई गई। आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ छापेमारी ही नहीं, बल्कि अभियोजन के स्तर पर भी एजेंसी ने मजबूत पकड़ बनाई है।

लोकायुक्त की विशेष पुलिस स्थापना में वर्ष भर में कुल 257 आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए। इनमें 229 मामले ट्रैप कार्रवाई के रहे, जहां अधिकारी और कर्मचारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए। यह औसतन हर महीने करीब 19 ट्रैप केस का आंकड़ा दर्शाता है। अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने के 11 मामलों में 57 करोड़ से अधिक की संपत्ति का खुलासा हुआ, जबकि पद के दुरुपयोग से जुड़े 17 प्रकरण भी दर्ज किए गए। कई मामलों में छापों के दौरान करोड़ों की चल-अचल संपत्ति, बैंक खाते और निवेश सामने आए।

### 4,768 शिकायतें, 581 ही जांच के योग्य

*लोकायुक्त संगठन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए वर्ष 2025 में कुल 4,768 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 4,187 का निराकरण किया गया, जबकि 581 शिकायतें जांच योग्य पाई गईं। 368 प्रकरणों को समापन किया गया। 8 मामलों में विभागीय जांच की अनुशंसा की गई और 30 मामलों में संबंधित विभागों ने दंडात्मक कार्रवाई की जानकारी दी। शिकायत एवं जांच शाखा की पहल पर शासन के आदेशानुसार 13 करोड़ 6 लाख 20 हजार 239 रुपए की वसूली भी की गई।*

### 175 मामलों में चालान, 66 में सजा

*न्यायालयीन स्तर पर भी कार्रवाई प्रभावी रही। विभिन्न विशेष न्यायालयों में 175 मामलों में चालान पेश किए गए। इसी अवधि में 66 मामलों में आरोपियों को सजा सुनाई गई। यह संकेत देता है कि जांच के साथ-साथ अभियोजन की प्रक्रिया भी मजबूत हुई है और दोष सिद्धि दर संतोषजनक रही।*

अड़ीबाजी के मामले में अब मोबाइल से खुलेंगे कई राज

## पूर्व रेलवे कर्मी पुलिस रिमांड पर पूछताछ में नहीं मिला कुछ खास

**आरोपी राजेश तिवारी कई लोगों को ब्लैकमेल कर चुका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में स्लॉटर हाउस की आड़ में गौमांस तस्करी करने वाले असलम चमड़े के करीबी से ब्लैकमेलिंग करने वाले पूर्व रेलवेकर्मी राजेश तिवारी को पुलिस ने रिमांड पर लिया है, जिससे पुलिस ने रातभर पूछताछ की, लेकिन कुछ अधिक जानकारी नहीं मिल सकी। अब पुलिस को पता चला है कि उसके मोबाइल को फॉरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजा है, जिससे कई राज खुल सकते हैं।

ऐसा माना जा रहा है कि उसके मोबाइल में ब्लैकमेलिंग से जुड़े कई वीडियो हैं, जिसके आधार पर पुलिस अपनी जांच जारी रखेगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस की टीम कल आरोपी राजेश तिवारी को अदालत में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उसे एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा है। पुलिस अब उससे यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसके पास पिस्टल और एमडी कहां से आई। वह भोपाल के किन तस्करों के संपर्क में था। पुलिस का कहना है जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। हालांकि पुलिस इस मामले में किसी भी तरह का आधिकारिक बयान नहीं दे रही है। बताया जाता है कि दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी राजेश तिवारी कई लोगों को ब्लैकमेल कर चुका है। क्योंकि उसके मोबाइल में ब्लैकमेलिंग से जुड़े वीडियो मिले हैं।

---

एक शाम दिवंगत ट्रस्टियों के नाम कार्यक्रम आयोजित

## गीतों की प्रस्तुति में दिवंगत ट्रस्टियों को किया याद पदाधिकारियों व फैकल्टी ने लिया अंताक्षरी में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

साधु वासवानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित साधु वासवानी महाविद्यालय में आयोजित 'एक शाम दिवंगत ट्रस्टियों के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अमन सूफी द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यायक रामेश्वर शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. केएस बुधवानी ने की।

एज्युकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी, राजेन्द्र मनवानी, अशोक आडवानी, दिनेश वाधवानी, हेमंत आसवानी एवं प्राचार्य डॉ. एके सिंह विशेष रूप से मौजूद थे। अध्यक्ष दयालदास डेटानी ने अपने उद्बोधन में आमंत्रित अतिथि एवं समाज सेवियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। समाजसेवी एवं साहित्यकर्मी साधु वासवानी महाविद्यालय परिवार की ओर से आशुतो लक्ष्मण व डॉक्टर गुलाब राय टेवानी को भी अभिनंदन पत्र मोमेंटो, स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं शॉल देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय की प्राध्यापिका एवं संचालिका डॉ. सुप्रिया दास एवं अनुष्का श्रीवास्तव द्वारा बच्चों, प्राध्यापक एवं प्रबंधक समिति के सदस्यों अंताक्षरी प्रतियोगिता में भाग लिया।


कार्यक्रम में सम्मानित करते विधायक रामेश्वर शर्मा।

स्थानीय रहवासियों ने कार्य शीघ्र पूर्ण कर सड़क समतल करने की मांग की

## वार्ड 13 में नवनिर्मित सड़क खोदने से रहवासी परेशान, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के वार्ड 13 में नगर परिषद द्वारा स्टेशन रोड, चूड़ी बाजार और पोस्ट ऑफिस वाली गली में बनी नई सड़क को दोबारा खोद देने से स्थानीय रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बिना पूर्व सूचना के सड़क खोदने से आवागमन बाधित हो गया है, लोगों को घरों से निकलने में कठिनाइयां हो रही है।

एडवोकेट राजेश दीक्षित, सरदार मंजीत सिंह, टिंकू ठाकुर, पूर्व पार्षद आशीष दीक्षित, सुनील वर्धमान, नीरज चावला, गिरीश चावला, नफीस, जितेंद्र दुबे, सुदामा तिवारी, दीपेंद्र नागर, डॉ. माखन नागर, शंकर सेठी, मनोज खत्री, नंदू शर्मा, रामकिशोर नंदवंशी, रमेश सेठी, प्रदीप भंडारी, राकेश तिवारी आदि रहवासियों का कहना है कि कुछ ही समय पहले सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन अब पाइप-लाइन और नाली बनाने के नाम पर सड़क को जगह-जगह से खोद दिया गया है। इसके साथ ही सड़क कई महीनों से खुदी पड़ी है, जिससे स्टेशन रोड के सभी व्यापारी एवं दुकानदार परेशान है।


नगर परिषद ने पाइप-लाइन के लिए वार्ड 13 में खोदी सड़क।

### धूल से लोग हो रहे बीमार

व्यापारियों का कहना है कि उड़ती धूल से फेफड़ों के रोग होने की संभावना है। धूल उड़ कर दुकानों के अंदर आती है, इससे सामान खराब हो रहे हैं। सड़क हुए गड्ढों से दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से परेशानी झेलनी पड़ रही है। वार्डवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि कार्य शीघ्र पूर्ण कर सड़क को पुनः समतल कराया जाए। वार्ड 13 के पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने बताया कि मुझे भी वार्ड के रहवासी रोजाना शिकायत करते हैं। मैं नगर परिषद में कई बार कह चुकी हूं पर आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है।

---

शिकायत पर अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

# शेयर ट्रेडिंग में 100 फीसदी का मुनाफा दिखाकर निजी कंपनी के अकाउंटेंट को लगाया 13 लाख रुपए का चूना

***वाट्सएप पर लिंक भेजकर ग्रुप से जोड़ा, शुरू में दिखा प्रॉफिट, वॉलेट से नहीं निकली रकम***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी पुलिस ने निजी कंपनी के अकाउंटेंट की शिकायत पर अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने फरियादी के वाट्सएप पर एक लिंक भेजकर ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग ग्रुप से जोड़ा और शुरू में एक लाख रुपए निवेश करने पर 20 फीसदी मुनाफा होने का प्रलोभन दिया। बाद में 10 लाख रुपए निवेश करने पर 100 फीसदी मुनाफा होने का लालच दिया। वॉलेट में प्रॉफिट दिखता देख फरियादी ने करीब 13 लाख रुपए इंवेस्ट कर दिए, लेकिन जब उन्होंने अपना पैसा और प्रॉफिट निकालना चाहा तो जीएसटी सहित अन्य तरह के टैक्स के नाम पर लाखों रुपए की मांग की। धोखाधड़ी का आभास होने पर फरियादी ने साइबर सेल में शिकायत कर दी। साइबर सेल ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी अवधपुरी थाने भेजी है।




पुलिस के मुताबिक शिवलोक फेस-5 अवधपुरी निवासी आदी मलम सुरेश (58) निजी कंपनी में अकाउंटेंट हैं। वह ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग भी करते हैं। फरवरी माह में उनके वाट्सएप पर अंजान नंबर से एक लिंक भेजा गया। फॉलो करने पर उन्हें ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग वाले सेमर ट्रेडिंग प्लेटफार्म नाम के ग्रुप से जोड़ लिया गया। एप पर उनका डीमेट अकाउंट भी खोला गया। ग्रुप पर दिखाया गया कि यदि आप एक लाख रुपए निवेश करते हैं तो ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में 20 फीसदी मुनाफा होगा। फरियादी ने एक लाख रुपए निवेश कर दिए। उनके वॉलेट पर 20 फीसदी का मुनाफा दिखने लगा। मैसेज कर दो लाख रुपए निवेश करने पर 40 फीसदी मुनाफे का प्रलोभन दिया। दो लाख रुपए निवेश करने पर भी उन्हें 40 फीसदी प्रॉफिट हो गया। अंत में उनसे कहा गया कि यदि आप दस लाख रुपए इंवेस्ट करते हैं तो 100 फीसदी मुनाफा होगा। लालच में आकर फरियादी आदी मलम सुरेश ने दस लाख और इंवेस्ट कर दिए। वॉलेट में उनका प्रॉफिट दोगुना दिखने लगा, लेकिन जब वॉलेट से रकम निकालना चाही तो नहीं निकल सकी। मैसेज के माध्यम से उनसे कहा गया कि वॉलेट से रकम निकालने के लिए उन्हें जीएसटी व दूसरे अन्य टैक्स के लाखों रुपए जमा करना होंगे। अवधपुरी पुलिस के एएसआई जसवंत सिंह का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## 18वें स्थापना दिवस पर 13 मार्च को निकाली जाएगी साईं बाबा पालकी

आयोजित बैठक में कार्यक्रम की सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर के कैलाश नगर स्थित साईं बाबा मंदिर समिति द्वारा समिति के 18वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन धूम धाम से किया जाएगा। साईं बाबा की भव्य पालकी भी निकलेगी। कार्यक्रम आयोजक आचार्य पंडित गंगाराम भार्गव ने बताया कि 12 मार्च मंदिर में संगीत में सुंदरकांड का पाठ किया गया है। वहीं 13 मार्च को भव्य पालकी निकाली जाएगी एवं शाम को महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

विधायक रामेश्वर शर्मा, भोपाल विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, गांधीनगर मंडल भाजपा के अध्यक्ष राजू मीणा, योगेश वासवानी, राहुल राजपूत, शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई।



प्रदेश भर में आज और कल देर रात तक होलिका दहन का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा

# राजधानी में लगभग 2000 स्थानों पर मनाई जाएगी होलिका दहन की रस्म

**4 मार्च को धुलेंडी पर्व पर शहर में रंग, अबीर, गुलाल लगाकर लोग एक दूसरे को होली की देंगे शुभकामनाएं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में होलिका दहन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शहरभर में सोमवार को करीब 2000 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इसके साथ ही पांच दिवसीय रंगोत्सव की शुरूआत हो जाएगी। हालांकि होलिका दहन को लेकर भ्रम में स्थिति बनी हुई है। ऐसे में राजधानी सहित प्रदेश भर में 2 व 3 मार्च की देर रात तक को होलिका दहन का पर्व मनाया जाएगा। तो वहीं 4 मार्च को धुलेंडी पर्व पर शहर में रंग, अबीर, गुलाल लगाकर लोग एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे। होलिका दहन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इस बार गोकाष्ठ समितियों ने जगह-जगह स्टॉल लगाए हैं, जहां रियायती दरों पर गोकाष्ठ उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### कैसे करें पूजा ?

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शुद्ध स्थान पर गोबर से लीपकर यहां लकड़ियां गोकाष्ठ जमा करें, गोबर के कंडे और मलरिया लगाएं। एक लाल रंग का पताका लगाएं। फिर गंध, धूप, दीप इत्यादि से भक्त प्रहलाद का पूजन करें, उसके बाद शुभ मुहूर्त में होलिका दहन करें। दहन के बाद अग्नि की सात परिक्रमा लगाएं। अन्न समृद्ध हो, इसके लिए गेहूं की बालियां सेंक कर ग्रहण करें, यह परिवार के बच्चों को भी खिलाएं, इससे आयुष्य और आरोग्य में वृद्धि होती है और वर्ष पर्यंत रोगों से बचाव होता है।

**30 किलो के कपड़े के बैग में लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है गोकाष्ठ**

## होलिका दहन के लिए 52 सेंटरों से शहरवासियों ने एकत्रित किया लगभग 1800 क्विंटल गोकाष्ठ

जंगलों को कटने से बचाने और गऊ माता के संवर्धन की पुनीत भावना को लेकर गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति विगत नो वर्षों से होलिका दहन पर्व पर शहरवासियों को लकड़ी के श्रेष्ठ विकल्प के रूप में गोकाष्ठ उपलब्ध करा रही हैं। यह गोकाष्ठ तीस किलो के कपड़े के बैग में उपलब्ध कराई जा रही है। जो तीन सो रुपए में आमजन को दी जा रही है। गोकाष्ठ परिवार के अध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया कि जनता को सुगमता से गोकाष्ठ मिल सके इसलिए हमारी कमेटी ने पूरे शहर के हर हिस्सों को कवर करते हुए 52 गोकाष्ठ विक्रय सेंटर बनाए है। रविवार को शहरवासियों ने इन सेंटरों से 1800 क्विंटल गोकाष्ठ क्रय की।


गोकाष्ठ से होली का संदेश।

**इनसे करें संपर्क**

इस अभियान से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अजय दुबे 9826489749, डॉ योगेंद्र सक्सेना 8817677175, प्रमोद चुग 9425008240, अरुण चौधरी 9425011312, मम्तेश शर्मा 9300068899, हेमंत अजमेरा 9425019786, अमित शुक्ला 9926535535, रामबाबू शर्मा 9826058770, रजनीश त्रिपाठी 9009371524, पूर्णा सिंह 9589680538, समता अग्रवाल 9301219600, मीता वाधवा 9893043463, लक्ष्मी नारायण राजपूत 9826745576, शैलेंद्र निगम 9425011013, सुनील जेनाविन 9300473631 से संपर्क कर सकते हैं।

**शहर के प्रमुख गोकाष्ठ विक्रय सेंटर**

प्लेटिनम प्लाजा माता मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर शिवाजी नगर, मां कालिका मंदिर कामधेनु गोशाला भदभदा रोड, भोजपुर क्लब अरेरा कॉलोनी, शुभम् नर्सरी पटेल नगर, गुजराती कॉलोनी बावड़ियां कला, नर्मदा इंडस्ट्रीज गोविंदपुरा, श्री राम मंदिर हमीदिया रोड, मंगलवारा थाने के पास, मानस भवन श्यामला हिल्स,शुभम् नर्सरी होशंगाबाद रोड, गोमती कॉलोनी नेहरू नगर, मानस उद्यान गुफा मंदिर, दैनिक भास्कर मुख्यालय एम पी नगर, मिलन केटर्स बरखेड़ा, आदित्य एवेन्यू एयरपोर्ट रोड, ग्लोबस ग्रीन एकड़ फेस टू क्लब हाउस लालघाटी, मंदाकिनी ग्राउंड कोलार, अरेरा क्लब लिंक रोड नंबर एक, प्रेम कुटी नादरा बस स्टैंड, चलित वाहन जंबूरी मैदान, करोंद चौराहा, मेहता मार्केट, बैरागढ़ थाना, रातीबड़ चौराहा, लालघाटी चौराहा, पीपुल्स मॉल, मिनाल रेसीडेंसी चौराहा। उपरोक्त स्थानों पर शहरवासियों को सुगमता से गोकाष्ठ उपलब्ध रहेगी। गोकाष्ठ समिति के समन्वयक पंडित मम्तेश शर्मा ने बताया कि शहरवासियों की सुविधा के लिए समिति द्वारा इस वर्ष बहुतायत में गोकाष्ठ संग्रह की गई हैं किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।


बड़वाले महादेव मंदिर में होली खेलते श्रद्धालु।

## गुलाल कुंड पर होली उत्सव


मुक्तेश्वर महादेव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्रीजी मंदिर में रविवार को तिवारी में कुंड का निर्माण कर पेड़ पौधों बी बीच प्रभु श्रीनाथजी का विराजमान कर फूल इत्र और गुलाल से होली खिलाई। इसके बाद वैष्णव जनों पर गुलाल की पोटली बनाकर गुलाल उड़ाए गई इत्र एवं पुष्पों की वर्षा की गई। सब वैष्णव जनों ने नृत्य किया। प्रभु में समर्पित प्रसादी खिलौने एवं टॉफियां भी लुटाई गई। लाल पीली गुलाल एवं गुलाब गेंदे एवं बिजली का फूल से होली की गई। सोमवार को राल की होली होगी। जिसके राल की अग्नि के दर्शन होंगे हो वर्ष में एक बार होते है। इतवारा स्थित श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में 4 दिवसीय होली उत्सव के तीसरे दिन रविवार को नंदगांव के भाव से होली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सखियां ठाकुर जी के द्वार पर पहुंचकर उन्हें स्नेहपूर्ण गारी सुनाती हुई फागवा मांगने लगीं। ब्रज की परंपरा के अनुरूप गारी और रसिया गाकर वातावरण को पूर्णतः ब्रजमय बना दिया गया। होली उत्सव की शुरूआत टोली के मंदिर में आगमन से होती है। टोली के पहुंचते ही ढफ की मधुर ध्वनि गूंज उठती है और उसी के साथ होली की शुरूआत होती है। इसके पश्चात रसिकजन ठाकुर जी से फगवा माँगते हैं जिसमें उन्होंने गाया फगवा दे मोहन दारी के। उत्सव के दौरान लगभग 2 क्विंटल पुष्पों तथा 50 किलो प्राकृतिक रंगों से ठाकुर जी एवं उपस्थित भक्तों के साथ आनंदपूर्वक होली खेली गई। मंदिर परिसर में रंग, रस और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

'कर्मश्री' की बैठक में नववर्ष आयोजनों की रूपरेखा तय, 25वें विराट कवि सम्मेलन की तैयारी, विधायक शर्मा ने कहा

## स्वयं प्रकृति करती है हिंदू सभ्यता में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होने वाले नववर्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिंदू नववर्ष को प्राकृतिक नव वर्ष बताते हुए हुजूर विधायक एवं कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने कहा कि दुनिया के अलग-अलग देशों में नववर्ष विभिन्न तिथियों पर मनाया जाता है, लेकिन उनका प्रकृति से सीधा संबंध नहीं होता। केवल हिंदू सभ्यता में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होने वाले नववर्ष का स्वागत स्वयं प्रकृति करती है। इसलिए हिंदू नववर्ष ही वास्तविक और प्राकृतिक नव वर्ष है।

रविवार राजधानी के अटल पथ स्थित जैन मंदिर में आयोजित कर्मश्री संस्था की विशाल बैठक में लगभग 2000 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर अटल पथ पर आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन सहित विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।



उद्बोधन देते शर्मा।

### 25वां वर्ष : विराट कवि सम्मेलन की परंपरा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि कर्मश्री के तत्वावधान में हिंदू नववर्ष पर आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का यह 25वां वर्ष है। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष पूर्व इस आयोजन की शुरुआत समाज, विशेषकर नई पीढ़ी को अपनी धर्म, सभ्यता और संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से की गई थी। आज इस पहल से प्रेरित होकर भोपाल में लाखों लोग हिंदू नववर्ष पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि समाज में धर्म, संस्कृति और संस्कारों के प्रचार-प्रसार के लिए सतत सक्रिय रहें और अधिकाधिक परिवारों को इन आयोजनों से जोड़ें।

### सामूहिकता के साथ मनाएं होली

बैठक के अंत में विधायक शर्मा ने कार्यकर्ताओं को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सामाजिक समरसता का पर्व है। इसे अकेले नहीं बल्कि सामूहिकता के साथ मनाना चाहिए। होली आपसी मनमुटाव मिटाकर दिलों को जोड़ने का अवसर देती है, इसलिए इस पर्व पर भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। बैठक में विमल दास महाराज गुफा मंदिर अधिकारी, भोपाल चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष गोविंद गोयल, कथा वाचक पंडित मुकेश महाराज, श्रम श्री संस्था के अध्यक्ष राम बाबू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

करियर कॉलेज में माय भारत के तत्वावधान में हुआ आयोजन

## युवा संसद देश के स्वच्छ राजनीतिक भविष्य के लिए एक सरल-सुगम मार्गः प्रो. एसके जैन


युवा संसद का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

युवा संसद सिर्फएक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देश के स्वच्छ राजनीतिक भविष्य के लिए एक सुगम मार्ग है, लेकिन इसमें प्रतिभागियों को पहले हर पक्ष के दोनों पहलु का अध्ययन करना चाहिए ताकि चर्चा सारगर्भित हो। युवा संसद में भाग लेने वाले युवा देश की समृद्ध राजनीतिक परंपराएं भी जानें और राजनीतिक परिदृश्य का विश्लेषण भी करें। यह कहना था बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एसके जैन का। कुलगुरू प्रो जैन करियर कॉलेज ऑफ लॉ, गोविंदपुरा भेल में केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय की इकाई माय भारत के तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत युवा संसद को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप प्रत्यारोप से इतर चर्चा का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करियर ग्रुप के अध्यक्ष मनीष राजोरिया ने की।

### युवा संसद की थीम आपातकाल के 50 वर्ष

युवा संसद की थीम आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख रही, जिसने सार्थक विमर्शको प्रोत्साहित किया। एक प्रगतिशील एवं विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सशक्त भागीदारी के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित एवं माय भारत के जिला युवा अधिकारी प्रांजल अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में कई विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे।

## कायस्थम 5 मार्च को भाई दूज पर श्री चित्रगुप्त और कलम दवात की पूजा करेगा

**भोपाल।** कायस्थम भोपाल मध्य प्रदेश आगामी गुरुवार 5 मार्च को भाई दूज पर भगवान श्री चित्रगुप्त और कलम दवात की पूजा करेगा। भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा अर्चना के साथ हवन और प्रसादी वितरण का कार्यक्रम प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में सुबह 10 बजे से होगा। कायस्थम मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आरपी श्रीवास्तव व सुरेश श्रीवास्तव, महासचिव डॉ. रश्मि सक्सेना, सचिव आलोक श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव अजय भटनागर, कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना आदि ने चित्रांश बंधुओं से पूजन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। भगवान श्री चित्रगुप्तजी की पूजा अर्चना के बाद उपस्थित चित्रांश बंधु एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई भी देंगे।

- श्री चित्रगुप्त मंदिर में सुबह 10 बजे से होगा आयोजन

रोड पर गंदा पानी बहने से फैल रही बदबू, क्षेत्रीय लोगों की परेशानी का बना सबब

## नगर निगम जोन कार्यालय के सामने ही बह रहा सीवेज

नाली में लगा ट्रांसफारमर कर सकता है जान से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के व्यस्तम और मुख्य क्षेत्रों से जुड़ाव वाले जीपीओ तिराहे पर ही गंदा पानी रोड पर बह रहा है। दरअसल नगर निगम के जोन 2 के पास सीवज ओवरफ्लो हो रहा है। यहां से गंदा पानी बहकर रोड पर एकत्र हो रहा है। रोड पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। ऐसे में लोग गंदे और बदबूदार पानी के बीच आवाजाही कर रहे हैं। इसी गंदगी के बीच से पानी की लाइन गुजर रही हैं। रहवासियों ने बताया कि उक्त क्षेत्र में सीवेज लाइनें आए दिन चोक होती हैं। गंदा पानी रोड पर बहता है।

लोगों का कहना है कि निगम के जोन कार्यालय के सामने ही लापरवाही बरती जा रही है। जोन कार्यालय पहुंचने वाले लोग गंदगी के बीच से ही पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद निगम के जिम्मेदार इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। एमपी के कई जिलों में गद्दे पानी की वजह से लोगों की जान गई, इसके बावजूद भी शहर के कई हिस्सों में सिवेज की समस्या लगातार नजर आ रही है। नाली में बने ट्रांसफारमर होने की वजह से, नाली को साफ करनें में दिक्कत का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह से स्थिति और खराब हो गई है। इस संबंध में जोन के एएचओ अंबरीश सिंह का कहना है कि उक्त समस्या का निराकरण जल्द करवाया जाएगा।


नगर निगम जोन कार्यालय के सामने बह रहा सीवेज।

समाज को पहुंच रहा नुकसान, विकास के काम हो रहे प्रभावित

समाज के लोगों ने की तत्काल चुनाव कराए जाने की मांग

## प्रांतीय कुशवाहा समाज: जिला कार्यकारिणी चुनाव की अवधि को 3 माह से अधिक बीत जाने पर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रांतीय कुशवाहा समाज कार्यकारिणी बैठक रविवार को कुशवाहा भवन प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। इस दौरान समाज के लोगों ने तत्काल चुनाव कराने की मांग को लेकर भारी हंगामा किया। समाज के लोगों ने कहा कि चुनाव अविधि को लेकर तीना माह अधिक बीत गए। अभी तक चुनाव क्यों नहीं कराए जा रहे है। इसके बाद समाज के संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा ने अप्रैल में चुनाव करने की घोषणा करनी पड़ी,तब जाकर मामला शांत हुआ। तो वहीं कुशवाह भवन विवाद के बाद अब पूर्व महामंत्री गोपाल सिंह कुशवाहा और वर्तमान महामंत्री सुनील कुशवाहा के बीच लड़ाई चल रही है, जिससे समाज को नुकसान हो रहा है। समाज के विकास काम प्रभावित हो रहे है। समाज के लोगों का कहना है कि जिला कार्यकारिणी चुनाव को लेकर भी टकराव देखने को मिला क्रांति कुशवाह समाज को भवन जिस समय से मिला है तब से अभी तक भवन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अध्यक्ष और महामंत्री का चुनाव हुए 3 महीने से ज्यादा हो गए हैं। अभी तक महामंत्री सुनील कुशवाहा को चार्ज नहीं दिया गया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा, संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा, महामंत्री सुनील कुशवाहा ग्रामीण जिला महामंत्री, मनीष कुशवाहा सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य मौजूद थे।



समाज की बैठक आयोजित हुई।

### समाज के दो गुटों में टकराव की स्थिति

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाहा ( वर्तमान में भोपाल सेंट्रल जेल में है) के मामले पर समाज के दो गुटों में टकराव की स्थिति बन गई। एक पक्ष भगत सिंह को जेल से छुटवाने की बात कह रहा है। तो वहीं दूसरा पक्ष भगत सिंह के जो बाकी के साथी हैं 15 लोग और उनको भी जेल पहुंचने के पक्ष में है।

### विवाद जैसी कोई बात नहीं

बैठक में कोई विवाद की कोई स्थिति नहीं थी। इस दौरान अप्रैल में चुनाव कराने की घोषणा की है। लोगों ने कहा कि छह माह लेट हो गए। समाज के कुछ लोग है,जो काम करने वाले नहीं व्हाट्सएप वाले हैं। काम करने वाले नहीं समाज में बर्दाश्त नहीं है। समाज के हित में 100 रुपए चंदा देते नहीं है।

**नारायण सिंह कुशवाहा,**
**समाज संरक्षक**

परीक्षाओं में कर्मचारियों की ड्यूटी लगने से नहीं हुई कार्रवाई

## बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में आज चल सकता है बुलडोजर, प्रशासन ने की नप्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन की चल रही कार्रवाई रविवार को नहीं हुई। खानूगांव, हलालपुर और कलियासोत डेम क्षेत्र में टीमें नहीं पहुंचीं। दरअसल एमपीपीएससी की राज्य पात्रता परीक्षा में तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगने से कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को उक्त क्षेत्र में बुल्डोजर कार्रवाई हो सकती है।

भौंरी और कोलूखेड़ी में एफटीएल की नपती कर करीब एक दर्जन स्थानों पर लाल निशान लगाए गए हैं। बैरागढ़ नजूल के तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार से खानूगांव, हलालपुर और कलियासोत क्षेत्र में फिर नपती व अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। सीहोर नाका, बैरागढ़ कलां, भैंसाखेड़ी और टीटी नगर सहित कई हिस्सों में अब तक नपती नहीं हुई है। नियमों के तहत 16 मार्च 2022 के बाद हुए अवैध निर्माण पहले हटाए जाने हैं। केरवा डेम और कलियासोत के कैचमेंट में भी रसूखदारों के कब्जे भी बताए जा रहे हैं। कोहेफिजा के खानूगांव में भोज वेटलैंड सीमा में पक्के निर्माण को लेकर पर्यावरण मित्र नितिन सक्सेना ने मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखकर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत के बाद रविवार को नेवी का निर्माण कार्य रुका रहा।

**भौंरी और कोलूखेड़ी में एफटीएल की नपती कर करीब एक दर्जन स्थानों पर लगाए गए हैं लाल निशान**



खामेनेई की हत्या पर लखनऊ में शिया मुसलमानों ने किया विरोध प्रदर्शन

# फूट-फूटकर रोए लोग, कैंडल मार्च निकालेंगे, 3 दिन शोक मनाएंगे

## इमाम ईदगाह ने कहा कि इजराइल और यूएस ने स्वतंत्र देश पर हमला किया, स्कूलों को भी नहीं छोड़ा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में रविवार को सुबह शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। रोते बिलखते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि महिलाएं भी सड़कों पर रोते दिखीं। छोटे इमामबाड़े के पास बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग एकत्र हो गए। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि इजराइल और यूएस ने मिलकर ईरान पर हमला किया, उन्होंने स्कूलों को भी नहीं छोड़ा। इसकी हम निंदा करते हैं। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि खामेनेई दुनिया के सभी मुसलमानों का ख्याल रखने वाले नेता थे।


खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते लोग

### प्रतिष्ठान बंद रख श्रद्धांजलि अर्पित की

आयतुल्ला खामेनेई की शहादत पर घोषित 3 दिवसीय शोक के तहत शिया समुदाय के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस संबंध में मौलाना कल्बे जवाद ने तमाम उम्मते मुस्लिमा और इंसानियत परस्त लोगों से शोक में शामिल होने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि रविवार रात 8 बजे छोटे इमामबाड़े में शोकसभा आयोजित की गई, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला गया।

### उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी

लखनऊ में भी शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह बैठक में सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।



ओखला विहार में अमेरिका और इजराइल पर फूटा गुस्सा

## लोगों ने की नारेबाजी, भारी पुलिस बल तैनात रहा

**नई दिल्ली।** ईरान पर इजराइल और अमेरिका ने मिलकर हमला किया। जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। खामेनेई की मौत के बाद भारत के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। दिल्ली के जामियानगर इलाके के ओखला विहार में शिया समुदाय के करीब 100 से 150 लोग इकट्ठा हुए। इन लोगों ने अमेरिका ओर इजराइली के खिलाफ नारेबाजी की।



### 'इजराइल मुर्दाबाद अमेरिका मुर्दाबाद'

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ जमकर नारे लगाए। इजराइल मुर्दाबाद और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे गूंजते रहे। कई लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिन पर विरोध के संदेश लिखे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे ईरान के साथ हैं।

## खबर संक्षेप

### अविमुक्तेश्वरानंद के बचाव में उतरे सदानंद

**मथुरा।** द्वारिका शारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर लगे आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। सनातन धर्म के आचार्यों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। वे गोहत्या जैसे मुद्दों को उठाते रहे हैं।



### सीतापुर में 13 शिक्षकों को किया बर्खास्त

**सीतापुर।** यहां 13 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। सभी फर्जी प्रपत्र लगाकर नौकरी कर रहे थे। वर्ष 2024 में तैनाती मिली थी। सत्यापन के बाद शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया था। ये टीईटी का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी कर रहे थे। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।



### हिंदू बन 200 लोगों से की डेढ़ करोड़ की ठगी

**गोंडा।** रूस भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर दस जिलों के 200 लोगों से करीब डेढ़ करोड़ की ठगी करने के मुख्य आरोपित शमशाद उर्फ विवेक को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह बिहार जिले के चंपारण का रहने वाला है। शमशाद ने हिंदू बन लोगों को ठगी के जाल में फंसाया है। पुलिस छापेमारी कर रही है।



### 6 लोग जहरीली गैस का शिकार, 3 की मौत

**हाजीपुर।** सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनवरपुर गांव में शौचालय के टंकी के गैस से आधा दर्जन से अधिक लोग मूर्छित हो गए। डॉक्टर ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया। मौके पर अफरा तफरी मच गई। सराय थाना की पुलिस ने लोगों की मदद से सभी को आनन-फानन सदर अस्पताल पहुंचाया गया।



पीएम मोदी ने 2 राज्यों को दी करोड़ों की सौगात, परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# कनेक्टिविटी में आएगी क्रांति, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार बढ़ेंगे और लोगों का जीवन बदलेगा


मदुरै में पूजन करते पीएम मोदी

तमिलनाडु में दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी

पीएम मोदी ने कहा- एक दशक में रेल और सड़क मार्गों में हुआ ऐतिहासिक परिवर्तन

### 1300 किमी रेल लाइनों, 97 फीसदी विद्युतीकरण और 4,000 किमी से अधिक राजमार्गों के निर्माण से लोगों की यात्रा सुगम व सुचारू होगी



एजेंसी ▶▶ मदुरै

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में एक सभा को संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दशक में भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है, जिसका प्रभाव विशेष रूप से तमिलनाडु में स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में रेलवे बजट आवंटन में 9 गुना वृद्धि हुई है। 1300 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं, 97 फीसदी विद्युतीकरण हासिल किया गया है और सैकड़ों फ्लाईओवर व अंडरपास का निर्माण किया गया है, जिससे सुरक्षा और दक्षता में सुधार हुआ है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत सरकार ने तमिलनाडु के राजमार्ग नेटवर्क में भारी निवेश किया है। 2014 से यहां 4,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि यह तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगा और कृषि उपज तथा समुद्री उत्पादों के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करेगा।

### 4,400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुल मिलाकर, 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में क्रांति आएगी, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार सृजित होंगे और लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन आएगा। इससे किसानों को बाजार तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़कें मिलेंगी, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की यात्रा आसान होगी, और व्यवसायों के लिए परिवहन तेज होगा।

### पीएम मोदी ने इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- एनएच मार्गों के मरक्कनम-पुडुचेरी, परमकुडी-रामनाथपुरम खंडों को 4-लेन बनाने की आधारशिला रखी।
- 3 नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। 8 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया।

## 2,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, 'बीईएसटी पुडुचेरी'

### पुडुचेरी को दी बड़ी सौगात



प्रधानमंत्री ने रविवार को पुडुचेरी में 2,700 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, औद्योगिक प्रगति, शिक्षा, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल ग्रोथ को गति देने वाले प्रोजेक्ट थे।

### एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति देगी

पीएम मोदी ने कहा कि पुडुचेरी ने प्रति व्यक्ति आय में शानदार बढ़ोतरी दिखाई है। इसने देश में सबसे ज्यादा सामाजिक प्रगति सूचकांक स्कोर भी हासिल किया है। एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति देगी।

### नए भवनों और छात्रावासों का लोकार्पण किया

पीएम मोदी ने नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और गंगा हॉस्टल, क्षेत्रीय कैंसर केंद्र का लोकार्पण किया।

### करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया

उन्होंने 750 एकड़ में फैले करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया। स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने व जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार के उद्देश्य से अलग-अलग जल आपूर्ति परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस आज से

## भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे सिंधिया, भारत पैवेलियन शुरू करेंगे




**नई दिल्ली।** स्पेन के बार्सिलोना में 2 से 5 मार्च तक होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2026 में भारत की भागीदारी का नेतृत्व करेंगे। एमडब्ल्यूसी दुनिया के सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रभावशाली टेक्नोलॉजी और मोबाइल सम्मेलनों में से एक है। संचार मंत्री अपनी यात्रा के दौरान एमडब्ल्यूसी 2026 में भारत पैवेलियन का उद्घाटन भी करेंगे। यह पैवेलियन भारत की बढ़ती दूरसंचार निर्माण क्षमताओं और नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करने के लिए वैश्विक मंच मुहैया कराएगा। भारत की मेजबानी में आयोजित सीईओ डिनर में वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करेंगे जिनमें सहभागी नवोन्मेष और भरोसेमंद साझीदारियों के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया जाएगा। वह प्रमुख वैश्विक और भारतीय कंपनियों के बूथों और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों में भी जाएंगे।

### सत्र का मंत्र 'भविष्य के लिए निर्माण'

सिंधिया मुख्य मंच के सत्र 'भविष्य के लिए निर्माण' के दौरान जीएसएमए मंत्रिस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसमें वैश्विक नेता डिजिटल अवसंरचना और उभरते प्रौद्योगिकी फ्रेमवर्क पर चर्चा करेंगे। सिंधिया जीएसएमए मंत्रिस्तरीय मंच पर 'ब्रेकिंग द कॉस्ट बैरियर' विषय पर सत्र में मुख्य समापन भाषण देंगे। यह सेशन दुनिया के लिए किफायती, समावेशी और मापनीय डिजिटल कनेक्टिविटी मॉडलों पर केंद्रित होगा। वह इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 की पूर्व-प्रस्तुति का भी अनावरण करेंगे। आईएमसी की विशेषताओं पर प्रकाश डालेंगे।

नवी मुंबई में 'हिंद-दी-चादर' में शाह ने शिरकत की

## पंजाब में धर्म परिवर्तन पर जताई चिंता मान सरकार से की रोकने की अपील

### गुरु तेग बहादुर की शहादत की वर्षगांठ पर बोले

एजेंसी ▶▶ नवी मुंबई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवी मुंबई के खारघर में आयोजित 'हिंद-दी-चादर' कार्यक्रम में शिरकत की। यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के मौके पर रखा गया था। इस दौरान अमित शाह ने पंजाब में हो रहे धर्म परिवर्तन पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने भगवंत मान सरकार और पंजाब के आम लोगों से अपील की कि वे लालच से प्रेरित इस प्रथा को तुरंत रोकें।



### ...तो दुनिया में एक भी हिंदू न होता

शाह ने कह कि अगर गुरु तेग बहादुर ने हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपनी कुर्बानी न दी होती, तो आज दुनिया में एक भी हिंदू नहीं बचता। कुछ लोगों ने उनके इस बयान पर आपत्ति जताई थी।

### गुरुओं की परंपरा पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल


शाह ने बताया कि जब औरंगजेब के समय कश्मीरी पंडितों पर जुल्म हुए, तब उन्होंने गुरु तेग बहादुर से मदद मांगी थी। गुरु ने औरंगजेब को चुनौती दी थी, जो मिसाल बन गई।

## अलवर की फैक्ट्री में जिंदा जलने से बचे 30 मजदूर

**अलवर।** अलवर में ट्रक-बस बनाने वाली कंपनी अशोक लीलैंड के प्लांट में आग लग गई। फैक्ट्री के जिस हिस्से में आग लगी वहां 30 से ज्यादा वर्कर काम कर रहे थे। प्लांट के इस एरिया में ट्रक-बसों पर पेंट किया जाता है। आग भड़कने के कुछ मिनटों में ही लोगों को बाहर निकाल दिया गया था। हादसा शनिवार रात करीब 10.30 बजे मत्स्य इंडिस्ट्रियल एरिया में हुआ। करीब एक से डेढ़ घंटे बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। कर्मचारियों ने बताया कि प्लांट के गेट नंबर दो पर कुछ हिस्से में अचानक आग लगी थी। कुछ मिनटों बाद आग की लपटें 300 मीटर दूर तक से भी दिखाई दे रही थीं। आग के कारणों को लेकर अभी कुछ जानकारी सामने नहीं आई है।



## शादी के बाद तिरुपति पहुंचे रश्मिका-विजय



**भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया**

तिरुपति। 26 फरवरी को रश्मिका मांदाना और विजय देवकोंडा ने उदयपुर में शादी कर ली है। पति-पत्नी बन चुके रश्मिका-विजय ने रविवार को आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला पहाड़ियों पर स्थित तिरुपति बालाजी (वेंकटेश्वर स्वामी) मंदिर के दर्शन कर नए शादीशुदा जीवन के लिए आशीर्वाद लिया है। इनका यह वीडियो फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।

केजरीवाल ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर किया रैली को संबोधित

प्रधानमंत्री और देश के गृहमंत्री पर लगाए आरोप

## भाजपा के सत्ता से हटने की उल्टी गिनती हो चुकी शुरू, अब मेरी ईमानदारी हो गई साबित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शराब घोटाला केस में दिल्ली की एक कोर्ट से बरी होने के 48 घंटे बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला किया और दावा किया कि भाजपा के सत्ता से हटने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जंतर-मंतर पर रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने प्रधानमंत्री और शाह पर एक्साइज पॉलिसी केस में उन्हें फंसाने की साजिश करने का आरोप लगाया। कोर्ट ने साबित कर दिया कि वह कट्टर ईमानदार (कट्टर ईमानदार व्यक्ति) थे।

### प्रधानमंत्री सबसे डर रहे, संसद नहीं गए

कई राज्यों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री सबसे डरते हैं और कहा कि जब कोई तानाशाह डरता है, तो यह उसके राज के अंत का संकेत होता है। उन्होंने सोनम वांगचुक को जेल भेज दिया, जो एक बड़े साइंटिस्ट हैं और बच्चों की पढ़ाई के लिए काम करते हैं। पीएम मोदी एक दिन भी पार्लियामेंट नहीं गए, उन्हें डर था कि महिला सांसद उन पर हमला कर देंगी। वह ट्रंप से भी डरते हैं। केजरीवाल ने यह भी आरोप लगाया कि देश में भाजपा के 12 साल के राज में सभी सेक्टर बर्बाद हो गए और सड़कों, हेल्थकेयर, शिक्षा और सफाई वगैरह की हालत खराब हो गई।



बंगाल की सड़कों पर भाजपा ने शुरू किया 5,000 किमी लंबा शक्ति प्रदर्शन

# सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी, 280 जनसभाएं होंगी

### यात्रा में एक करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच भाजपा ने रविवार से राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा' की शुरुआत कर दी है। पार्टी इस अभियान के जरिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार के खिलाफ जनमत को संगठित करने, जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और चुनाव से पहले व्यापक जनसंपर्क स्थापित करने की रणनीति पर काम कर रही है। परिवर्तन यात्रा करीब 5,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। इस दौरान 63 बड़ी सार्वजनिक सभाएं और 280 जनसभाएं आयोजित की जाएंगी।

राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा'

### 9 स्थानों से एक साथ शुरुआत की, 63 सभाएं भी होंगी


रैली को हरी झंडी दिखाते नड्डा और नितिन नबीन

पार्टी का दावा है कि इस यात्रा में एक करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल को एक बड़े पैमाने पर लोगों से जुड़ने, अभियान और संगठनात्मक क्षमता की परीक्षा दोनों के रूप में तैयार किया गया है, ताकि बूथ स्तर की तैयारी को बड़े जनसमर्थन में बदला जा सके। परिवर्तन यात्रा राज्य के 9 अलग-अलग स्थानों कूचबिहार, कृष्णानगर, कुल्टी, गरबेटा, रैदिघी, इस्लामपुर, हसनाबाद, संदेशखाली और आमता से शुरू हुई है। कृष्णानगर के दिगनगर पंचायत मैदान, सर्वमंगला मंदिर में सभा की।

भाजपा अध्यक्ष नबीन का आरोप

### ममता दीदी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में की घुसपैठियों की मदद

बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा ने रासमेला मठ, कूचबिहार से परिवर्तन यात्रा शुरू की है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान नबीन ने टीएमसी और सूबे की मुखिया ममता बेनर्जी पर निशाना साधा।



# महासंग्राम से 'महासंकट की दस्तक'

**एआई की नजर में जंग की विभीषिका:** हरिभूमि ने एआई से मिडिल ईस्ट की जंग से भविष्य की तस्वीर बनवाई। जिसके परिणाम बेहद डरावने है,पहली तस्वीर में हाहाकार और दूसरी में सर्वनाश दिखाया है

*ईरान,अमेरिका और इजराइल की यह जंग लंबे समय तक चलती है तो दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां होंगी। हरिभूमि अपने पाठकों को इनसे रूबरू कराने का प्रयास कर रहा है।*

**1** जलडमरूमध्य बंद होने से कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित होगी और कीमतें बढ़ेगी

**2** विमानों ने पिछले 24 घंटों में ईरान में अलग-अलग जगहों पर 1,200 से अधिक हथियार गिराए

**3** ईरान बीते 47 वर्षों से लगातार अमेरिका को मौत का नारा देकर लगातार भड़का रहा था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच मौजूदा सैन्य संघर्ष ने दुनिया को एक अभूतपूर्व वैश्विक संकट के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका के 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और इजराइल के 'लायन्स रोर' के तहत ईरान पर हुए हमलों के बाद स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। इसका सबसे बड़ा संकट वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा पर मंडरा रहा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया का लगभग 20-30% तेल गुजरता है, ईरान द्वारा बंद किए जाने की धमकी से कच्चे तेल की कीमतें 100 प्रति बैरल डॉलर के पार जाने का जोखिम है। भारत जैसे देशों के लिए यह 'दोहरी मार' है, क्योंकि भारत की तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से आता है और शिपिंग लागत पहले ही 50% तक बढ़ चुकी है।

सामरिक दृष्टि से, यह केवल तीन देशों की जंग नहीं रही, बल्कि इसमें लेबनान (हिजबुल्ला), यमन (हुथी) और इराक के मिलिशिया गुटों के शामिल होने से पूरा मध्य-पूर्व 'प्रॉक्सी वॉर' की आग में झुलस रहा है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो यह वैश्विक मंदी, शरणार्थी संकट और अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक ध्रुवीकरण (जैसे रूस-चीन की भूमिका) का कारण बन सकता है, जो विश्व शांति के लिए सीधा खतरा है। मतलब साफ है कि महासंग्राम से महासंकट की दस्तक मानी जा रही है।

## इजराइल ने बताई हमले की पूरी कहानी, वीडियो भी जारी किया

सबसे पहले बात करते हैं खामेनेई और उनके ठिकाने को कैसे निशाना बनाया गया। आईडीएफ ने रविवार को दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मध्य तेहरान में उनके नेतृत्व परिसर के भीतर मार गिराया गया। आईडीएफ ने दावा किया कि यह कार्रवाई इसराइल के खिलाफ दशकों से जारी आतंक के एक लंबे अध्याय का अंत है। खामेनेई को अमेरिका और इसराइल की संयुक्त कार्रवाई में मार दिया गया। इसे 46 साल के धर्मशासन में एक बड़ा मोड़ माना जा रहा है। वहीं, तेहरान की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया के कई हिस्सों में तनाव और संघर्ष बढ़ गया है। अपने आधिकारिक बयान में आईडीएफ ने हमले की परिस्थितियों का विवरण दिया और कहा, वायु सेना सैन्य खुफिया की सटीक जानकारी के आधार पर और सैन्य खुफिया के सहयोग से मध्य तेहरान में उस नेतृत्व परिसर पर हमला किया, जहां खामेनेई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ठहरे हुए थे। आईडीएफ ने इस परिसर पर हमले का एक वीडियो भी जारी किया है। इजराइल सेना ने खामेनेई को 1989 से ईरान के तथाकथित 'आतंकी शासन' का प्रमुख बताया था और उन पर इजराइल व पश्चिमी देशों के खिलाफ चरमपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उसने यह भी आरोप लगाया कि खामेनेई वर्षों तक ईरानी नागरिकों के दमन के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार थे। आईडीएफ ने कहा, खामेनेई इजराइल को खत्म करने की योजना के जनक और 'ईरानी ऑक्टोपस' के प्रमुख थे। उन्होंने अपने हाथ पूरे पश्चिम एशिया और इस्राइल की सीमाओं तक फैलाए, जिनका नेतृत्व आतंकी संगठन हिजबुल्ला कर रहा था। शासन के नेता (खामेनेई) इजराइल पर आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार थे और दुनियाभर में कई नागरिकों के खून के जिम्मेदार थे। इससे पहले रविवार को आईडीएफ ने घोषणा की थी कि इजराइली वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने पिछले 24 घंटों में ईरान में अलग-अलग जगहों पर 1,200 से अधिक हथियार गिराए हैं। इजराइल सेना के मुताबिक, इस सैन्य अभियान में सैकड़ों ईरानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर और वायु रक्षा प्रणालियां शामिल थीं।

## ईरान ने की राष्ट्रपति ट्रंप को मारने की कोशिश: अमेरिका



अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की मौत हो गई है। कल तड़के सुबह इजराइल ने ईरान के कई शहरों और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। ये हमले ईरान के मिलिट्री बेस, एयरफील्ड और सरकारी स्थानों को निशाना बनाकर किए गए। रविवार भी ईरान में हमलों का दौर जारी है। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका ने बड़ा दावा किया। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरानी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीधे और प्रॉक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की। यूएन सुरक्षा परिषद में माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान 47 वर्षों से लगातार 'अमेरिका को मौत' का नारा दे रहा है और इजराइल को समाप्त करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ हमले करने, यूएन चार्टर का उल्लंघन करने और मिडिल ईस्ट में शांति के लिए खतरा पैदा करने का आरोप लगाया। वॉल्ट्ज ने कहा कि ईरान ने ट्रंप को मारने के प्रयास किए और खुद को पीड़ित बताते हुए अपनी कार्रवाइयों को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की गतिविधियां अमेरिका, उसके सैनिकों, बेस, सहयोगियों और दुनिया भर के पार्टनर्स के लिए खतरा हैं।

### संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका का बचाव

अमेरिकी-इस्राइल ऑपरेशन को लेकर अमेरिका ने यूएनएससी में कहा कि यह यूएन चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत, देश और उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैध कदम है। वाल्ट्ज ने यह भी बताया कि ईरानी लोग इन हमलों पर शिकायत नहीं कर रहे, बल्कि जश्न मना रहे हैं।

## डराने वाले 10 तरह के संकट

- *ऊर्जा संकट :* हॉर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल
- *वैश्विक मुद्रास्फीति :* ईंधन महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ेगी, जिससे दुनिया भर में खाद्य और आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ेंगे
- *शिपिंग और व्यापार :* समुद्री मार्ग असुरक्षित होने से शिपिंग इंश्योरेंस और माल ढुलाई के समय में भारी वृद्धि
- *प्रॉक्सी वॉर का विस्तार :* हिजबुल्ला और हुथी विद्रोहियों द्वारा इजराइल व अमेरिकी ठिकानों पर हमलों में तेजी
- *क्षेत्रीय अस्थिरता :* यूएई, सऊदी अरब और कतर जैसे खाड़ी देशों के तेल बुनियादी ढांचों पर हमले का खतरा
- *परमाणु खतरा :* ईरान के परमाणु कार्यक्रमों पर सीधे हमलों से परमाणु प्रसार की नई होड़ या रेडियोधर्मी जोखिम
- *भारत पर प्रभाव :* 88% तेल आयात पर निर्भर भारत के लिए चालू खाता घाटा बढ़ने और रुपये के कमजोर होने का संकट
- *निवेश को झटका :* इजराइल में काम कर रही भारतीय कंपनियों (जैसे अडानी का हाइफा पोर्ट) के बिजनेस पर संकट
- *शरणार्थी समस्या :* मध्य-पूर्व में व्यापक युद्ध से यूरोप और पड़ोसी देशों की ओर बड़े पैमाने पर पलायन
- *राजनयिक ध्रुवीकरण :* रूस, चीन और पश्चिमी देशों के बीच तनाव बढ़ने से 'शीत युद्ध' जैसी स्थिति का फिर से पैदा होना

## निर्यातकों के सामने ये भी चिंताएं

### संकट का दिखा असर, चिंता में भारत के चावल निर्यातक, शिपमेंट अटके

**पेमेंट में भी देरी ने बढ़ाई चिंता इसके अलावा निर्यात भी घट रहा है**



ईरान वॉर टेंशन का असर दिखने लगा है। मिडिल ईस्ट में बढ़ी इस टेंशन का असर भारतीय चावल निर्यातकों पर दिखने लगा है और एक्सपोर्टर शिपमेंट में रुकावट और पेमेंट में देरी का सामना करने को मजबूर हो रहे हैं। पहले से ही इस जंग का आशंका के बीच परेशानियां बढ़ती नजर आने लगी थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, हरियाणा में चावल एक्सपोर्टर ईरान पर अमेरिका और इज़राइली के हमलों के बाद ईरान और अफगानिस्तान जाने वाले शिपमेंट में पेमेंट में देरी और रुकावट का सामना कर रहे हैं। राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के स्टेट यूनिट प्रेसिडेंट सुशील कुमार जैन ने कहा कि इस जंग का चावल के ट्रेड पर असर शुरू हो चुका है। जो शिपमेंट ईरान या ईरान के सबसे बड़े पोर्ट बंदर अब्बास के रास्ते अफगानिस्तान जा रहे थे, वे अटक गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हालात ठीक नहीं हो जाते, ये शिपमेंट रुके रहेंगे और इसका असर मार्केट पर पड़ेगा, जिससे पेमेंट में भी देरी हो सकती है. हालांकि, जैन के मुताबिक, इसके पूरे असर का अंदाजा लगाना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि लड़ाई कितने समय तक चलती है। भारत के कुल सालाना चावल निर्यात में करीब 35 फीसदी हिस्सा हरियाणा से होता है. करनाल के एक राइस मिलर नीरज कुमार की मानें, तो शनिवार से लड़ाई शुरू होने के बाद अनिश्चितता की स्थिति है। एक दिन के अंदर व्यापार पर असर दिखा है, जिससे बासमती के रेट में लगभग 4-5 रुपए प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है और ये 400-500 रुपए प्रति क्विंटल होती है। उन्होंने बताया कि ऐसा ही असर बीते साल जून 2025 में ईरान-इजराइल संघर्ष के दौरान दिखा था।एक्सपोर्टर युद्ध के दौरान जहाजों के लिए इंश्योरेंस कवरेज की कमी को लेकर भी परेशान हैं, जिससे उनका रिस्क बढ़ जाता है. सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल मार्केट है. भारत ने मार्च में खत्म हुए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के दौरान ईरान को लगभग 1 मिलियन टन खुशबूदार अनाज एक्सपोर्ट किया था। इस दौरान लगभग 6 मिलियन टन बासमती चावल का निर्यात किया गया था, जिसकी डिमांड मुख्य रूप से मिडिल ईस्ट और वेस्ट एशियन मार्केट से आई थी।

### होर्मुज स्ट्रेट के दोनों ओर 150 जहाज फंसे

शिपिंग डेटा के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट के दोनों ओर सैकड़ों जहाज रुक गए हैं। कम से कम 150 टैंकर जिनमें कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ले जाने वाले जहाज शामिल हैं। जलडमरूमध्य से आगे खाड़ी के खुले समुद्र में लंगर डाले खड़े हैं। इसके अलावा, इस समुद्री मार्ग के दूसरी ओर भी दर्जनों जहाज स्थिर स्थिति में हैं।

## ब्रिटेन ने दी चेतावनी कहा- जवाब देंगे

### बिना सोचे-समझे... ईरान ने यूके के बेस साइप्रस पर दागे दो मिसाइल

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने साइप्रस की दिशा में दो मिसाइल दागे हैं। साइप्रस में ब्रिटेन के सैन्य अड्डे मौजूद हैं। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि ये मिसाइल सीधे ब्रिटिश ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागे गए थे, लेकिन इससे यह साफ होता है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई बिना भेदभाव के हो रही है। बातचीत में जॉन हीली ने यह भी बताया कि बहरीन में तैनात करीब 300 ब्रिटिश सैनिक मिसाइल हमलों के काफी नजदीक थे। कुछ सैनिक हमले वाली जगह से कुछ सौ गज की दूरी पर मौजूद थे। एक दिन पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा था कि मिडिल ईस्ट में रक्षा के लिए ब्रिटिश लड़ाकू विमान तैनात कर दिए गए हैं, जो जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करेंगे। रक्षा मंत्री ने ईरान से अपील की कि वह अपने अनियंत्रित और बिना



भेदभाव वाले हमले बंद करे और अपने हथियार कार्यक्रमों को छोड़ दे। उन्होंने कहा कि हालात और ज्यादा बिगड़ सकते हैं, इसलिए क्षेत्रीय स्थिरता जरूरी है। यह तनाव उस समय बढ़ा है जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर कई मिसाइल हमले किए। इन हमलों में ईरान के सैन्य ठिकानों और शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाया गया। हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की मौत की भी खबर है। जॉन हीली ने कहा कि आयतुल्लाह की मौत पर बहुत कम लोग शोक मनाएंगे, लेकिन उन्हें इस पूरे घटनाक्रम के क्षेत्रीय असर की ज्यादा चिंता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं किया कि क्या ब्रिटेन सीधे सैन्य कार्रवाई में शामिल होगा। फिलहाल, कतर और साइप्रस से उड़ान भरने वाले ब्रिटिश विमान वहां की सुरक्षा के लिए तैनात हैं। अगर हवा में रहते हुए उन्हें किसी अन्य देश की ओर बढ़ते मिसाइल या ड्रोन दिखते हैं, तो वे उन्हें भी गिरा सकते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि ईरान पर ब्रिटेन की सड़कों पर 20 आतंकी साजिशें रचने, अपने ही नागरिकों की मौतों और रूस को 50 हजार ड्रोन देने जैसे गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती। हालांकि, उन्होंने अमेरिका और इजरायल के हमलों की कानूनी स्थिति पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इसकी व्याख्या अमेरिका को करनी चाहिए। लेकिन उन्होंने यह साफ किया कि ब्रिटेन जो भी करता है, वह अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत करता है।

**जंग का असर: आगे की परीक्षाओं पर निर्णय तीन मार्च को**

## जंग के बीच पश्चिम एशिया में सीबीएसई की परीक्षा रद्द

सीबीएसई ने मध्य पूर्व क्षेत्र में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए नई तिथियां तय की हैं। 2 मार्च 2026 को निर्धारित परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई में सीबीएसई संबद्ध स्कूलों की परीक्षाएं टाली गई हैं। बोर्ड ने 3 मार्च को बैठक कर 5 मार्च से आगे की परीक्षाओं पर फैसला लेने का ऐलान किया है। संशोधित तिथियां जल्द ही घोषित की जाएंगी, छात्र अपने स्कूलों से अपडेट ले सकते हैं। यह निर्णय मध्य पूर्व के तनावपूर्ण हालात के कारण लिया गया है। छात्र चिंता न करें और नियमित पढ़ाई जारी रखें। बोर्ड सभी आधिकारिक घोषणाएं स्कूलों के माध्यम से करेगा। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर एक फर्जी नोटिस भी वायरल हो रहा है। इस कथित सर्कुलर में दावा किया गया है कि कुछ देशों में असामान्य वैश्विक हालात और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण पैदा हुई बाधाओं तथा छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुख्यालय की ओर से ट्वीट कर इस वायरल सर्कुलर को गलत बताया गया। बोर्ड ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे ऐसी अफवाहों से सतर्क रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। परीक्षाएं तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी।

**ओमान के नेवी ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन**

## ओमान के पास पहली बार हॉर्मुज खाड़ी में तेल टैंकर पर ड्रोन हमला, 15 भारतीय नागरिक थे सवार

तेहरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद मिडिल ईस्ट में बेहद तनाव का माहौल है। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी सेना के बेस को टारगेट किया है।

इस बीच रविवार को ओमान के मुसंदम प्रायद्वीप के पास हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे पलाऊ के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर ड्रोन हमला किया गया, इसमें चार लोग घायल हुए हैं। ईरान द्वारा तेल टैंकर पर किए गए ड्रोन अटैक के बाद स्काइलाइट टैंकर पर सवार सभी 20 चालक दल के सदस्यों को





ओमान की मैरीटाइम सिक्योरिटी ने सुरक्षित निकाल लिया है। इसमें 15 भारतीय नागरिक शामिल हैं। 5 ईरानी नागरिक भी चालक दल का हिस्सा थे, इसमें से 4 लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। यह रेस्क्यू ऑपरेशन रॉयल नेवी ऑफ ओमान और अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा चलाया गया।

तेज कार्रवाई के कारण सभी चालक दल को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। घायलों का इलाज जारी है। यह घटना ओमान के व्यापारिक बंदरगाह दुक्म के आसपास हाल में हुए ड्रोन हमलों के बाद हुई है। क्षेत्र में बढ़ते सैन्य टकराव के बीच यह पहली बार है जब ओमान के नजदीक किसी जहाज को निशाना बनाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यह साफ नहीं हो पाया है कि जहाज पर किसने हमला किया।

**वेस्ट एशिया संकट: मप्र के 700 से ज्यादा यात्री यूएई में फंसे**

## किसी ने कहा- दवा खत्म हुई तो किसी ने कहा हम परीक्षा नहीं दे पाएंगे





जंग से मिडिल ईस्ट में हालात बिगड़ने लगे हैं, जिसका असर अब पंजाब के लोगों पर भी दिख रहा है। एयरस्पेस बंद होने से संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कई पंजाबी यात्री फंस गए हैं। बठिंडा की प्रिंसिपल नीरू गर्ग ने एयरपोर्ट से वीडियो जारी कर बताया कि उनके पास बीपी और शुगर जैसी जरूरी दवाइयां खत्म हो चुकी हैं और हालात लगातार मुश्किल होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत सरकार से मदद की अपील की थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रबंध नहीं हुआ। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच उड़ानों के रद्द होने से मध्य प्रदेश के 700 से ज्यादा लोग संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में फंस गए हैं। रविवार को ट्रैवल एजेंट्स संगठन ने बताया कि फंसे लोगों में मप्र के दो पूर्व विधायक भी शामिल हैं।

**कहां कितने भारतीय फंसे**

- ईरान में फंसे छात्र: 1,200
- हवाई अड्डों पर फंसे यात्री: 400
- पूरे खाड़ी में: लगभग 80 लाख

### कथा सुनाने गए पंडितजी दुबई में फंसे



ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के कारण जोधपुर के 120 श्रद्धालु दुबई में फंस गए हैं। ये सभी लोग बड़ा रामद्वारा सूरसागर के संत अमृतराम महाराज की कथा सुनने के लिए दुबई गए थे। महाराज की 24 से 28 फरवरी तक दुबई में कथा थी, जो सेवन सीज होटल में थी। सभी लोग 23 फरवरी को दुबई गए थे। वहीं कथा 28 फरवरी को खत्म हुई तो वे वापस आने वाले थे। जोधपुर के मंडोर और सूरसागर के माली समाज के करीब 100 लोग शामिल होने गए थे। कथा शनिवार को समाप्त होने के बाद सभी आबुधाबी एयरपोर्ट पहुंचे। वहां पहुंचने के बाद उन्हें उड़ान रद्द होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने उन लोगों को वापस होटल भेज दिया। वहीं दुबई में फंसे लोगों ने केंद्रीय सरकार से तत्काल मदद की मांग की है।

### बॉलीवुड के कई सितारे फंसे,पीएम से गुहार



दुबई में इस वक्त कई बॉलीवुड और फिल्मी जगत के सितारे फंसे हुए हैं। एक्ट्रेस सोनल चौहान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्हें वापस घर पहुंचाने की अपील की थी। वहीं, ईशा गुप्ता ने भी बताया कि वो यूएई में हैं लेकिन वहां की डिफेंस सिस्टम के कारण सुरक्षित हैं। खुद को फिल्म क्रिटिक कहने वाले कमाल आर खान भी दुबई में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने एक्स पर इस गंभीर स्थिति में रहने पर रिएक्ट किया है। केआरके ने लिखा है कि दुबई में मिसाइलों और ड्रोन के धमाकों की तेज आवाज के कारण मेरा परिवार पूरी रात सो नहीं पाया। शहर के लिए यह बहुत ही खतरनाक स्थिति है।



# दुबई हवाई अड्डे पर सिंधू और कोच सुरक्षित, स्थित तनावपूर्ण व डरावनी

एजेंसी ▶▶| दुबई

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को दुबई हवाई अड्डे पर स्थिति को 'तनावपूर्ण और डरावना' बताया क्योंकि जहां खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच वह और उनके इंडोनेशियाई कोच रुके हुए थे और उसके पास एक धमाका हुआ। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात भी शामिल है। इसके बाद कई विमान कंपनियों को या दो अपनी उड़ानें रद्द करनी पड़ी या मार्ग बदलना पड़ा।


### शनिवार से दुबई में फंसी हुई सिंधू व कोच

सिंधू को तीन मार्च से शुरू होने वाली ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है और वह शनिवार से अपने इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि क्षेत्र में मिसाइल हमलों के बीच वायुक्षेत्र को बंद किया गया है। सिंधू ने बताया, ''जैसे ही हमारा विमान दुबई में उतरा तो हमारे नियंत्रण से बाहर की चीजें होने लगीं। थोड़ी देर बाद वायु क्षेत्र बंद कर दिया गया और पिछले कुछ घंटे बहुत तनाव वाले रहे। हम ऊपर से इंटरसेप्शन की आवाजें सुन सकते थे।''उन्होंने कहा, कुछ घंटों बाद दुबई हवाई अड्डे पर हम जहां छिपे हुए थे उसके बहुत पास एक धमाका हुआ।

## कई विमान कंपनियों ने उड़ाने रद्द की या मार्ग बदला

### घटना की पुष्टि की कहा, बाल-बाल बचे

सिंधू के इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा ने भी घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि वह बाल-बाल बचे। इरवांस्याह ने कहा, ''हवाई अड्डे पर धमाका हुआ था इसलिए हम इस समय यहीं फंसे हुए हैं। उन्होंने हमें होटल में रखा है। हम ठीक हैं लेकिन फिर भी थोड़ी चिंता है। हम ऑल इंग्लैंड के लिए जाना चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम आज उड़ान ले पाएंगे क्योंकि सिंधू का मैच बुधवार को है।'





### एयर इंडिया ने अपनी सभी सेवा रद्द की

एयर इंडिया ने खाड़ी देशों के बड़े स्थलों के लिए अपनी सभी सेवा रद्द करने का ऐलान किया है जबकि दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने वायु क्षेत्र पाबंदियों की वजह से संचालन अनिश्चित समय के लिए रोक दिया है। इस बीच विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि वह बैडमिंटन इंग्लैंड के साथ पश्चिम एशिया में चल रही भूराजनैतिक स्थिति से पैदा होने वाली यात्रा चुनौतियों पर करीब से नजर रख रहा है।

### सिंधू ने दूतावास का आभार जताया

सिंधू ने इस मुश्किल समय में मदद के लिए दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत का भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, ''हम सब अब सुरक्षित हैं और दुबई हवाई अड्डे के स्टाफ और दुबई अधिकारियों की लगातार कोशिशों की वजह से हमें अधिक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है।''

### खिलाड़ियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता

बीडब्ल्यूएफ ने बयान में कहा, ''सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों और सहयोगी स्टाफ की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।''
बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि वह खिलाड़ियों के आगमन में देरी की स्थिति में प्रतियोगिता कार्यक्रम की समीक्षा और संभावित आपात स्थिति के लिए तैयार है। भारत के अधिकतर खिलाड़ी पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुके हैं लेकिन सिंधू सहित कुछ खिलाड़ी बदलते भूराजनैतिक संकट से प्रभावित हैं।

### सभी जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुकी, उन्नति भारत में

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, युवा आयुष शेट्टी, गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। मालविका बंसोड़ भी पहुंच गई हैं लेकिन उन्नति हुड्डा अब भी भारत में हैं क्योंकि नयी दिल्ली से बर्मिंघम के लिए उनकी सीधी उड़ान आखिरी समय में रद्द हो गई थी।

## खबर संक्षेप



### जयसूर्या श्रीलंका टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ेंगे

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या ने टी20 विश्व कप में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। सह मेजबान श्रीलंका सुपर आठ चरण में अपने सभी मैच हार गया। ग्रुप चरण में टीम को जिम्बाब्वे से हार मिली जबकि उसने ऑस्ट्रेलिया तथा कमजोर माने जाने वाले ओमान और आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की। निवार को पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की हार के बाद जयसूर्या ने संवाददाताओं से कहा, ''मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा। पद छोड़ने के अपने फैसले को लेकर मैं श्रीलंका क्रिकेट से बात करूंगा।''एकदिवसीय विश्व कप 1996 में श्रीलंका की खिताबी जीत के दौरान टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे जयसूर्या ने कहा, ''हमें बेहतर करना चाहिए था, मुझे दुख है और मैं प्रशंसकों से माफी मांगता हूं।'' उन्होंने कहा कि वानिंदु हसरंगा, मथीशा पथिराना और कुसाल मेंडिस की चोटों से श्रीलंका को काफी नुकसान हुआ।

### लुकाकू के गोल से नेपोली का जीत इंतजार खत्म

**मिलान।** रोमेलु लुकाकू ने शनिवार को यहां हेलास वेरोना के खिलाफ मैच की आखिरी किक पर सत्र का अपना पहला गोल किया जिससे नेपोली का जीत का इंतजार खत्म हुआ। सत्र से पूर्व लगी जांघ की गंभीर चोट के कारण अब तक सत्र में सिर्फ 41 मिनट खेलने वाले लुकाकू ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके नेपोली को अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रहे हेलास वेरोना पर 2-1 से जीत दिलाई। लुकाकू ने अपना पिछला गोल पिछले साल 23 मई को किया था जिसके बाद कुछ महीने उनके लिए बहुत बुरे बीते। जांघ में चोट लगने के कुछ समय बाद सितंबर 2025 में 58 साल की उम्र में उनके पिता का अचानक निधन हो गया। यह नेपोली की सभी प्रतियोगिताओं में चार मैच में पहली जीत थी। गत सीरी ए चैंपियन टीम अभी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर है और शीर्ष पर चल रहे इंटर मिलान से 14 अंक पीछे है जिसने जिनोआ को 2-0 से हराया।



### चंडीगढ़ मैराथन में 3500 धावकों ने भाग लिया

**चंडीगढ़।** इथियोपिया के ओल्बाना एन येडेट और मेस्केरेम तेस्फाये फिकाडू ने चंडीगढ इंटरनेशनल मैराथन में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में फुल मैराथन जीती जबकि 3500 धावकों ने इसमें भाग लिया। हाफ मैराथन (21 किमी) में भारत के हरमनजोत सिंह और इथियोपिया की टीसेहे डेसालेन ने क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग में खिताब जीते।



## सेमाफाइनल में भारत का मुकाबला पांच मार्च को इंग्लैंड से

# 'संकटमोचक' संजू की पारी के दम पर वेस्टइंडीज को हराकर भारत सेफा में

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

संजू सैमसन ने 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए नाबाद 97 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 'क्वार्टर फाइनल' की तरह रहे टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां पांच मार्च को उसका सामना इंग्लैंड से होगा।

- सुपर आठ मुकाबले में इंडीज को पांच विकेट से दी शिकस्त

दूसरे सेमीफाइनल में चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 194 रन बनाए। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारत के फॉर्म में चल रहे सभी बल्लेबाज नाकाम रहे लेकिन संजू ने संभवतः अपने कैरियर की सबसे यादगार पारी खेलकर वेस्टइंडीज के जीत के अश्वमेधी अभियान में नकेल कसी। अभिषेक शर्मा ( 11 गेंद में 10 रन) एक बार फिर न सिर्फ बल्ले से नाकाम रहे बल्कि उन्होंने दो कैच भी टपकाये जबकि ईशान किशन भी दस रन बनाकर आउट हो गए।





संजू : 97 रन, 50 गेंद 12 चौके, 4 छक्के

### टीम ने संजू का किया अभिवादन

*इसके साथ ही इस मैदान पर 2016 टी20 विश्व कप जीतने वाली कैरेबियाई टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। जीत के बाद स्टैंड से ' मां तुझे सलाम' और 'चक दे इंडिया' जैसे गानों के बीच सैमसन घुटने के बल बैठे, हेलमेट उतारा और ईश्वर को याद किया। भारतीय टीम ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। संजू ने तीसरे विकेट के लिये सूर्यकुमार के साथ 58 रन की साझेदारी की। इसके बाद तिलक के साथ 26 गेंद में 42 रन जोड़े।*
*कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंद में 18 और तिलक वर्मा ने 15 गेंद में 27 रन बनाए। वहीं हार्दिक पंड्या 14 गेंद में 17 रन ही बना सके। वहीं संजू ने 50 गेंद की पारी में 12 चौके और चार छक्के लगाए।*

### खास बातें

- वेस्ट इंडीज ने पहले खेलते हुए चार विकेट पर 195 रन बनाए
- दूसरा सेमीफाइनल चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड से
- भारत के फॉर्म में चल रहे सभी बल्लेबाज नाकाम रहे

### इंडीज की शुरूआत अच्छी रही

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 195 रन बनाए। रोस्टन चेस ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 25 गेंद में 40 रन बनाये। उन्होंने शाइ होप के साथ पहले विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की। होप ने 33 गेंद में 32 रन बनाये। दोनों ने अच्छी शुरूआत करते भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। भारत ने हालांकि 12वें ओवर में वापसी की जब जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाये।

### पॉवेल व जैसन ने आक्रमक बल्लेबाजी की

इसके बाद हालांकि रोवमैन पॉवेल और जैसन होल्डर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पांचवें विकेट के लिये सिर्फ 35 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की। पॉवेल ने 19 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 34 रन बनाये जबकि होल्डर ने 22 गेंद में 37 रन बनाये जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला क्लीन स्वीप की

# हीली ने शतक से वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| होबार्ट



कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे।

### राणा ने छटके दो विकेट

भारत के लिए स्नेह राणा (66 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट लिए। श्री चरणी (106 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट चटकाए लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में 100 से अधिक रन लुटाने वाली सिर्फ तीसरी गेंदबाज बनीं। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

### मंधाना खाता भी नहीं खोल पाई

उप कप्तान और फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना खाता भी नहीं खेल सकीं और दूसरे ओवर में आउट होने वाली पहली खिलाड़ी रहीं। जिसके बाद प्रतिका रावल (27) और जेमिमा रोड्रिग्स ( 42) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े। लेकिन आठवें ओवर में प्रतिका के आउट होने के बाद मुश्किलें बढ़ गईं।

## जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते 153 रन का स्कोर खड़ा किया

# साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 में लगाई जीत की हैट्रिक जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया, ग्रुप-1 की टॉपर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 के अपने आखिरी सुपर-8 मैच में साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका की टीम सुपर-8 के पहले ग्रुप में तीनों मैच जीतकर 6 अंकों के साथ टेबल टॉपर बनी है। दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 153 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 17.5 ओवर में 154 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका की किस टीम से टक्कर होगी ये भी तय हो गया है। साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल में ग्रुप-2 में दूसरे स्थान पर रहने वाली न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच पहला सेमीफाइनल मैच 4 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

हालांकि, मिडिल ऑर्डर में डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में 42 रनों की पारी खेलकर बाजी को पलट दिया। अपनी इस पारी में ब्रेविस ने 4 छक्के और 2 चौके भी लगाए, इसके अलावा साउथ अफ्रीका के लिए रायन रिकेल्टन ने 31 और



जॉर्ड लिंडे की नाबाद 30 रनों की पारी भी उपयोगी रही। वहीं डेविड मिलर ने 22 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 रनों का योगदान दिया।

### जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा ने किया कमाल

साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कमाल का प्रदर्शन किया। रजा ने सबसे पहले बल्लेबाजी में 43 गेंद में 73 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 4 छक्के भी लगाए। बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी उन्होंने टीम के लिए मोर्चा संभाला। सिकंदर रजा ने गेंदबाजी में जिम्बाब्वे के लिए 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। यही वजह है कि हारे मैच में भी सिकंदर रजा प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजे गए।

## पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरा वनडे रद्द

एजेंसी ▶▶| कराची



पाकिस्तान शाहीन्स और इंग्लैंड लायंस के बीच चल रही सीरीज का दूसरा वनडे मैच शनिवार को अबुधाबी में इलाके में मौजूदा सुरक्षा हालात की वजह से रद्द कर दिया गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि आज खेला जाने वाला मैच रद्द कर दिया गया है और सभी खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को एहतियात के तौर पर अपने होटल में अंदर रहने का निर्देश दिया गया है। अबुधाबी में बिगड़ते हालात को देखते हुए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की सलाह के बाद यह फैसला लिया गया। अधिकारी ने कहा, ''कोई अभ्यास सत्र भी नहीं होगा और टीम को अंदर रहने की सलाह दी गई है।'' उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। पीसीबी और ईसीबी लगातार संपर्क में है और हालात पर करीब से नजर रखे हुए हैं।

## चेक गणराज्य के डेविड नवारा को बराबरी पर रोका

# गुकेश को प्राग शतरंज महोत्सव में नवारा ने बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| प्राग (चेक गणराज्य)

विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोका। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। 10 खिलाड़ियों की प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं।

- भारत के गुकेश को अभी पहली जीत का इंतजार



जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं। प्रतियोगिता में अब जब पांच दौर का खेल बाकी है तब वान फोरेस्ट तीन अंक के साथ शीर्ष पर हैं।

### दिव्या के डेढ़ अंक

*अब्दुसत्तोरोव और नवारा के ढाई अंक हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे याकुबोएव, केमर और गुइजारो हैं। चिदंबरम, गुकेश, नीमैन और माघसूदलू के डेढ़ अंक हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने शीर्ष पर चल रही चेक गणराज्य की वेनक्लाव फिनेक को बराबरी पर रोका जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने मेजबान देश के स्टीफन हर्बेक से ड्रॉ खेला। दिव्या के डेढ़ जबकि गांगुली का एक अंक है। फिनेक के तीन अंक हैं।*

## टीम पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रही : आगा

# हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए: पाक कप्तान

एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल (श्रीलंका)

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। लेकिन यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है।



### टूर्नामेंट में दबाव ज्यादा होता है

आगा ने कहा, ''और यही बात मैंने उनसे कही, जब हम दबाव में हों तो हमें बेहतर फैसले लेने होंगे। क्योंकि असल में आप दबाव में गलतियां करते हैं। और आईसीसी टूर्नामेंट में, दबाव ज्यादा होता है क्योंकि आप दुनिया की सबसे अच्छी टीमों के खिलाफ खेल रहे होते हैं।''

### गेंदबाजी बेहतर पर क्रियान्वयन में चूके

आगा ने कहा, ''हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। ''पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली।

### हार के लिए हम जिम्मेदार थे

कप्तान ने कहा, ''हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे।




# महिला दिवस पर नारी प्रतिभा का उत्सव बना मेरी उड़ान मेरी पहचान सीजन 9

## मानस भवन में संस्कार सुधा फाउंडेशन का आयोजन, महापौर मालती राय और एडीजी रश्मि अग्रवाल हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कार सुधा फाउंडेशन द्वारा 1 मार्च को मानस भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम मेरी उड़ान मेरी पहचान सीजन 9 का सफलतम आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महापौर मालती राय ने की, साथ ही एडीजी रश्मि अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में आईं।

कार्यक्रम में पारंपरिक वेशभूषा में रैंप वॉक के साथ-साथ सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें हरिभूमि समाचार पत्र की वरिष्ठ पत्रकार मधुरिमा राजपाल को स्व मीना सिंह चौहान स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया, साथ ही शुभम चौहान को स्व सुरेंद्र देव सम्मान से सम्मानित किया गया।

40 से अधिक मॉडल्स ने रैंप पर बिखेरा अदाओं का जलवा

### मेकअप आर्टिस्ट ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया


मेरी उड़ान मेरी पहचान सीजन 9 में पारंपरिक वेशभूषा में रैंप वॉक करने पहुंची मॉडल्स।

पारंपरिक वेशभूषा में करीब40 से अधिक मॉडल एवं मेकअप आर्टिस्ट ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें मॉडल की ग्रूमिंग संस्था के उपाध्यक्ष रविंद्र माथुर एवं जसप्रीत कौर ने की। साथ ही 15 विभूतियां को मध्य प्रदेश गौरव राज्य अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।

### हरिभूमि की वरिष्ठ पत्रकार मधुरिमा राजपाल को सम्मान


संस्कार सुधा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हरिभूमि समाचार पत्र की वरिष्ठ पत्रकार मधुरिमा राजपाल को स्व. मीना सिंह चौहान स्मृति सम्मान से सम्मानित करतीं महापौर मालती राय व अन्य।

### 15 मिनट की नृत्य नाटिका में दर्शाई संपूर्ण रामायण

कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गणेश वंदना से शुरुआत हुई। इसके बाद 15 मिनट की नृत्य नाटिका में संपूर्ण रामायण का मंचन किया गया। साथ ही संस्कार सुधा यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष यशस्वी अग्रवाल द्वारा आगामी महीनो में लगभग 200 बहनों को रोजगार देने की योजना के बारे मे बताया।



## गांधी भवन परिसर में किया नाटक का मंचन

# नवीन नृत्य नाटिका अनंत ज्योति 'स्वयंभू' का प्रभावशाली मंचन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्था की नवीन नृत्य नाटिका अनंत ज्योति (स्वयंभू) का प्रभावशाली मंचन गांधी भवन परिसर में किया गया। यह नृत्य नाटिका शिव पुराण में वर्णित भगवान शिव के स्वयं प्रकट होने की पौराणिक कथा पर आधारित है। कथा के अनुसार भगवान शिव अजन्मा हैं,जिनका न आदि है और न ही अंत। वे स्वयंभू, अनादि और अनंत चेतना के प्रतीक हैं।

### प्रस्तुति में शिव के दिव्य स्वरूप को अभिव्यक्त किया


गांधी भवन परिसर में नृत्य नाटिका मंचन करते कलाकार।

प्रस्तुति में शिव के दिव्य स्वरूप और उनकी निराकार सत्ता को भावपूर्ण नृत्य, संगीत और अभिनय के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया। नृत्य नाटिका में 'नमामि शमीशान निर्वाण रूपं और शम्भू सदाशिव जैसी शिव स्तुतियों का प्रभावी प्रयोग किया गया, जिसने वातावरण को भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया।कलाकारों ने सशक्त अभिव्यक्ति और समन्वित समूह प्रस्तुति से दर्शकों को शिव की अनंत ज्योति और ब्रह्मांडीय स्वरूप का सजीव अनुभव कराया।


शिव के विशेष स्वरूप को दर्शाते हुए।

# 3 घंटे तक गूंजती रही कविताओं की जुगलबंदी

76वीं पोएट्स वॉक में जुटे 25 से अधिक कवि


सैर सपाटा के समीप झील किनारे फोटो सेशन कराते कविता प्रेमी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार 76वीं पोएट्स वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के पच्चीस से अधिक कवि एवं कविता प्रेमी शामिल हुए। वर्ष 2021 में शुरू हुई इस नियमित साहित्यिक श्रृंखला के अंतर्गत कवि प्राकृतिक स्थलों पर एकत्र होकर कविता पाठ करते हैं। इस बार सभी प्रतिभागी वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के चीकू द्वार के बाहर एकत्र हुए और सैर करते हुए सैर सपाटा के समीप झील किनारे पहुंचे, जहां काव्य गोष्ठी का सिलसिला शुरू हुआ।

कार्यक्रम का संचालन कवि निशांत ने किया। उन्होंने पोएट्स वॉक की परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए सभी का स्वागत किया। शायर अभय शुक्ला की ग़ज़लों से औपचारिक शुरुआत हुई। अमित गाँगिल, शमिला खान, देवेंद्र प्रजापत और सीता सिन्हा ने क्रमशः ग़ज़ल, नज़्म और हिंदी कविताओं का पाठ कर श्रोताओं की सराहना पाई। सीता सिन्हा ने अपनी 1979 की डायरी से रचनाएं पढ़ीं, जिसने भावनात्मक वातावरण बना दिया।

देवेंद्र जेठवानी और अनवर मोहम्मद ने हास्य रचनाओं से माहौल को हल्का किया, वहीं रिटायर्ड आर्मी डॉक्टर बलिराज ने भोपाल पर आधारित हास्य-प्रेम कविता प्रस्तुत की। अनुपम शर्मा और सुंदर वीर ने प्रेम और संवेदनाओं से भरपूर रचनाएं सुनाईं। छतनारा की निदेशिका मोहिनी शर्मा ने कवि विष्णु खरे की कविताएं सुनाते हुए युवाओं को पठन-पाठन के लिए प्रेरित किया।


आईआईएफएम भोपाल के दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करती विद्यार्थी।

# आईआईएफएम भोपाल के दीक्षांत समारोह में वितरित की डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईआईएफएम भोपाल में 15वां दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीक्षांत समारोह में संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के सफल विद्यार्थियों को डिग्री और मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथियों के अलावा संस्थान के निदेशक, प्राध्यापकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

'सोलो सागा 4.0' का शुभारंभ

# कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दिवसीय एकल नाट्य समारोह 'सोलो सागा 4.0' का आयोजन रविवार को संस्कार भारती में किया गया। इस राष्ट्रीय सोलो थिएटर फेस्टिवल का उद्देश्य एकल अभिनय की समृद्ध परंपरा को मंच प्रदान करना और कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना है।

समारोह के पहले दिन नाटक बैक लेन का मंचन किया गया। स्कंद मिश्रा द्वारा निर्देशित यह नाटक हास्य से भरपूर होने के साथ-साथ एक सशक्त सामाजिक संदेश भी देता है। नाटक की कहानी एक पात्र 'फज्जू' के माध्यम से देश में तेजी से उभर रहे मध्यवर्गीय समाज की मानसिकता और संघर्ष को प्रस्तुत करती है। इस एकल प्रस्तुति में प्रभावशाली अभिनय प्रयाग साहू ने किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

पहले दिन नाटक बैक लेन का मंचन किया

*महोत्सव का उद्देश्य एकल अभिनय की कला को प्रोत्साहित करना*




संस्था के अध्यक्ष अपूर्व दत्त मिश्रा ने बताया कि यह समारोह पिछले तीन वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और 'सोलो सागा 4.0' इसका चतुर्थ संस्करण है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य एकल अभिनय की कला को प्रोत्साहित करना और नए कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना है।




देश-विदेश से जुटे पूर्व छात्र

# 40 वर्ष बाद मैनिट 1986 बैच का गौरवपूर्ण पुनर्मिलन भोपाल में जीवंत

## पुलिस महानिदेशक मकवाणा हुए कार्यक्रम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान मैनिट, भोपाल के वर्ष 1986 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं का 40 वर्ष बाद आयोजित भव्य पुनर्मिलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चार दशक बाद हुए इस मिलन समारोह ने न केवल पुराने साथियों को पुनः एक मंच पर लाया, बल्कि छात्र जीवन की स्मृतियों, संघर्षों और उपलब्धियों को भी फिर से जीवंत कर दिया। इस विशेष अवसर पर मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा अपने सहपाठियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे और लंबे अंतराल के बाद हुए इस मिलन को भावनात्मक एवं प्रेरणादायी अनुभव बताया। कार्यक्रम में गुजरात कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कमल दयानी सहित देश एवं विदेश में प्रशासन, उद्योग, तकनीक, शिक्षा, प्रबंधन तथा निजी क्षेत्र में उच्च पदों पर कार्यरत अनेक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र शामिल हुए।

### अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, हांगकांग एवं अन्य देशों से आए एलुमनाई

रीयूनियन में भोपाल सहित देश के विभिन्न राज्यों के साथ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, हांगकांग एवं अन्य देशों से आए एलुमनाई ने सहभागिता कर आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया।


कार्यक्रम के दौरान चर्चा करते पूर्व विद्यार्थी।

### कैंपस और हॉस्टल विज़िट ने लौटाए सुनहरे दिन

पूर्व छात्रों ने मैनिट परिसर का भ्रमण कर अपने विभागों, कक्षाओं और हॉस्टलों का दौरा किया। कई प्रतिभागी दशकों बाद अपने पुराने कमरों और हॉस्टल गलियारों में पहुँचे, जहाँ छात्र जीवन की स्मृतियाँ स्वतः ही ताज़ा हो उठीं। इस अवसर पर संस्थान परिसर में सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930